हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • बुधवार • 23.07.2025 • वर्ष : 16 • अंक : 2 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

# उपराष्ट्रपति के इस्तीफे पर सियासी संग्राम

## जगदीप धनखड़ का इस्तीफा स्वीकार, प्रधानमंत्री ने की उत्तम स्वास्थ्य की कामना

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का अपने पद से दिया गया इस्तीफा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वीकार कर लिया है। वहीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनकी भूमिका को रेखांकित किया है। गृह मंत्रालय ने संविधान के अनुच्छेद 67ए के तहत अधिसूचना जारी कर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे की सूचना दी है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को एक्स पोस्ट में कहा, जगदीप धनखड़ जी को भारत के उपराष्ट्रपति सहित कई भूमिकाओं में देश की सेवा करने का अवसर मिला है। मैं उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता हूं। उल्लेखनीय है कि संसद के मानसून सत्र की शुरूआत में ही उपराष्ट्रपति का इस्तीफा सबके लिए आश्चर्य की तरह था। उनके इस्तीफे के बाद नए उपराष्ट्रपति को लेकर अटकलें शुरू हो गई हैं।



### कांग्रेस ने उठाए गंभीर सवाल

कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि उपराष्ट्रपति पद से जगदीप धनखड़ ने इस्तीफा क्यों दिया। मुख्य विपक्षी दल ने यह भी कहा कि धनखड़ के इस्तीफा देने के पीछे उनके द्वारा बताए गए स्वास्थ्य कारणों के अलावा कोई और अधिक गहरे कारण हैं। धनखड़ ने सोमवार देर शाम स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेजे अपने त्यागपत्र में धनखड़ ने कहा था कि वह 'स्वास्थ्य देखभाल को प्राथमिकता देने' के लिए तत्काल प्रभाव से पद छोड़ रहे हैं। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि उप राष्ट्रपति ने इस्तीफा क्यों दिया। उनका कहना था, मैंने उपराष्ट्रपति का त्यागपत्र देखा है। उन्होंने सरकार का आभार जताया है। लेकिन सरकार ने कोई टिप्पणी नहीं की। सरकार को कम से कम उनका धन्यवाद करना चाहिए था। वह इसके हकदार हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, कल जगदीप धनखड़ ने अपराह्न साढ़े 12 बजे राज्यसभा की कार्य मंत्रणा समिति की अध्यक्षता की। इसमें सदन के नेता जे पी नड्डा और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू सहित अधिकतर सदस्य उपस्थित थे। कुछ चर्चा के बाद, कार्य मंत्रणा समिति ने शाम साढ़े चार बजे पुनः बैठक करने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा, शाम साढ़े चार बजे कार्य मंत्रणा समिति जगदीप धनखड़ की अध्यक्षता में पुनः एकत्रित हुई। बैठक में नड्डा और रीजीजू के आने का इंतजार हो रहा था। वे नहीं आए।

कांग्रेस नेता ने दावा किया कि धनखड़ को व्यक्तिगत रूप से यह सूचित नहीं किया गया था कि दोनों वरिष्ठ मंत्री बैठक में शामिल नहीं हो रहे और धनखड़ को इसका बुरा लगा तथा फिर उन्होंने कार्य मंत्रणा समिति की बैठक मंगलवार दोपहर एक बजे के लिए पुनर्निर्धारित कर दी। रमेश ने दावा किया कि सोमवार अपराह्न एक बजे से शाम साढ़े चार बजे के बीच कुछ बहुत गंभीर घटना हुई जिसके कारण नड्डा और रीजीजू दूसरी कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में जानबूझकर अनुपस्थित रहे। उन्होंने कहा, बेहद चौंकाने वाला कदम उठाते हुए जगदीप धनखड़ ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने इसकी वजह अपनी सेहत को बताया है। हमें इसका मान रखना चाहिए लेकिन सच्चाई यह भी है कि इसके पीछे कुछ और गहरे कारण हैं। कांग्रेस महासचिव ने कहा, धनखड़ जी ने हमेशा 2014 के बाद के भारत की तारीफ की, लेकिन साथ ही किसानों के हितों के लिए खुलकर आवाज उठाई। उन्होंने सार्वजनिक जीवन में बढ़ते 'अहंकार' की आलोचना की और न्यायपालिका की जवाबदेही व संयम की जरूरत पर जोर दिया।

### मॉनसून सत्र : लोकसभा और राज्यसभा आज तक के लिए स्थगित

**नयी दिल्ली :** संसद के मॉनसून सत्र के दूसरे दिन भी हंगामे के कारण सदन कार्रवाई नहीं चल पाई। लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही मंगलवार को विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण बार-बार बाधित हुई और आखिरकार पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), पहलगाम हमले, ऑपरेशन सिंदूर और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे जैसे मुद्दों पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्षी दलों ने सदन में जमकर हंगामा किया। इस कारण कार्यवाही पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। सुबह 11 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू हुई, लेकिन विपक्षी सदस्यों ने नारेबाजी शुरू कर दी। हंगामे के कारण सदन को दो बार स्थगित करना पड़ा। पहले दोपहर 12 बजे तक और फिर दोपहर 2 बजे तक। आखिरकार, लगातार शोर-शराबे के बीच कार्यवाही बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। हंगामे की वजह से न तो शून्यकाल हुआ और न ही प्रश्नकाल। लोकसभा में संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजीजू ने कहा कि सरकार हर मसले पर चर्चा के लिए तैयार है। फिर भी आप हंगामा कर रहे हैं। आप सदन के भीतर प्लेकार्ड दिखा रहे हैं जो नियमों के खिलाफ है। हंगामा नहीं थमने पर लोकसभा की कार्यवाही भी कल तक के लिए स्थगित कर दी गई। एसआईआर विवाद पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि पहले महाराष्ट्र में वोटर लिस्ट में वोटर बढ़ाकर चुनाव की चोरी की गई। अब बिहार में वोटर के नाम काटकर यही करने की कोशिश की जा रही है। एसआईआर के नाम पर लागू की जा रही 'वोटबंदी' संविधान में दिए गए वोट के अधिकार को छीनने की साजिश है। इंडिया गठबंधन के नेताओं की बैठक में सरकार के सात मुद्दों पर जवाब मांगने का फैसला किया गया। इस बैठक में मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी मौजूद थे। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा कि पीएम मोदी की सदन में मौजूदगी में इन सवालों का जवाब दिया जाना चाहिए।

# स्वास्थ्य मेले का हुआ शुभारंभ : मंत्री इरफान ने 126 विशेषज्ञ चिकित्सकों को दिया नियुक्ति पत्र



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने मंगलवार को रांची के नामकुम स्थित आईपीएच प्रेक्षागृह में आयोजित समारोह में राज्य के विभिन्न जिलों के लिए संविदा आधारित चयनित 126 विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इन विशेषज्ञों की सेवा से ग्रामीण और सुदूर क्षेत्रों में स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

कुल मिलाकर कहें तो मंगलवार का दिन झारखंड के स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण रहा। राज्य के सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी को दूर करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया, जहां 126 नये विशेषज्ञ चिकित्सकों की अनुबंध पर नियुक्ति की गई है। नामकुम के आईपीएच ऑडिटोरियम में आयोजित एक समारोह के दौरान राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने इन नवचयनित चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र सौंपे और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

इन नियुक्त चिकित्सकों में सबसे अधिक 22 बाल रोग विशेषज्ञ शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 20 सामान्य सर्जन, 19 स्त्री रोग विशेषज्ञ, 17 एनेस्थेसिया विशेषज्ञ, 11 जनरल मेडिसिन डॉक्टर, 10 हड्डी रोग विशेषज्ञ, नौ नेत्र रोग विशेषज्ञ, पांच ईएनटी स्पेशलिस्ट, पांच मानसिक रोग विशेषज्ञ, चार रेडियोलॉजिस्ट और चार डमेटोलॉजिस्ट नियुक्त किए गए हैं। गौरतलब है कि स्वास्थ्य विभाग ने अनुबंध के आधार पर 219 विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति के लिए निविदा जारी की थी, परंतु केवल 126 चिकित्सकों ने ही इसमें रुचि दिखाई। नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले डॉक्टरों ने इस अवसर पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राज्य सरकार की इस नीति की सराहना की और इसे स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सकारात्मक पहल बताया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह (भा.प्र.से.) सहित अन्य अधिकारीगण और आमंत्रित अतिथि उपस्थित रहे। मंत्री अंसारी ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है और यह नियुक्ति उसी दिशा में एक बड़ा कदम है।इसी अवसर पर राज्य स्तर पर 22 से 28 जुलाई 2025 तक चलने वाले स्वास्थ्य मेला का शुभारंभ भी किया गया। इस मेले के माध्यम से लोगों को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं, परामर्श और जागरूकता शिविरों का लाभ मिलेगा।

कार्यक्रम के दौरान फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत प्रचार-प्रसार के लिए तैयार प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह वाहन पूरे राज्य में भ्रमण कर आमजन को फाइलेरिया के प्रति जागरूक करेगा।

## एक नजर

### नवनियुक्त चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान पहुंचे रांची, आज लेंगे सपथ

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट के नवनियुक्त चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान मंगलवार को रांची के भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचे। हाई कोर्ट के अधिकारियों ने एयरपोर्ट पर उनकी अगवानी की। इसके बाद वे होटल रेडिसन ब्लू के लिए रवाना हुए। यहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। झारखंड हाई कोर्ट के नवनियुक्त चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान 23 जुलाई की सुबह 10 बजे राजभवन में झारखंड हाई कोर्ट के नए चीफ जस्टिस पद की शपथ लेंगे। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। झारखंड स्टेट बार काउंसिल के उपाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला ने हाईकोर्ट के नवनियुक्त चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान को बधाई दी है। उन्होंने आशा जताई है कि जस्टिस तरलोक सिंह चौहान के कार्यकाल में झारखंड की न्यायपालिका और सुदृढ़ होगी और लोगों को त्वरित न्याय मिलेगा।

### चैतन्य बघेल 14 दिन की न्यायिक हिरासत में

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ शराब घोटाला में गिरफ्तार चैतन्य बघेल की मुश्किलें बढ़ गई है। पांच दिनों की ईडी रिमांड खत्म होने के बाद चैतन्य को ईडी ने रायपुर के विशेष कोर्ट में पेश किया। जहां से चैतन्य बघेल को 14 दिनों के ज्यूडिशियल रिमांड पर भेज दिया गया है। बचाव पक्ष के वकील फैजल रिजवी ने बताया रईडी ने तथ्यों को छिपाकर, असत्य चीजें और डॉक्यूमेंट्स कोर्ट में पेश किया। बिना सुनवाई के अवसर दिए, धारा 50 के पालन किए बिना और अपना पक्ष रखने के लिए समय दिए बिना ईडी ने कार्रवाई की है। चैतन्य बघेल को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

# मुंबई ट्रेन ब्लास्ट : बॉम्बे हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ एससी पहुंची महाराष्ट्र सरकार



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस के विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने मंगलवार को हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ सुनवाई के लिए तैयार हुए। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने हाई कोर्ट के 21 जुलाई के फैसले को चुनौती दी है। कोर्ट ने इस मामले में कहा, सुनवाई गुरुवार को होगी।

जस्टिस मेहता ने कहा, यह गंभीर मामला है। एसएलपी (विशेष अनुमति याचिका) तैयार है। मामला जरूरी है अब भी कुछ अहम पहलुओं पर गौर किया जाना बाकी है।

मुंबई हाई कोर्ट ने सोमवार को सभी 12 आरोपियों को यह कहते हुए बरी कर दिया कि अभियोजन पक्ष अपराध को साबित करने में पूरी तरह नाकाम रहा और यह विश्वास करना कठिन है कि आरोपियों ने अपराध किया है।

### कोर्ट के फैसले पर शिवसेना यूबीटी नेता ने महाराष्ट्र सरकार पर बोला हमला

2006 के मुंबई ट्रेन बम विस्फोटों के सिलसिले में बॉम्बे उच्च न्यायालय द्वारा सभी 12 लोगों को बरी किए जाने पर, शिवसेना (यूबीटी) सांसद अरविंद सावंत ने कहा, अभियोजक क्या कर रहे थे? विशेष अदालत ने सभी को सजा दी, लेकिन अब हाई कोर्ट ने यह कहते हुए फैसला पलट दिया है कि अभियोजक यह साबित नहीं कर पाए कि उन्होंने कोई अपराध किया था। यह राज्य सरकार की ओर से एक चूक है।

### 2006 में मुंबई में सिलसिलेवार धमाके में गई थी 180 से अधिक की जान

हाई कोर्ट का यह फैसला मुंबई पश्चिमी रेलवे नेटवर्क को हिला देने वाले आतंकवादी हमले के 19 साल बाद आया। इस हमले में 180 से अधिक लोगों की जान चली गई थी और कई अन्य लोग घायल हुए थे। 11 जुलाई को मुंबई में आतंकवादियों ने कई लोकल ट्रेनों पर धमाका किया था।

दो दिवसीय दौरे पर झारखंड आएंगी राष्ट्रपति, मुख्य सचिव ने की तैयारियों की समीक्षा, कहा-

# राष्ट्रपति के झारखंड प्रवास के पहले व्यवस्था चाक-चौबंद करें

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 31 जुलाई से 1 अगस्त तक दो दिवसीय दौरे पर देवघर, रांची और धनबाद पहुंच रही हैं। इस दौरान देवघर एम्स के पहले दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगी। वहीं धनबाद में आइआइटी (आइएसएम) के दीक्षांत समारोह में भी शामिल होंगी। उनके आगमन की तैयारियों को लेकर मंगलवार को मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में समीक्षा की गयी।




मुख्य सचिव अलका तिवारी ने संबंधित अधिकारियों को राष्ट्रपति के दौरे को लेकर हर छोटी-बड़ी व्यवस्था को समय रहते चाक-चौबंद कर लेने का निर्देश दिया। सावन माह में देवघर में श्रद्धालुओं के कांवरिया पथ को बिना बाधित किये राष्ट्रपति को एयरपोर्ट से एम्स तक ले जाने के लिए अलग मार्ग तय किया गया। बताते चलें कि इसके पहले 10-11 जून को राष्ट्रपति का झारखंड दौरा अपरिहार्य कारणों से स्थगित हो गया था। उस समय तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने उनके झारखंड प्रवास को यादगार बनाने पर बल दिया था। 31 जुलाई से 1 अगस्त तक राष्ट्रपति के दो दिवसीय दौरे की तैयारियों की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि पूर्व के दौरे के दौरान दिये गये निर्देश इस बार भी यथावत रहेंगे।

मुख्य सचिव ने राष्ट्रपति के आगमन से लेकर प्रस्थान तक की व्यवस्था तय करते हुए उसकी जवाबदेही संबंधित विभागों को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं अन्य व्यवस्था की निगरानी बतौर नोडल पदाधिकारी वाणिज्य कर विभाग के सचिव अमिताभ कौशल और आईजी अखिलेश कुमार झा करेंगे। पब्लिक एड्रेस सिस्टम की जवाबदेही सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की होगी। वहीं देवघर, धनबाद और रांची के उपायुक्तों ने समीक्षा के दौरान राष्ट्रपति के आगमन से लेकर प्रस्थान तक के कार्यक्रमों को पूरे प्रोटोकॉल के साथ संपन्न कराने का ब्लू प्रिंट साझा किया।


इसी तरह समीक्षा के दौरान मंच व्यवस्था के प्रारूप, राष्ट्रपति के प्रत्येक कार्यक्रम के लिए नोडल पदाधिकारी को नामित करना, देवघर, धनबाद और रांची में आगवानी और विदाई के दौरान उपस्थित रहनेवाले महानुभावों की सूची, एयरपोर्ट पर रेड कार्पेट और बुके की व्यवस्था, राष्ट्रीय गान की व्यवस्था, कारकेड की व्यवस्था, आउट राइडर्स की व्यवस्था, फोटोग्राफरों के लिए खुली जीप की व्यवस्था, बैगेज वैन एवं बैगेज कर्मी तथा छाता की व्यवस्था, देवघर एयरपोर्ट से एम्स तक पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था, ध्वनि विस्तारक यंत्र की व्यवस्था और मंच से संबोधित करनेवाले महानुभावों की सूची पर विस्तृत चर्चा के बाद जवाबदेही तय की गयी।

उसके अतिरिक्त समीक्षा के दौरान राष्ट्रपति के आगमन और प्रस्थान के दौरान उनके साथ आये लोगों के आवासन और भोजन की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर चिकित्सीय व्यवस्था, पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था, अग्निशमन की व्यवस्था आदि पर भी फोकस किया गया।

# भारत की सतत आर्थिक वृद्धि उसे वैश्विक स्थिरता का आधार बनाती है : नीति आयोग

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** नीति आयोग के वाइस चेयरमैन (वीसी) सुमन बेरी ने कहा कि भारत की सतत आर्थिक वृद्धि उसे विश्व के लिए 'स्थिरता का आधार' बनाती है। विश्व को ऐसे नए इंजन और विकास मॉडल की आवश्यकता है जिन्हें बढ़ाया एवं साझा किया जा सके और भारत ये तीनों चीजें देने के लिए तैयार है।




बेरी ने सोमवार को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में सतत विकास लक्ष्यों के लिए उच्च स्तरीय राजनीतिक मंच के मंत्रिस्तरीय सत्र को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि विश्व महत्वपूर्ण आर्थिक बदलावों और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है जिससे सतत विकास लक्ष्यों पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय का सामूहिक कार्य पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है।

बेरी ने कहा, दुनिया को स्थिरता के आधार, विकास के नए इंजन और ऐसे विकास मॉडल की जरूरत है जिन्हें बढ़ाया और साझा किया जा सके। भारत अपनी अनूठी ताकत एवं अनुभव के साथ ये तीनों चीजें मुहैया कराने को तैयार और इच्छुक है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत की सतत आर्थिक वृद्धि उसे वैश्विक समुदाय के लिए 'स्थिरता का आधार' बनाती है तथा यह इस बात का उदाहरण है कि क्या संभव है।

बेरी ने कहा कि इस परिवर्तनशील युग में, भारत एक जीवंत लोकतंत्र के रूप में उभर रहा है जिसके सामाजिक-आर्थिक संकेतक लगातार बेहतर हो रहे हैं जो समावेशी डिजिटल प्रौद्योगिकियों, सैद्धांतिक सुधारों और समाज के सभी वर्गों को सशक्त बनाने पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि भारत 'ग्लोबल साउथ' में बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है। 'ग्लोबल साउथ' से तात्पर्य विकासशील या कम विकसित देशों से है।

बेरी ने कहा, पैमाने, गति और स्थिरता से चिह्नित भारत की विकास यात्रा अन्य विकासशील देशों के लिए एक विश्वसनीय एवं अनुकरणीय मार्ग प्रदान करती है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के मंच से अंतरराष्ट्रीय समुदाय को संबोधित करते हुए बेरी ने कहा कि अनुमान है कि 2013-14 और 2022-23 के बीच के दशक में 24.8 करोड़ भारतीय गरीबी रेखा से बाहर निकल आए हैं। आज भारत दुनिया में नए पेशेवर युवाओं के सबसे बड़े समूह का गढ़ है और देश यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि उनका भविष्य उज्ज्वल हो। बेरी ने कहा, भारत की विकास यात्रा यह दर्शाती है कि समावेश एवं सतत विकास दोनों संभव हैं और इन्हें बड़े पैमाने पर लागू किए जा सकते हैं। भारत ने विकासशील देशों में रियायती वित्त, प्रौद्योगिकी साझेदारी एवं क्षमता निर्माण सहायता प्रदान की है जिसमें सौर ऊर्जा अवसंरचना व डिजिटल प्रबंधन उपकरण शामिल हैं।

# खगड़िया में चार बच्चों की डूबने से मौत एसडीआरएफ ने शव किया बरामद

एजेंसी

**पटना :** बिहार के खगड़िया जिले के चौथम थाना क्षेत्र अन्तर्गत कंकड़ कुड़िया बहियार में एक ही परिवार के 4 बच्चों की डूबने से मौत हो गयी। ये सभी बच्चे सोमवार को पानी भरे गड्ढे में नहाने गये हुए थे। इसी दौरान चारों बच्चे गहरे पानी में डूब गये। एसडीआरएफ की टीम लापता बच्चों की तलाश में जुटी थी। एसडीआरएफ ने मंगलवार को काफी मशक्कत के बाद चारों बच्चों के शव को बरामद कर लिया।

बच्चों का शव मिलने से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतकों में 12 साल का गोलू कुमार, 9 साल का कर्ण कुमार दोनों सगे भाई थे। वहीं दो अन्य शव 11 साल की अंशु कुमारी और 10 साल की अन्नू कुमारी का है। ये दोनों भी सगी बहन थीं। चारों बच्चे चचेरे भाई बहन थे। पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

गौरतलब है कि सोमवार को चारों बच्चे अपने घर से स्कूल जाने के लिए एक साथ निकले थे। लेकिन स्कूल पहुंचने से पहले रास्ते में भरे पानी के गड्ढे में नहाने लगे। इसी दौरान चारों गहरे पानी में डूब गये। कल सभी बच्चों का कपड़े गड्ढे के किनारे पड़े मिले थे। इसके बाद इन बच्चों की वहां पर काफी खोजबीन की गई। लेकिन कल किसी का कुछ पता नहीं मिल पाया था। लेकिन आज चारों बच्चों का शव एसडीआरएफ ने बरामद कर लिया है। इस घटना से गांव में मातम का माहौल है।

## एक नजर

### पूरा झारखंड गुरुजी की कुशलता के लिए प्रार्थना कर रहा है : शेफाली गुप्ता



**हजारीबाग** : ओम आरोहणम संस्था की संस्थापिका, सदस्य दिशा (भारत सरकार), लायंस क्लब की अध्यक्ष सह भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने दिल्ली स्थित सर गंगाराम अस्पताल पहुँची। जहां झारखंड के आदिवासी समाज के पथप्रदर्शक एवं वरिष्ठ नेता दिशोम गुरु शिबू सोरेन इलाजरत हैं। उन्होंने गुरुजी के स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री सह उनके सुपुत्र हेमंत सोरेन से भी मुलाकात कर गुरुजी की स्थिति पर विस्तृत जानकारी ली। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने कहा दिशोम गुरु शिबू सोरेन हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की मैं ईश्वर से प्रार्थना करती हूँ। पूरा झारखंड उनकी कुशलता के लिए चिंतित है और प्रार्थना कर रहा है।

### विभावि के कुलपति ने परिसर का किया औचक निरीक्षण

**हजारीबाग** : विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर चंद्र भूषण शर्मा ने मंगलवार को मल्टीपरपज इनडोर स्टेडियम भवन तथा जेसी बोस विज्ञान भवन दो का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद कुलपति ने बताया कि वह इस बात से हैरान है कि विश्वविद्यालय में इतनी सारी संरचनाएं आदि हैं लेकिन उनका उपयोग नहीं हो रहा है। रइन सारे संरचनाओं का उपयोग विश्वविद्यालय हित और खासकर छात्र हित में कैसे किया जाए, इसी को तलाशने के लिए मैं स्वयं निरीक्षण कर रहा हूं। ज्ञात हो कि विश्वविद्यालय के द्वितीय चक्र के नैक मूल्यांकन के समय पांच सदस्य पीयर टीम ने तीन दिनों के निरीक्षण के अंत में एग्जिट मीटिंग के समय इस बात को स्पष्ट कहा था कि विश्वविद्यालय के पास लगभग सारी आवश्यक संरचनाएं तथा संसाधन हैं परंतु उनका उपयोग नहीं हो रहा है। दुर्भाग्य से उसके बाद भी इस दिशा में कोई ठोस पहल विश्वविद्यालय की ओर से नहीं हो पाया था। कुलपति के रूप में पदभार ग्रहण करने के बाद से ही प्रोफेसर चंद्र भूषण शर्मा इस दिशा में पहल कर रहे थे। परिसर में बंद पड़े छात्रावासों का निरीक्षण से उन्होंने अपना निरीक्षण कार्य प्रारंभ किया था।

### एनटीपीसी ने चलाया कीटनाशक छिड़काव अभियान

**केरेडारी** : मंगलवार को एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना द्वारा अपने सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) प्रयासों के अंतर्गत झारखंड की वंचित बिरहोर जनजाति समुदाय के लिए एक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। मानसून के मध्य बढ़ते मच्छर जनित रोगों जैसे डेंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया से सुरक्षा के उद्देश्य से कीटनाशक एवं मच्छर रोधी दवाओं का छिड़काव किया गया। बिरहोर समुदाय, जो जंगलों में निवास करती है और पारंपरिक जीवनशैली पर निर्भर है, आधुनिक चिकित्सा व स्वच्छता संसाधनों से अक्सर वंचित रहती है। इस पहल का उद्देश्य न केवल उन्हें बीमारियों से बचाव देना है, बल्कि जागरूकता भी फैलाना है। हमारी संस्था समाज के हर वर्ग तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है और यह अभियान उसी दिशा में एक ठोस कदम है। आने वाले समय में भी ऐसे प्रयास जारी रहेंगे।

# जनविकास योजनाओं में धांधली के खिलाफ भाकपा माले ने किया प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : बिष्णुगढ़ प्रखंड मुख्यालय परिसर में भाकपा माले बिष्णुगढ़ प्रखंड कमेटी की ओर से एकदिवसीय धरना दिया गया। धरना के अन्त में बिष्णुगढ़ प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार को स्मार पत्र महामहिम राज्यपाल झारखंड सरकार को पत्र भी दिया जिसमें प्रखंड के विभिन्न पंचायतों सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुषों ने भाग लेकर अपनी मांगों का जोरदार समर्थन किया। धरना में मुख्य मांगों के आधार पर कहा गया कि हजारीबाग जिले से 50 किलोमीटर की दूरी में स्थित बिष्णुगढ़ प्रखंड की जनता के समस्या को रोजगार की विकराल समस्या मुहॅबाए खड़ी है पारिवारिक खर्च एवं जीविकोपार्जन के लिए देश-विदेश के विभिन्न शहरों में रोजगार की तलाश में पलायन करना पड़ता है वहां उनकी मृत्यु हो जाती है तथा कंपनियों के द्वारा मजदूरों को बंधक बनाया जाता है इनकी शुद्ध लेने वाला कोई नहीं है प्रखंड मुख्यालय के द्वारा संचालित होने वाले सभी कल्याणकारी योजनाएं व विकास कार्यों में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण जनता का कार्य नहीं हो पाता है यहां तक की सरकार के घोषणा के बावजूद भी गैर मजरूआ जमीन का बंद पड़ा रसीद काटा नहीं जा रहा है तथा दाखिल खारिज एवं ऑनलाइन रसीद कटवाने के लिए पदाधिकारी की ओर से मोटी रकम की मांग की जाती है जाति आय जन्म मृत्यु प्रमाण पत्रों के लिए भी रिश्वत मांगे जाते हैं इस बुनियादी वह ज्वलंत समस्याओं में मांग किया गया कि बिष्णुगढ़ प्रखंड को अनुमंडल का पुर्ण दर्जा प्रदान किया जाए जबकि फिलहाल बिष्णुगढ़ को पुलिस अनुमंडल बनाया गया है, अतिवृष्टि के कारण प्रखंड के किसानों का भदई फसल मक्का, मड़ूवा, उरद ,अरहर नहीं लग पाया बिष्णुगढ़ सहित जिले के सभी किसानों का क्षतिपूर्ति भुगतान करने की व्यवस्था की जाए। प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार पर रोक लगाते हुए भ्रष्ट पदाधिकारी पर विभागीय कार्रवाई किया जाए। प्रखंड के सभी किसानों को जोत आबाद कर रहे गैर मजरूआ भूमि का रसीद पंचायत में कैंप लगाकर काटने की व्यवस्था किया जाए। तथा छूटे हुए किसानों के खतियान का ऑनलाइन कराई जाए , अति वृष्टि के कारण जिन गरीबों का कच्चा मकान गिर गया है उन्हें चिन्हित कर अबुआ आवास दिया जाए , प्रखंड की जनता का राशन कार्ड में नाम जोड़ने की व्यवस्था सरल बनाया जाए और छुटे हुए लोगों को राशन कार्ड में नाम जोड़ा जाए । कल्याणकारी योजना के तहत प्रखंड के छूटे हुए बृधा ,विधवा , विकलांगों को पेंशन दिया जाए तथा 18 वर्ष से 50 वर्ष की सभी महिलाओं को मैया सम्मान राशि का भुगतान किया जाए। कोनार डैम डीवीसी के द्वारा उठाए गए 27 गांव के किसानों को पुनर्वास मुआवजा नौकरी का भुगतान किया जाए तथा अधिग्रहण से बाहर किसनों की भूमि वापस करने तथा विस्थापित आदिवासी किसानों के ऊपर किया जा रहे झूठे मुकदमे वापस लिया जाए । प्रखंड में बिजली के आंख मिचोली पर रोक लगाने के लिए बिजली व्यवस्था सुदृढ़ किया जाए, तथा पीने की पानी की समुचित व्यवस्था की जाए। प्रखंड के जॉब कार्ड धारी को 300 दिन का रोजगार की व्यवस्था मनरेगा के तहत उपलब्ध कराया जाए प्रतिदिन मजदूरी दर 600 का भुगतान किया जाए।

## सदर प्रखंड में विकास कार्यों की जांच-पड़ताल उप विकास आयुक्त ने दिए सख्त निर्देश



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद द्वारा सदर प्रखंड के विभिन्न योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा के तहत संचालित योजनाएं, आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति, लक्षित जन वितरण प्रणाली की दुकानों तथा स्थानीय विद्यालयों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त ने आवास निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने, मनरेगा कार्यों को समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से निष्पादित करने तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को समुचित पोषण उपलब्ध कराने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जन वितरण प्रणाली की दुकानों में खाद्यान्न वितरण की नियमितता एवं पारदर्शिता की जांच की गई तथा विद्यालयों में पठन-पाठन की व्यवस्था का भी अवलोकन किया गया। इसके उपरांत प्रखंड सभागार में सभी विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई, जिसमें उप विकास आयुक्त ने योजनाओं के अद्यतन प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागीय पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जमीनी स्तर पर योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु सतत निगरानी रखें और आम जनता को योजनाओं का लाभ त्वरित एवं निष्पक्ष रूप से सुनिश्चित करें। उप विकास आयुक्त ने कहा कि प्रशासनिक स्तर से समय-समय पर इस प्रकार के निरीक्षण और समीक्षा बैठकें जारी रहेंगी ताकि जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

## निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर शराब बिक्री पर होगी कार्रवाई : उपायुक्त




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के निदेर्शानुसार पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी वैद्यनाथ कामती द्वारा हजारीबाग शहरी क्षेत्र में संचालित विभिन्न खुदरा उत्पाद दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण प्रिंट रेट से अधिक मूल्य पर शराब बिक्री की शिकायतों के आलोक में किया गया। निरीक्षण के क्रम में दुकानों की बिक्री बिल तथा ग्राहको से रेट संबंधी ओपिनियन भी लिया गया। उपायुक्त ने अनुज्ञप्ति प्राप्त खुदरा दुकानों के संचालकों को स्पष्ट रूप से कहा कि निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर शराब बेचने की पुष्टि होती है, तो प्रवर्तनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान बस स्टैंड, झिंझरिया पुल,मटवारी एवं हीराबाग अटल चौक के प्रतिष्ठानों पर जांच अभियान चलाया गया।

## विकास योजनाओं को लेकर बीडीओ ने विभागों के साथ की समीक्षा बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय सभागार भवन में प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल की अध्यक्षता में सभी विभागों के कोऑर्डिनेटरों के साथ विकास विशेष बैठक की एवं विकास कार्यों का समीक्षा किया गया। बैठक में सरकार के द्वारा निर्धारित सभी योजनाओं में तेजी लाने का विशेष निर्देश निर्देश ने दिया। मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास, पंचायती राज 15 में वित्त आयोग, बाल विकास परियोजना के अलावा अन्य संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान स्वच्छता से स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण एप इंस्टॉल कर फीडबैक देने के कहा गया, कल्याण विभाग, आपुर्ति विभाग, बिजली आदि की समस्या पर समीक्षा की गई। बैठक में प्रखंड में संचालित विकास योजनाओं से संबंधित विभाग के पदाधिकारी, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक आदि उपस्थित हुए।

## आरएसएस का अनुषांगिक संगठन सहकार भारती के जिला अध्यक्ष बने अनूप भाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : सहकार के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का एक आनुसांगिक संगठन सहकार भारती है। जिसका सहकार भारती झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष डॉ अमरेंद्र पाठक जी आदेश पर प्रदेश महमंत्री धनंजय कुमार सिंह जी के द्वारा हजारीबाग जिला अध्यक्ष अनूप भाई को बनाया गया जिसका विधिवत प्रदेश के महामंत्री ने घोषणा किया गया जिला अध्यक्ष के साथ जिला मंत्री अरविंद कुमार सिंह को एवं जिला कोषाध्यक्ष आशीष कुमार को बनाया गया घोषणा के बाद अनूप भाई को लोगों ने दी बधाई बधाई देने वालों में मुकेश कुमार सिंह जितेंद्र चंद्रवंशी अजीत सिंह चंद्रवंशी पप्पू चंद्रवंशी नीरज कुमार वर्मा मोनू सिंह आशीष वर्मा अरविंद कुमार सिंह सोनी कुशवाहा शिवानी कुमारी मनोज यादव दिलीप यादव हर्ष वर्मा बृजेश कुमार सिंह मिथिलेश कुमार सिंह गणेश मेहता अखिलेश कुमार दास राजकुमार कुशवाहा प्रदीप मेहता समिति लोगों ने दी बधाई और सुना के बाद अनूप भाई ने प्रदेश अध्यक्ष महामंत्री एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सभी प्रदेश पदाधिकारी के प्रति आभार व्यक्त किया और उन्होंने कहा कि मैं राष्ट्रक्षित के लिए श्रद्धा पूर्वाक्य कार्य को सफल करूंगा और संगठन का विस्तार करूंगा और अनूप भाई ने बताया कि सहकार भारती पर के बारे में बताया किसहकार भारती, सहकार के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का एक आनुसांगिक संगठन है। यह पंजीकृत अशासकीय संस्था है। सन 1978 में गणेश चतुर्थी के दिन पुणे में सहकार-भारती की स्थापना की गई थी। सहकारिता के आंदोलन को जनकल्याणकारी स्वरूप देकर और अधिक मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से 11 जनवरी 1978 को मुम्बई (महाराष्ट्र) में सहकार भारती नामक सामाजिक संस्था की स्थापना हुई। इसके संस्थापक अध्यक्ष स्व. माधवराव गोडबोले थे, जिन्होने सन 1935 में सांगली में जनता सहकारी बैंक की शुरूआत की थी।

**स्वास्थ्य के क्षेत्र में जयंत सिन्हा की एक और बड़ी सौगात : डेमोटांड में सिन्हा हेल्थ इंस्टीट्यूट का भूमिपूजन हुआ संपन्न**

# झारखण्ड वासियों को देंगे विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ : जयंत सिन्हा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : लोकसभा के पूर्व सांसद जयंत सिन्हा ने झारखण्ड को स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक और बड़ी सौगात दी है। उन्होंने डेमोटांड में 'सिन्हा हेल्थ इंस्टिट्यूट' की स्थापना करने का निर्णय लिया है। इस कार्य को सफल बनाने के लिए 22 जुलाई को इस इंस्टिट्यूट का विधि-विधान से भूमिपूजन संपन्न किया गया। इस सुअवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित हुए। इस संस्थान की बिल्डिंग अगले 6 से 9 महीनों में बनकर तैयार हो जाएगी। साथ ही यहां मेडिकल उपकरण भी स्थापित कर दिए जाएंगे। जयंत सिन्हा द्वारा स्थापित किया जा रहा सिन्हा हेल्थ इंस्टीट्यूट एक गैर-लाभकारी संस्थान है, जिसका लक्ष्य झारखण्ड में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाना है। झारखंड जयंत सिन्हा की जन्मभूमि के साथ कर्मभूमि भी है। इसलिए वे सदैव ही सेवा भाव से राज्य की प्रगति और उन्नति के लिए कार्यरत रहते हैं। उनके द्वारा स्थापित किया जा रहा यह संस्थान प्रतिबद्धता, करुणा, समानता और सेवा के मूल्यों से प्रेरित होकर जनता के कल्याण के लिए कार्य करेगा। डेमोटांड में स्थापित किये जा रहे इस संस्थान में जनता को एमआरआई, पैथोलॉजी लैब, एक्सरे, सिटी स्कैन, ओपीडी और मेडिकल शॉप जैसी विभिन्न उच्चस्तरीय सुविधाओं का लाभ प्रदान किया जायेगा। जयंत सिन्हा का प्रयास अगले 6 महीनों में यहाँ एमआरआई मशीनों को स्थापित करना है। वर्तमान में झारखंड में एमआरआई मशीनें काफी कम संख्या में हैं, जिससे मरीजों को बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इन मशीनों के आने से लोगों को एमआरआई जैसी सुविधाओं के लिए रांची और झारखंड से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। लोगों को हजारीबाग में ही विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं की सुविधा प्राप्त हो सकेगी। जयंत सिन्हा इस संस्थान में मरीजों को आयुष्मान भारत जैसी जनकल्याणकारी योजना से जोड़ेंगे ताकि उन्हें निशुल्क इलाज का लाभ मिले। इस संस्थान के मेडिकल डायरेक्टर डॉ एस. के. सिन्हा होंगे। साथ ही इस संस्थान से विश्वस्तरीय चिकित्सक जुड़ें हैं, जिनके सहयोग और मार्गदर्शन में मरीजों को चिकित्सकीय सुविधाएँ उपलब्ध करवाई जाएँगी।

## संक्षिप्त खबरें

### अदाणी फॉउंडेशन के स्वास्थ्य और नेत्र जांच शिविर में 105 लोगों की नि:शुल्क जांच




**बड़कागांव** : गोंदुलपारा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने चंदौल और बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय में स्वास्थ्य और नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। चंदौल स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय और बड़कागांव स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय में आयोजित शिविर में कुल 105 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिनमें से 55 को निशुल्क आवश्यक दवाएं भी दी गईं। इससे पहले कार्यक्रम की शुरूआत में राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय की प्राचार्या माला कुमारी और प्लस टू उच्च विद्यालय बड़कागांव के प्राचार्य कृष्णा कन्हैया को पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनका अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों ने कहा कि अदाणी फाउंडेशन का यह प्रयास स्थानीय समुदाय के स्वास्थ्य को लेकर उसकी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। शिविर में नेत्र रोग के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. अरविंद कुमार और जेनरल फिजिशियन डॉ. रोहित कुमार ने उपस्थित लोगों के स्वास्थ्य की जाँच करते हुए उन्हें आवश्यक परामर्श दिया। दोनों चिकित्सकों के मार्गदर्शन और नि:शुल्क दवा वितरण से छात्र-छात्राओं और उपस्थित अन्य लोगों को काफी लाभ हुआ। इससे पहले अदाणी फाउंडेशन की ओर से बड़कागांव और आसपास के इलाकों में आयोजन किए गए हैं, जिनमें कृषि सहायता, छात्रवृत्ति वितरण, महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम और स्वास्थ्य जागरूकता अभियान शामिल हैं। अदाणी फॉउंडेशन ने टीबी के 80 नए मरीजों को भी गोद लिया है, जिन्हें हर महीने निशुल्क पोषण आहार किट प्रदान किया जा रहा है।

### आजाद जागृति छात्र संघ ने मंदिर परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान



**बड़कागांव** : बड़कागांव महुदी पहाड़ स्थित प्रसिद्ध बुढ़वा महादेव के मंदिर में आयोजित एक माह का भव्य श्रावणी मेले में बीते दूसरे सोमवारी के बाद मंगलवार को आजाद जागृति छात्र संघ ने अपनी टीम के साथ श्रमदान देकर बुढ़वा महादेव मंदिर परिसर में सफाई स्वच्छता अभियान चलाया। इससे पूर्व बीते प्रथम सोमवारी के बाद भी टीम ने सफाई अभियान चलाया था। इस दरमियान सुखा एवं गिला कचरा की व्यवस्था के लिए मंदिर परिसर में कूड़ादान की व्यवस्था का बड़ा अभाव देखा गया। जिसमें सदस्यों ने स्थानीय प्रशासन एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों सहित मंदिर प्रबंधन समिति से मंदिर परिसर में कूड़ेदान की व्यवस्था करने की अपील की है। सभी शिव भक्तों से भी अपील किया गया की मंदिर के साथ-साथ आसपास साफ सफाई एवं स्वच्छता का ख्याल रखें। स्वच्छता अभियान में अध्यक्ष भादेश्वर प्रसाद मेहता, सचिव विनोद प्रसाद, उपाध्यक्ष श्रवण सोनी, कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार, उपसचिव शिबू सोनी, गंगाधर प्रसाद, भुगेश्वर प्रसाद, अभिषेक कुमार, संजय राणा, कुंज बिहारी कुमार, जितेंद्र कुमार, नंदलाल प्रसाद, उपेंद्र यादव, नितिन राज, संजीवन कुमार, अर्जुन कुमार, दिवाकर कुमार, पवन कुमार, मिथिलेश सोनी, अनिलेश कुमार, सेवक कुमार, उद्धेश्वर प्रसाद रिझेश्वर प्रसाद गंगाधर प्रसाद एवं अनुज कुमार आदी लोगों ने भाग लिया।

### प्रशासन ने सरकारी दारू दुकान का किया औचक निरीक्षण

**बड़कागांव** : सोमवार रात को पूरे जिले में एक साथ जिले के तमाम सरकारी शराब दुकानों में स्थानीय प्रशासन के द्वारा औचक निरीक्षण की गई। जिसमें बड़कागांव प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल एवं अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने गुरु चट्टी इमली पेड़ के पास संचालित शराब दुकान की निरीक्षण किया। इस दौरान सरकार के द्वारा निर्धारित शराब की बोतल में लगी एमआरपी पर बिक्री करने को लेकर ग्राहकों से पूछताछ की गई जिसमें किसी प्रकार कोई गड़बड़ी नहीं पाई गई। इस दौरान शराब में अत्यधिक महंगाई को देखते हुए कई ग्राहकों ने सरकार से शराब से जीएसटी हटाने की मांग की है, ताकि कम मूल्य में शराब मिल सके।

### 93 हजार की लागत से बनी पुलिया बनी परेशानी का सबब, मिट्टी कटाव से बिगड़ा रास्ता

**बड़कागांव** : बुढ़वा महादेव जाने वाली मार्ग में 93 हजार रुपए लागत राशि से बना पुलिया ,के किनारे मिट्टी के नहीं रहने के कारण श्रद्धालुओं को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उक्त मामले को लेकर संवेदक संजय कुमार ने बताया कि तीन-चार महीना पहले पुलिया का निर्माण किया गया था। जिसमें भारी बारिश के कारण मिट्टी का कटाव हो गया। अभी खेती बाड़ी में थोड़ा व्यस्त हैं जल्द मरम्मत कराया जाएगा। बताते चलें कि उक्त मार्ग से भारी संख्या में श्रद्धालु बाइक एवं चार चक्के वाहन से बुढ़वा महादेव पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालु जाते हैं। पुलिया के किनारे मिट्टी का भराव नहीं होने के कारण कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है,इसलिए प्रशासन को इस ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

### जन समस्याओं के निराकरण को लेकर विधायक की टीम ने किया क्षेत्रीय निरीक्षण

**हजारीबाग** : सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के निर्देश पर विधायक टीम व नगर निगम के जेई ने शांति आश्रम रोड से मार्खम कॉलेज रोड तक निरीक्षण कर क्षेत्र की समस्याओं का जायजा लिया। कुछ दिन पूर्व स्थानीय लोगों ने विधायक प्रसाद से मिलकर सड़क और जलनिकासी से जुड़ी समस्याओं की जानकारी दी थी, जिसके बाद विधायक स्वयं मौके पर पहुंचे थे और उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे। मंगलवार को विधायक की टीम ने पुन: संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया और सड़क पर नालियों के पानी की समस्या को दूर करने के लिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जलनिकासी की समस्या का समाधान जल्द से जल्द किया जाएगा ताकि लोगों को हो रही परेशानी से निजात मिल सके। निरीक्षण के दौरान विधायक टीम ने न्यू कॉलोनी जबरा की जर्जर सड़कों और नालियों की भी स्थिति देखी। यहां भी नालियों का गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा था, जिससे लोगों को आने-जाने में दिक्कत हो रही है। विधायक टीम के साथ नगर निगम के जे ई भी शामिल रहें विधायक टीम ने निर्देशित किया की नालियों की सफाई और मरम्मत का कार्य तत्काल प्रारंभ किया जाए और सड़क मरम्मत का कार्य भी प्राथमिकता पर लिया जाए। इसके बाद विधायक टीम ने कृष्णापुरी तालाब के आसपास सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया। टीम ने अधिकारियों को निर्देशित किया की तालाब के चारों ओर लाइटिंग व्यवस्था को बेहतर किया जाए और परिसर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। मंदिर परिसर में पेवर ब्लॉक बिछाने और नई नाली निर्माण का कार्य शीघ्र शुरू करने को कहा गया।

## एक नजर

### उपराष्ट्रपति ने इस्तीफा नहीं दिया, दिलवाया गया : राजद



**रांची :** प्रदेश राजद ने कहा है कि आजाद भारत में पहली बार उपराष्ट्रपति पद से जगदीप धनखड़ ने इस्तीफा दिया है जो अत्यंत अफसोसजनक और चिंता का विषय है। पार्टी के प्रदेश महासचिव कैलाश यादव ने कहा कि मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि वर्ष 2014 से मोदी सरकार के शासनकाल में भाजपा के नेता खुलेआम देश की लोकतांत्रिक और संवैधानिक व्यवस्था का अपमान कर रहे हैं। इसे विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका और पत्रकारिता की स्थिति काफी चिंताजनक बनी हुई है। उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पद से इस्तीफा नहीं दिया बल्कि उनसे इस्तीफा दिलवाया गया है। उप-राष्ट्रपति पहले से दिन भर इत्मीनान नजर आए और राज्यसभा के चेयर से सदन को चलाते नजर आए। लेकिन शाम होती ही ऐसी क्या बात हो गई कि उन्होंने खराब स्वास्थ्य का हवाला देकर इस्तीफा दे दिया। इससे पूरा देश स्तब्ध है।

### मां दुर्गा मंदिर निर्माण का भूमि पूजन, दुर्गा पूजा तक होगी प्रतिमा की स्थापना



**रांची :** तुपुदाना स्थित डुंगरी के ओमप्रकाश नगर में मंगलवार को मां दुर्गा मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन का आयोजन मंगलवार को किया गया। दुर्गा मंदिर निर्माण समिति की ओर से आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। समिति के अध्यक्ष मुकेश नायक की अगुवाई में पूजा-पाठ और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन संपन्न हुआ। नायक ने बताया कि आगामी दुर्गा पूजा तक मां दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण सनातन धर्म की परंपराओं को आगे बढ़ाने की सकारात्मक पहल है। स्थानीय लोगों ने मंदिर निर्माण को गांव की आस्था और एकता का प्रतीक बताया। मंदिर समिति ने सभी ग्रामीणों से सहयोग की अपील करते हुए इसे एक जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया। पूजन अनुष्ठान में मुख्य रूप से टाइगर संदीप नायक, रौनक कुमार नायक, आकाश नायक, कृष्णा नायक, शक्ति नायक, कैलाश नायक, मोहित सिंह, कोमल देवी, शोभा देवी, शांति देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।


**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी)/रांची, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जिसे **दिनांक 13.08.2025 को सुबह 10.30 बजे अथवा उसके उपरांत** (क्रमांक 1 के लिए) तथा **दिनांक 12.08.2025 को अपराह्न 2.00 बजे अथवा उसके उपरांत** (क्रमांक 2 के लिए) खोला जाएगा। **क्रमांक एवं ई-निविदा सूचना सं., कार्य का संक्षिप्त विवरण/नाम, कार्य का विज्ञापित मूल्य, ईएमडी/बोली सुरक्षा** क्रमशः निम्नलिखित हैं: **(1) ईएल-जी-आरएनसी-आर-08-25, दिनांक 22.07.2025;** गौतमधारा स्टेशन में मौजूदा रेल लेवल प्लेटफॉर्म सं. 2 को 450 मी x8 मी आकार के हाई लेवल प्लेटफॉर्म के रूप में ऊंचा करने एवं विस्तार के लिए विद्युतीय कार्य; रु. 18,79,343.17; रु. 37,600; **(2) ईएल-जी-आरएनसी-आर-5-25, दिनांक 22.07.2025;** रांची स्टेशन में अतिरिक्त प्लेटफॉर्म संख्या 1बी के निर्माण के लिए विद्युतीय कार्य; रु. 13,32,605.98; रु. 26,700; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** क्रमांक 1 के लिए 13.08.2025 को सुबह 10.30 बजे तथा क्रमांक 2 के लिए 12.08.2025 को अपराह्न 2.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण:** दोनों के लिए **https://www.ireps.gov.in.** निविदा का विवरण वेबसाइट **http//www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। निविदादाताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होने चाहिए तथा आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन पंजीकृत होने चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं।**(PR-428)**


# रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लिखा पत्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** सिंगल यूज प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग और प्राकृतिक आवरण पर पड़ रहे इसे विपरीत प्रभाव को लेकर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने गंभीर चिंता जताई है। पर्यटन स्थलों, धार्मिक स्थलों और जलाशयों के आसपास इसके उपयोग पर रोक लगाने को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। सेठ ने अपने पत्र में कहा कि प्राकृतिक आवरण और सौंदर्य से भरपूर झारखंड में कई पर्यटन और धार्मिक स्थल हैं, जहां बड़ी संख्या में पर्यटक और श्रद्धालु आते हैं। झारखंड चूंकि जंगल और प्रकृति के सौंदर्य उपहारों से भरा-पूरा है, ऐसे में इसका संरक्षण भी हम सबकी जिम्मेदारी है। वर्तमान समय में प्लास्टिक पर्यावरण के लिए बहुत बड़ा खतरा बनकर उभरा है। विशेष रूप से पर्यटन स्थलों, धार्मिक स्थानों पर फेंकी जाने वाली सिंगल यूज प्लास्टिक की बोतलें और प्लास्टिक बड़ा खतरा बन रहे हैं। यह सिर्फ मानवीय जीवन के लिए ही नहीं, बल्कि पर्यावरण के लिए भी और जलीय जंतुओं के लिए जलाशयों में प्लास्टिक फेंका जाना, पर्यावरण के साथ-साथ जैव जगत के लिए भी बड़ा खतरा है। उन्होंने कहा कि झारखंड के बड़े जलप्रपात, नदियां, तालाब, बड़े जलाशय में आज भी प्लास्टिक के कचरो का ढेर दिखता है जो हमें आने वाले भविष्य के खतरों से आगाह कर रहा है। कई समाचार माध्यमों में यह समाचार आ रहे हैं कि रांची सहित पूरे झारखंड के जलाशय और प्राकृतिक आवरण विदेशी पक्षियों व जंतुओं के भी आकर्षण का केंद्र बन चुके हैं। ऐसे में हमारी चिंता और जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है। उन्होंने पत्र में कहा है कि हम झारखंड के लोग प्रकृति से अगाध प्रेम करते हैं। इसलिए प्रकृति का संरक्षण हम सबके जीवन का एक अभिन्न हिस्सा है। झारखंड के पर्यटन स्थल, धार्मिक स्थल और जलाशय सिंगल यूज प्लास्टिक की बोतलों और ऐसे सिंगल यूज प्लास्टिक से बच सकें, इस दिशा में सरकार को कठोर कदम उठाए जाने की आवश्यकता है; ताकि हम आने वाली पीढियां को बेहतर प्राकृतिक आवरण दे सकें। उन्होंने मुख्यमंत्री को सुझाव देते हुए कहा है कि अपने सुखद और बेहतर भविष्य के लिए वर्तमान में ऐसे सभी पर्यटन स्थल, धार्मिक स्थल और जलाशयों के आसपास सिंगल यूज प्लास्टिक की बोतलों और सिंगल यूज प्लास्टिक पर सख्ती से प्रतिबंध लगाया जाए और इसका अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाए। इस मामले में हम सामाजिक कार्यकताओं, पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम कर रही संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर एक बेहतर कार्य योजना तैयार कर सकते हैं। सेठ ने कहा कि अधिक से अधिक आम जनता को, पर्यटकों को, धार्मिक स्थल पर आने वाले श्रद्धालुओं को जागरूक भी कर सकते हैं। उन्होंने अनुरोध किया है कि इस दिशा में राज्य सरकार त्वरित और सकारात्मक कदम उठाए ताकि हमारे पर्यटन स्थल, धार्मिक स्थल और जलाशय प्लास्टिक के खतरे से सुरक्षित रह सकें।

## हरियाली तीज 27 को, अखंड सौभाग्य की महिलाएं करेंगी कामना




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रवि योग के संयोग में हरियाली तीज का व्रत इस बार 27 जुलाई को रखा जाएगा। इस योग में कार्यों में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आती है और कार्य शुभफलदायक होता है। आचार्य मनोज पांडेय ने मंगलवार को बताया कि पंचांग के अनुसार तृतीय तिथि 26 जुलाई को रात्रि 11.08 बजे प्रवेश कर रही है, जो 27 जुलाई को रात्रि 11.10 तक रहेगी। उदयातिथि होने के कारण 27 जुलाई को तीज मनाई जाएगी। इस व्रत को करने से महिलाओं को अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। इस दिन महिलाएं हरे वस्त्र, हरी चूड़ियां पहनकर गौरी गणेश और महादेव की पूजा करती हैं। आचार्य ने बताया कि इस दिन मघा नक्षत्र पड़ने से उन्नति, प्रगति और अच्छे स्वस्थ के कारक होगा। यह नक्षत्र पड़ने से व्रत की महिमा कई गुणा अधिक हो जाता है। सुहागिन पति की लंबी उम्र के लिए सिद्धिविनायक भगवान गणेश, महादेव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना करेंगी। उन्होंने बताया कि ईश्वर का नाम लेने और सत्कर्म करने के लिए यह योग अति उत्तम माना गया है। यह व्रत माता पार्वती और भगवान शंकर के पुनर्मिलन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। हरियाली तीज सावन माह के शुक्लपक्ष की तृतीया तिथि को मनाई जाती है। इसे सावन तीज के नाम से भी जाना जाता है। पति की दीघार्यु और संपत्रता के लिए पंचामृत से शिव जी का अभिषेक करें। साथ ही दुर्गा जी के 108 नाम का पाठ करें। इसके अलावा परिवार की उन्नति और संतान प्राप्ति के लिए शिव जी को बेलपत्र चढ़ाकर दुर्गा सप्तशती के 11वें अध्याय का पाठ करें।

## जीवन और मौत से जूझ रही कृति को चाहिए स्टेम सेल डोनर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** जीवन और मौत से जूझ रही हजारीबाग की 27 वर्षीय कृति सिंह को तत्काल स्टेम सेल की सख्त आवश्यक है। कृति ने मंगलवार को रांची प्रेस क्लब में जब यह मार्मिक अपील की तो उपस्थित सभी लोग भावुक हो गए। मौके पर परिजनों ने बताया कि महज 13 वर्ष की उम्र में क्रोनिक माइलॉयड ल्यूकेमिया (एक प्रकार का रक्त कैंसर) से ग्रस्त कृति ने बीते वर्षों में दवाओं के सहारे सामान्य जीवन जीने की हरसंभव कोशिश की। लेकिन अब बीमारी एक ऐसे मोड़ पर पहुंच गई है। जहां उसका इलाज केवल एक स्टेम सेल प्रत्यारोपण से ही संभव है। इसके लिए एक उपयुक्त रक्त स्टेम सेल दाता की सख्त जरूरत है और यही वह जगह है जहां आम लोगों की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। भावुक होते हुए कृति ने कहा कि अब सिर्फ.एक डोनर मिलने से ही उसकी ज़िंदगी बदल सकती है। मौके पर राजीव गांधी कैंसर संस्थान और अनुसंधान केंद्र, नई दिल्ली के बोन मैरो ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ डॉ दिनेश भूरानी ने कहा कि भारत में हर पांच मिनट में एक व्यक्ति रक्त कैंसर या रक्त विकार से ग्रस्त पाया जाता है। स्टेम सेल दान कई बार उनके लिए जीवन रक्षक साबित होता है। लेकिन भारत में एचएलए प्रकार की विविधता के कारण उपयुक्त डोनर ढूंढ़ना चुनौतीपूर्ण होता है। डीकेएमएस फाउंडेशन, इंडिया के अध्यक्ष पैट्रिक पॉल ने कहा कि कृति जैसे मरीजों के लिए एक असंबंधित लेकिन मेल खाने वाला डोनर ढूंढ़ना जरूरी है। इसके लिए जरूरी है कि 18 से 50 वर्ष के बीच के स्वस्थ लोग आगे आएं और पंजीकरण करें। जितने अधिक लोग पंजीकृत होंगे, किसी के बचने की संभावना उतनी ही बढ़ेगी। मौके पर पेट्रीक पॉल ने बताया कि 18 से 55 आयु वर्ग के स्वस्थ व्यक्ति हैं, वे डीकेएमएस इंडिया की वेबसाइट पर जाकर घर बैठे होम स्वैब किट मंगवा सकते हैं। स्वैब किट के माध्यम से गाल के अंदर से नमूना लेकर उसे वापस भेजना होता है। इसके बाद आपके ऊतक प्रकार का विश्लेषण कर वैश्विक डेटाबेस में शामिल कर दिया जाता है।

## डाटा एंट्री ऑपरेटर की मांगों को लेकर सीईओ से मिला संघ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के महामंत्री सुनील कुमार साह के नेतृत्व में मंगलवार को झारखंड राज्य आजीविका कंप्यूटर ऑपरेटर संघ का शिष्टमंडल झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी (सीईओ) अनन्य मित्तल से मिलकर डाटा एंट्री ऑपरेटर की मांगों को लागू करने के लिए मांग पत्र दिया गया। मौके पर महासंघ के महामंत्री सुनील कुमार साह ने कहा कि उनकी मांगों में जेएसएलपीएस में 384 कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटर का अब तक मानव संसाधन नियमावली लेवल एल- 7 में नहीं जोड़ा गया है। जबकि इसके लिए संघ ने कई बार मुख्यमंत्री के पूर्व प्रधान सचिव वंदना दादेल से मुलाकात कर मांग की थी। इसके बाद सचिव ने जेएसएलपीएस को इस संबंध में पीत पत्र भेजा था। लेकिन इस मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने बताया कि पथ निर्माण विभाग में कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटर को 40 हजार 900 रुपया प्रतिमाह मानदेय दिया जा रहा है, जबकि जेएसएलपीएस में इस संवर्ग को मात्र 22 हजार 50 रुपए प्रतिमाह ही दी जा रही है। यह मौजूदा महंगाई के दौर में काफी कम है। उन्होंने कहा कि इस संवर्ग को 40 हजार 900 रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलना चाहिए। साथ ही उन्होंने बताया कि इस संवर्ग को 15 किलोमीटर की दूरी के अंदर ही पदस्थापन का समझौता है, लेकिन इसका पालन नहीं हो रहा है। सभी का पदस्थापन 15 किलोमीटर के दायरे में होना चाहिए।

## छात्रवृत्ति की मांग को लेकर अबुआ अधिकार मंच ने ट्राइबल वेलफेयर कमिश्नर से की मुलाकात

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** मंगलवार को अबुआ अधिकार मंच के संयोजक अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व मे झारखण्ड के विभिन्न जिले के छात्र छात्राओं के एक प्रतिनिधिमण्डल ने कल्याण भिभाग के ट्राइबल वेलफेयर कमिश्नर कुलदीप चौधरी से मुलाकात कर उन्हें छात्र छात्राओं की छात्रवृत्ति की समस्या से अवगत करवाया। प्रतिनिधिमण्डल मे शामिल राहुल कुमार राणा ने ई कल्याण पोर्टल को पुनः छात्र-छात्राओं के लिए खोलने एवं एंजेल नर्सिंग कॉलेज के सत्र 22झ26 के छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति राशि भुगतान करने की मांग को कल्याण आयुक्त के समक्ष रखा। अमीर हमजा ने छात्रवृत्ति सत्यापन की प्रक्रिया तेजी लाने एवं कॉलेज लेवल पर आवेदन की जांच गंभीरता से करवाने की मांग की। ट्राइबल वेलफेयर कमिश्नर कुलदीप चौधरी ने छात्र-छात्राओं के सभी मुद्दों को गंभीरता पूर्वक लेते हुए छात्र छात्राओं के हित में छात्रवृत्ति से संबंधित समस्याओं का निदान करने की बात कही साथ ही उन्होंने कहा के इउ वर्ग मे आवंटन के लिये वित्तीय वर्ष 22-23,23-24 और 24-25 मे केंद्र सरकार को 1139 करोड रूपए देने थे जिसमे उसने केवल 159 करोड दिए है। जिस कारण से इउ वर्ग के छात्र-छात्राओं के भुगतान मे बहुत परेशानी हो रही है।

# राज्य सरकार अविलंब नाम परिवर्तन घोटाले की सीबीआई जांच की अनुशंसा करें : प्रतुल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने हेमंत सरकार पर बड़ा हमला करते हुए कहा कि इस सरकार के घोटाले की श्रृंखला में अब नाम परिवर्तन घोटाला भी शामिल हो गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अविलंब 'नाम परिवर्तन घोटाले' की सीबीआई जांच की अनुशंसा करें। क्योंकि आशंका है कि जांच के बाद कई और चौंकाने वाले रहस्य सामने आ सकते हैं। शाहदेव मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य बनने के बाद अनेक वर्षों तक नाम परिवर्तन संबंधित गजट नोटिफिकेशन मैन्युअल होता था। इसका रजिस्टर बनाया जाता था। अब हेमंत सरकार के समय वह सारे रजिस्टर ही गायब हो गया है। नाम परिवर्तन संबंधी कोई भी दस्तावेज मिल नहीं रहा है। इस अवधि में कितने नाम परिवर्तन हुए, किसके नाम परिवर्तन हुए उसका कोई उत्तर नहीं है। उन्होंने कहा कि हालिया वर्षों में इस प्रक्रिया के ऑनलाइन होने के बाद भी रिकॉर्ड ठीक से व्यवस्थित नहीं होते हैं। ऊपर से बड़ी वित्तीय अनियमितता का आरोप लगा है। उन्होंने राज्य सरकार से जानना चाहा कि कहीं यह पूरा मुद्दा धर्मांतरण की संख्या को छुपाने से संबंधित तो नहीं है। उन्होंने कहा कि झारखंड में बड़े पैमाने पर धर्मांतरण में लिप्त शक्तियां सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने बिहार में मतदाता सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान शुरू किया है। झारखंड सहित पूरे देश में भी यह शीघ्र शुरू होने की उम्मीद है। नाम परिवर्तन का रजिस्टर भी लोगों की पहचान का एक आधार हो सकता था। इसलिए यह बड़ी आशंका है की सिर्फ बड़े पैमाने पर हुए धर्मांतरण के वास्तविक आंकड़ों को छिपाने के लिए यह सारे दस्तावेज गायब कर दिए गए हैं। यह दस्तावेज के गायब होने के कारण संबंधित व्यक्ति आधार कार्ड में बदलाव कर अपनी उम्र, धर्म, जाति को भी बदल सकता है। प्रतुल ने कहा कि राज्य सरकार ने एफआईआर दर्ज नहीं करके इस पूरे मामले को और संदिग्ध बना दिया। सिर्फ राजकीय प्रेस के संजीव कुमार से स्पष्टीकरण मांगा गया है। उन्होंने कहा कि जब सरकारी दस्तावेज गायब होते हैं तो प्राथमिकी दर्ज होती है और संबंधित अधिकारी पर भी कड़ी कार्रवाई होती है।

## संक्षिप्त खबरें

### आश्रम में दिव्यांगों के लिए 50 बेड की करेंगे व्यवस्था : सदानंद महाराज



**रांची :** पुंदाग में मंगलवार को सदगुरू कृपा अपना घर आश्रम में मंगलवार को परमहंस डॉ संत शिरोमणि स्वामी सदानंद महाराज का पावन आगमन हुआ। इस अवसर पर गुरु सदानंद महाराज ने अपना 81वां जन्मोत्सव भी आश्रम में रह रहे दिव्यांगों और निराश्रितों के बीच मनाया। साथ ही उन्होंने आने वाले दिनों में ट्रस्ट की ओर से 50 और अतिरिक्त बेड की व्यवस्था दिव्यांगों के लिए करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि अपना घर आश्रम मानव सेवा का मंदिर है। समाज के उपेक्षित वर्ग की सेवा ही सच्चे धर्म का मार्ग है, और युवाओं को इस सेवा से जुड़कर अपने जीवन को सार्थक बनाना चाहिए। मौके पर उन्होंने आश्रम में निवास कर रहे दिव्यांग, निराश्रित एवं दीनबंधुओं से आत्मीय भेंट कर उनकी दिनचर्या, देखभाल एवं उपचार संबंधी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। आश्रम की स्वच्छता, सेवा भावना और समर्पण को देखकर उन्होंने इसे ईश्वर के साक्षात दर्शन की संज्ञा दी। कार्यक्रम में आश्रम ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने भी विचार साझा किए। सर्राफ ने कहा कि सत्य, प्रेम और सेवा के मूल मंत्र पर चलने वाला यह आश्रम अब एक संस्था नहीं, बल्कि मानवता को गले लगाने का एक आंदोलन बन चुका है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में आश्रम में 37 दिव्यांग और निराश्रितों की सेवा की जा रही है।

### 163वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का हुआ आयोजन



**रांची :** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज 163 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। और मनोरथ जो कोई लावे सोई अमित जीवन फल पावे के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। किशोरी लाल शकुंतला देवी अजय खुशबू बरनवाल ने परिवार के साथ बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया। किशोरी लाल बरनवाल ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया गया। भक्तजन श्री हनुमान जी की आराधना में लीन थे। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती करके भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद सेवा पुष्पा देवी पोद्दार ने केसरिया पेडा सेवा मुकेश मित्तल ने गिरिगोला सेवा एवम राजेश जयसवाल ने फल प्रसाद सेवा निवेदित की। इस अवसर पर अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया उपाध्यक्ष श्रवन ढानढनिया किशोरी लाल बरनवाल शकुंतला देवी अजय खुशबू बरनवाल हर्ष कृष्णा संकेत सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।

### उपराष्ट्रपति के इस्तीफा के पीछे है गहरा वजह : राकेश



**रांची :** उपराष्ट्रपति पद से जगदीप धनखड़ के इस्तीफे पर सवाल उठाते हुए कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि सोमवार की दोपहर उपराष्ट्रपति ने राज्यसभा की कार्य मंत्रणा समिति की अध्यक्षता की। इस बैठक में सदन के नेता जेपी नड्डा और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू सहित ज्यादातर सदस्य मौजूद थे। थोड़ी देर की चर्चा के बाद तय हुआ कि समिति की अगली बैठक शाम होगी। सिन्हा ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि शाम में धनखड़ की अध्यक्षता में समिति के सदस्य दोबारा बैठक के लिए इकट्ठा हुए। सभी नड्डा और रिजिजू का इंतजार करते रहे, लेकिन वे नहीं आए। उन्होंने कहा कि सबसे हैरानी की बात यह थी कि धनखड़ को व्यक्तिगत रूप से यह नहीं बताया गया कि दोनों मंत्री बैठक में नहीं आएंगे। स्वाभाविक रूप से उन्हें इस बात का बुरा लगा और उन्होंने बीएसी की अगली बैठक मंगलवार के लिए टाल दी। इससे साफ है कि इस दौरान जरूर कुछ गंभीर बात हुई है। इसकी वजह से जेपी नड्डा और किरेन रिजिजू ने जानबूझकर शाम की बैठक में हिस्सा नहीं लिया और बेहद चौंकाने वाला कदम उठाते हुए पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने इसकी वजह अपनी सेहत को बताया है। हमें इसका मान रखना चाहिए। लेकिन सच्चाई यह भी है कि इसके पीछे कुछ और गहरे कारण हैं। धनखड़ ने हमेशा 2014 के बाद के भारत की तारीफ की, लेकिन साथ ही किसानों के हितों के लिए खुलकर आवाज उठाई। उन्होंने सार्वजनिक जीवन में बढ़ते अहंकार की आलोचना की और न्यायपालिका की जवाबदेही और संयम की जरूरत पर जोर दिया।

### झारखंडियों की अनदेखी के विरोध में जेएलकेएम का धरना आज



**रांची :** झारखंड स्टेट फामेर्सी काउंसिल में नियम विरुद्ध गैर-झारखंडी और गैर-सरकारी अधिकारियों की नियुक्ति के विरोध में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने बुधवार को फामेर्सी काउंसिल कार्यालय, बरियातू के समक्ष धरना-प्रदर्शन करेगा। यह बातें संगठन के केंद्रीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो ने मंगलवार को प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार झारखंडी फार्मासिस्टों के साथ अन्याय कर रही है। विभागीय अवर सचिव को सभी अनियमितताओं की विस्तृत जानकारी दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इससे स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है और छात्रों की पढ़ाई भी बाधित हो रही है। महतो ने कहा कि काउंसिल के वर्तमान निबंधक सह सचिव का कार्यकाल 13 अप्रैल को ही समाप्त हो चुका है, फिर भी वे पद पर बने हुए हैं, जो नियम के खिलाफ है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक योग्य झारखंडियों को फामेर्सी काउंसिल में मनोनीत नहीं किया जाएगा, आंदोलन जारी रहेगा।

## एक नजर

### आंगनबाड़ी केंद्र में गर्भवती कैलासी देवी का गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन



**मरकच्चो :** मरकच्चो थाना अंतर्गत सिमरिया पंचायत के ग्राम डुमरडिहा के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 4 में गर्भवती महिला कैलासी देवी का गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महिलाओं के स्वास्थ्य पोषण और सुरक्षित मातृत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिला कैलासी देवी को पुष्प माला से स्वागत किया गया और पोषणयुक्त आहार फल, सूखा राशन एवं जरूरी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। डुमरडीहा स्थित आंगनवाड़ी केंद्र संख्या चार की सेविका मीना देवी सैंजोजिका सोनी देवी पोषण सखी प्रिया रानी ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के महत्व को बताते हुए समय पर टीकाकरण समय पर जांच और संतुलित आहार लेने की सलाह दी। इस मौके पर प्रियंका कुमारी ,पूनम कुमारी, ममता कुमारी, पिंकी कुमारी, कुसुम देवी, कौशल्या देवी ,सुनीता देवी समेत कई ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थी।

### गणेश कुमार ने 54वें केंद्रीय विद्यालय जूडो नेशनल में जीत स्वर्ण पदक



**बोकारो :** 14 से 20 जुलाई सेना स्थल, आगरा में किया जिसमें केंद्रीय विद्यालय सेक्टर 4 बोकारो के गणेश कुमार क्षेत्रीय केंद्रीय विद्यालय जूडो प्रतियोगिता में चयनित हुए जो कि बोकारो मार्शल आर्ट अकैडमी में प्रशिक्षक सूरज कुमार की देखरेख में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं वह अंडर 14 में 50 किलोग्राम भार में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता खिलाड़ी के बोकारो आगमन पर शानदार स्वागत सूरज कुमार एवं बोकारो जूडो संघ के पदाधिकारी आयुष कुमार ठाकुर के द्वारा किया गया खिलाड़ी के इस शानदार प्रदर्शन पर बोकारो जूडो संघ के सचिव राजीव कुमार सिंह एवं अध्यक्ष विनय आनंद सहित अन्य पदाधिकारी में नईम अंसारी,उमेश नायडू,वासुदेव कुमार,दीपक रंजन, चिन्मय कुमार,संजू कुमार,धानांतर कुमार,प्रदीप कुमार,पायल कुमारी आदि ने अपनी शुभकामनाएं भेंट की।

### कॉमर्स इंटर कॉलेज में शासी निकाय की हुई बैठक

**कोडरमा :** झुमरीतिलैया कॉमर्स इंटर कॉलेज की बैठक कॉलेज के सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कोडरमा विधायक सह राज्य की पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ नीरा यादव ने की। बैठक में झारखंड एकेडमिक काउंसिल के निर्देश पर पूर्व के शासी निकाय की अवधि समाप्त होने पर शासी निकाय के पुनर्गठन पर चर्चा हुई। सर्वसम्मति से दानदाता के रूप में डॉ राजेंद्र प्रसाद तथा शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में अशोक कुमार सिंह का चयन किया गया। इसके साथ ही कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य के रूप में डॉ अरविंद कुमार की नियुक्ति करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में जैक के निर्देशानुसार कोडरमा के जिला शिक्षा पदाधिकारी अविनाश कुमार के साथ ही परिषद प्रतिनिधि के रूप में सीएच इंटर स्कूल के कृष्णकांत तिवारी भी मौजूद थे। इनके अलावा उक्त बैठक में कॉमर्स इंटर कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार, व्याख्याता प्रो उमेश राम, जगदीश रमन, उस्मान अंसारी, आलोक कुमार गुप्ता, श्रवण कुमार के अलावा अन्य शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मी उपस्थित थे।

# झारखंड पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष का भव्य स्वागत लंबित मामलों के शीघ्र समाधान का आश्वासन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** झारखंड पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव का आज बोकारो आगमन हुआ। उनके स्वागत में झारखंड मुक्ति मोर्चा बोकारो जिला इकाई द्वारा बोकारो परिषद में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर झामुमो के केंद्रीय सदस्य सह बोकारो महानगर अध्यक्ष मंटू यादव ने जिले की वर्तमान सामाजिक व राजनीतिक स्थिति से श्री यादव को अवगत कराया तथा पिछड़ा वर्ग से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस अवसर पर जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि आयोग से संबंधित सभी लंबित मामलों का शीघ्र समाधान किया जाएगा। उन्होंने पिछड़े वर्गों के हित में जारी सरकार की नीतियों की भी जानकारी दी और कार्यकर्ताओं से मिलने के लिए आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महानगर उपाध्यक्ष संजय केजरीवाल, आलोक सिंह, प्रवक्ता राकेश सिन्हा, कोषाध्यक्ष मिथुन मंडल, युवा मोर्चा अध्यक्ष रणधीर कुमार, महिला मोर्चा अध्यक्ष फिरदोष नूरी, व्यावसायिक मोर्चा अध्यक्ष ज्योति प्रकाश द्विवेदी, चास नगर अध्यक्ष प्रमोद कुमार तापड़िया, सचिव भागीरथ शर्मा, सदानंद गोप, युवा मोर्चा चास नगर अध्यक्ष सुमन वर्मा, सुनील सिंह, धर्मवीर गुप्ता, मस्तान अंसारी, रामदयाल सिंह, दिनेश बेसरा, हसन शेख, सलीम जी, प्रदीप यादव, दीपक जी, कलीम अंसारी, बम पाण्डे, रवि सिंह, मुक्तेश्वर महतो, राजकुमार सोरेन, पिंटू पासवान, दीपक बंसल, बैधनाथ पाल, हर्षदीप सिंह, अशोक हेंब्रम, प्रदीप मंडल, शमीर हुसैन, अनीत सिंह, श्याम कुमार बाउरी, अर्जुन महतो, सानिया बेगम, सुखविंदर सिंह, फिरोज अंसारी, अभिजीत सरकार, जयमाला देवी, रुबीना खातून, मन्नू सिन्हा, संजू देवी, आरती देवी, रूपलाल मांझी समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रोटरी क्लब ने मनाया राष्ट्रीय आम दिवस



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** रोटरी क्लब चास ने आज प्राथमिक विद्यालय स्पेशल हरिजन चास-१ को सर्वांगीण विकास के लिए गोद लिया तथा वहां के बच्चों के साथ राष्ट्रीय आम दिवस मनाया इस अवसर पर स्कूली बच्चों के बीच रोटरी क्लब चास द्वारा बच्चों के बीच आम का वितरण किया गया और बच्चों ने रसीले आम का स्वाद लिया। रोटरी क्लब चास की अध्यक्ष डिंपल कौर ने कहा की आम फलों का राजा है एवं सबसे ज्यादा पसंद किए जाने फलों में से एक है। इसीलिए इस स्वादिष्ट फल के सम्मान में 22 जुलाई को राष्ट्रीय आम दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर स्कूल के प्रांगण में पौधे भी लगाए गए और बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। स्कूल की प्रभारी प्राचार्य मंजुला कुमारी ने कहा कि रोटरी क्लब चास द्वारा आयोजित कार्यक्रम बच्चों के स्वास्थ्यवर्धक के साथ उनका बौद्धिक विकास होगा। रोटरी क्लब चास की सचिव ने कहा की रसीले फल आम खाने से सेहत को एक नहीं बल्कि कई फायदे मिलते है। श्वेता ने कहा की आम केवल स्वाद में नहीं बल्कि पोषण में भी अग्रणी है। इस अवसर पर विनोद चोपड़ा, पूजा बैद, कुमार अमरदीप, डॉ परिंदा सिंह, ललिता चोपड़ा, मंजीत सिंह, गौरव रस्तोगी, ज्योति अग्रवाल, मनप्रीत कौर, चनप्रीत सिंह, हरबंस सिंह ,विजय अग्रवाल, कविता मल्लिक, आनंद अग्रवाल, शैल रस्तोगी, संजय बैद आदि उपस्थित रहे।

## बीएसएल विस्तारीकरण के जनसमर्थन में 3 अगस्त को आयोजित होगा संगोष्ठी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** स्टील प्लांट के उत्पादन क्षमता को बढ़ाने हेतु प्रस्तावित विस्तारीकरण के जनसमर्थन में आगामी 3 अगस्त को संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह निर्णय सेक्टर 3 में विस्थापित नेता सुनील कुमार महतो की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिया गया। बैठक में दस हजार बोकारो वासियों द्वारा इस विस्तारीकरण परियोजना के समर्थन में और बोकारो जेनरल अस्पताल को सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के रूप में विकसित करने हेतु प्रधानमंत्री को पोस्टकार्ड भेजने को लेकर भी रणनीति बनी। तय किया गया कि संगोष्ठी कार्यक्रम में बोकारो के सभी वर्गों की बड़ी संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सघन जनसंपर्क चलाया जाएगा। इस संगोष्ठी कार्यक्रम से हीं दो लाख लोगों का उपरोक्त विषयों के समर्थन में हस्ताक्षर कराने के कार्य का भी शुभारंभ होगा। बैठक को सम्बोधित करते हुए कुमार अमित ने कहा कि इस विस्तारीकरण को धरातल पर आने से हीं बोकारो के विस्थापितों, कर्मचारियों और युवा बेरोजगारों की समस्याओं का समाधान होगा। इससे बोकारो के साथ साथ झारखण्ड के विकास को भी रफ़्तार मिलेगा। विस्थापित नेता निवारण प्रसाद महतो ने कहा कि विस्तारीकरण से एक ओर बेरोजगार विस्थापित युवाओं के समक्ष रोजगार के अवसर खुलेंगें वहीं दूसरी ओर विस्थापित गांवों का भी विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। डिप्लोमा यूनियन महामंत्री संदीप कुमार ने कहा कि बीएसएल के विस्तार होने से यहाँ मजदूरों की सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी साथ साथ लम्बित माँगें भी पुरी होंगी।

## मारवाड़ी युवा मंच शाखा की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ, समाज सेवा के लिए जताई निष्ठा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** मारवाड़ी युवा मंच झुमरी तिलैया शाखा का सत्र 2025-26 का शपथ ग्रहण समारोह आज भव्य रूप से सौरभ बैंक्वेट हॉल में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से की गई, जिसमें मंच के प्रांतीय पदाधिकारियों एवं स्थानीय सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर मंच के प्रांतीय अध्यक्ष डिंपल पाडिया, मंडलिया उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विकास झाझरिया, सह-सचिव विकाश अग्रवाल तथा सूचना एवं जनसंपर्क प्रांतीय संयोजक अमित शर्मा भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता अतुल सिंगल विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नव-निर्वाचित कार्यकारिणी को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। आज के कार्यक्रम का मन संचालन मोहक सुल्तानिया ने किया राहुल जैन को मंच का अध्यक्ष, अंकित केडिया को सचिव तथा राहुल चौधरी को कोषाध्यक्ष के रूप में शपथ दिलाई गई। इनके साथ शिवेश पचिसिया एवं शुभम चौधरी उपाध्यक्ष, अतुल खेतान सहसचिव के रूप में चयनित हुए। मुख्य अतिथि अतुल सिंघल ने कहा कि मारवाड़ी व्यापार के लिए, नहीं ईमानदारी परिश्रम संस्कार संस्कृति के लिए संस्कार संस्कृति के लिए जाना जाता है मंच को संस्कृति बचाए रखने के लिए आगे आने का आह्वान किया मारवाड़ी समाज हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाती है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष राहुल जैन ने कहा कि वे समाज सेवा को ही अपना धर्म मानते हैं और पूरी कार्यकारिणी प्रांतीय प्रोटोकॉल के अनुरूप निष्ठा एवं समर्पण के साथ जनकल्याण के कार्य करेगी। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय प्रकल्प संयोजकों की भी घोषणा की गई।

## प्रज्ञा केंद्र संचालक की आत्महत्या पर शोक तीन दिन तक बंद रहेंगी सभी ऑनलाइन सेवाएं



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** कोडरमा प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायत सचिवालयों में प्रज्ञा केंद्र संचालकों द्वारा तीन दिनों तक आम जनता को दिए जाने वाले सभी सेवाएं बंद रहेंगी। बीते 18 जुलाई को प्रज्ञा केंद्र संचालक जो कि मलकपुर पंचायत सचिवालय, जिला चतरा के प्रज्ञा संचालक थे। उनके द्वारा पंचायत भवन स्थित प्रज्ञा केंद्र में ही फांसी लगाकर आत्महत्या किया गया था। उन्होंने सुसाइड नोट के माध्यम से लिखा था कि अधिकारियों द्वारा काम का दबाव देना और समय पर पैसा न मिलना और आर्थिक तंगी होने के कारण उन्होंने अपना आत्महत्या कर स्वयं को बलिदान दे दिया। उनके श्रद्धांजलि एवं शोक के लिए कोडरमा प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायत शिफ्टेड प्रज्ञा केंद्र संचालकों द्वारा 25 जुलाई 2025 तक सभी ऑनलाइन सेवाएं बंद रखी जाएगी। इनके लिए, एक प्रतिनिधि मंडल ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को एक ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से उपेंद्र साव, मेहंदी हुसैन, सिकंदर कुमार, राजेंद्र प्रसाद बरनवाल, पंकज कुमार, सुजीत यादव, पार्वती देवी, सुमेश कुमार साव, दाऊद,मुबारक एवं अन्य संचालक वीएलई उपस्थित हुए।

# लाइफलाइन एक्सप्रेस शिविर में अब तक सैकड़ों सफल सर्जरी, 30 जुलाई तक जारी रहेंगी निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** जिला प्रशासन कोडरमा एवं इम्पैक्ट इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में संचालित लाइफलाइन एक्सप्रेस प्रोजेक्ट के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 11 जुलाई से 30 जुलाई 2025 तक सी० एच० हाई स्कूल, झुमरीतिलैया में आयोजित किया जा रहा है। इस विशेष शिविर में जिले के हजारों लोगों ने विभिन्न रोगों का इलाज एवं जांच का लाभ निःशुल्क ले रहे हैं। ज्ञात हो कि 11 जुलाई से 16 जुलाई,2025 तक आयोजित आंख की जाँच एवं मोतियाबिंद सर्जरी के क्रम में कुल 229 मरीजों का सफल ऑपरेशन कर उन्हें सकुशल घर भेजा गया था। वहीं 16 जुलाई से 21 जुलाई, 2025 तक आयोजित कान की जाँच एवं सर्जरी के क्रम में कुल 118 मरीजों का सफल ऑपरेशन कर उन्हें सकुशल घर भेजा गया। मरीजों एवं उनके परिजनों ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के शिविर से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग भी बेहतर इलाज का लाभ मिल पाया। मरीजों ने बताया कि वे कान में दिक्कत और सुनने की समस्या से लंबे समय से परेशान थे, लेकिन आर्थिक कारणों से इलाज नहीं करवा पा रहे थे। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर की जानकारी मिलने पर उन्होंने जांच कराया और सर्जरी करवाई। सभी लाभुकों ने जिला प्रशासन एवं प्रोजेक्ट इम्पैक्ट का धन्यवाद ज्ञापन किया। कान की जांच व सर्जरी दिनांक- 16 से 21 जुलाई 2025 तक सेवाओं का विवरण कुल पंजीकरण: 2852,स्वास्थ्य जांच : 1500 ENT सेवाएं: पीटीए / ऑडियोमेट्री की गई: 894 श्रवण यंत्र वितरित: 421 कान संबंधित सर्जरी: 118 कान संबंधित समस्या हेतु भर्ती: 221 यह शिविर 30 जुलाई, 2025 तक आयोजित रहेगी। आप सभी से अनुरोध है कि अधिक से अधिक इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे और निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा का लाभ लें। लाईफलाइन एक्सप्रेस शिविर की तिथियां एवं सेवाएं इस प्रकार हैं: 22-24 जुलाई: मुड़े हुए पैर की जांच एवं सर्जरी, कटे-फटे होंठ की जांच एवं सर्जरी। 25-30 जुलाई: दांत की जांच एवं उपचार जिला प्रशासन द्वारा मरीजों से अनुरोध किया गया है कि वे शिविर में आते समय अपना आधार कार्ड या अन्य पहचान पत्र अवश्य साथ लाएं। भर्ती रोगियों के साथ केवल एक सहयोगी को अनुमति दी जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### एकादशी प्रसाद वितरण कार्यक्रम को एक वर्ष पूर्ण, झुमरी तिलैया के श्याम प्रेमियों द्वारा आयोजित



**झुमरी तिलैया :** स्टेशन काली मंदिर में श्याम प्रेमियों द्वारा आयोजित कृष्ण पक्ष एकादशी प्रसाद वितरण कार्यक्रम ने अपने सेवा और श्रद्धा के एक वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। यह पावन सेवा कार्य भागवत पीठ के सुप्रसिद्ध कथा वाचक एवं गौ-भक्त श्री 108 गोपाल शरण महाराज जी के दिव्य मार्गदर्शन में प्रारंभ हुआ था। गौरतलब है कि इस कार्यक्रम की नींव महाराज जी के आध्यात्मिक संकल्प और समाज सेवा की भावना के साथ रखी गई थी। पप्पु सिंह ने कहा कि इसका उद्देश्य प्रत्येक कृष्ण पक्ष एकादशी पर प्रसाद वितरण के माध्यम से जनमानस में भक्ति, सेवा और संस्कारों की भावना को जागृत करना रहा है। श्याम प्रेमियों द्वारा पूरी निष्ठा के साथ इस सेवा कार्य को पूरे वर्ष संचालित किया गया। इस सेवा में शामिल रहे प्रमुख श्याम प्रेमियों में पप्पु सिंह,शुभम कुमार, सत्यम कुमार, सिरीश भदानी, आर्यन हर्ष राज, ऋषभ सिंह, अविनाश कपसीमें, विकास अठघरा, राजू अजमानी,रणधीर कपसीम, सुजीत सिंह, मधु सिंह, आराधना देवी, एवं सोनी सिंह का उल्लेखनीय योगदान रहा। कार्यक्रम की सफलता पर श्याम प्रेमियों ने सभी सेवाभावी श्रद्धालुओं के प्रति कृतज्ञता प्रकट की है तथा आने वाले समय में भी इस सेवा को और अधिक विस्तार देने का संकल्प लिया है। सहयोग करने वाले श्याम प्रेमी अभिषेक बर्णवाल, रीतेश सिन्हा, सीताराम केशरी, गिरधारी सोमानी, अरविंद चौधरी, विकाश बैसखियार, प्रमोद सिन्हा, भोला यादव, दीपेश जेटवा, नवीन माथुर, उत्कर्ष भदानी, अन्नु कुमारी, प्रियंका ओझा ने सहयोग दिया। श्री 108 गोपाल शरण महाराज जी ने भी इस अवसर पर सभी सहयोगियों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि – हरि नाम संकीर्तन, गौ सेवा एवं प्रसाद वितरण जैसे कार्य समाज को धर्म और मानवता की ओर ले जाने वाले सच्चे साधन है।

### मंत्री हाफिजूल हसन से कोडरमा जिला संगठन सचिव ने की मुलाकात



**कोडरमा :** गुड़गांव के मेदांता अस्पताल में भर्ती मंत्री हाफिजूल हसन से कोडरमा जिला संगठन सचिव अब्दुल क़ुद्दुश और उनके मित्र मरकच्चो प्रखंड झामुमो नेता सह पत्रकार जावेद ने मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। साथ ही उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना भी की मंत्री हाफिजूल हसन से मिलकर कोडरमा जिला के विभिन्न प्रकार के समस्याओं से अवगत कराया है मंत्री ने आश्वासन दिया है कि हम जल्द से जल्द झारखंड लौट रहे हैं और सारे समस्याओं का हम निदान करने का प्रयास करेंगे झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण एवं जल संसाधन मंत्री हाफिजूल हसन अंसारी इन दिनों गुड़गांव स्थित मेदांता अस्पताल में इलाजरत हैं। बीते चार जुलाई को उनका ओपन हार्ट सर्जरी हुई, जिसे डॉक्टरों ने सफल बताया है। सर्जरी के बाद उनकी स्थिति अब स्थिर और संतोषजनक बताई जा रही है।

### रॉयल पब्लिक स्कूल में एक्स्ट्रा माइल अवार्ड सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**बोकारो :** रॉयल पब्लिक स्कूल सेक्टर 4 के प्रांगण में मंगलवार को एक्स्ट्रा माइल अवार्ड समारोह आयोजित किया गया। जिसमें उन सभी बच्चों को सम्मानित किया गया जो साइंस ओलिंपियाड फाउंडेशन के एनएसओ की परीक्षा में नकद राशि ,गिफ्ट वाउचर, मेडल और सर्टिफिकेट जीते हैं। सम्मानित किए गए छात्रों में कक्षा 2 के निखिल , विजित और प्रियांशु ने नकद राशि 1667 रुपया और गोल्ड मेडल , कक्षा तीन की एंजेल केरकेट्टा ने 2500 रुपया और सिल्वर मेडल , पायल और रोहित ने 1 हजार रुपया और ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किए हैं। कक्षा तीन के आर्यन राज, अभी कुमार वर्मा, आरुषि राय ,लाडली कुमारी ,राहुल सिंह ,मानव, आर्या,अनुराधा को 1 हजार रुपया का गिफ्ट वाउचर साथ में गोल्ड मेडल, युवराज को 500 रुपया का गिफ्ट वाउचर और ब्रॉन्ज मेडल मिला। कक्षा 4 ,5 व 6 से अनंतारा ,पलक ,शौर्य राज ,शिशिर अक्षत, अनुराधा, श्याम सुंदर ,वीर सिंह सरस्वती सिंह, गुंजन उरांव,प्रिया कुमारी ,रुद्र प्रताप ,रुद्र प्रताप सिंह अर्पित अमय ने सर्टिफिकेट जीते। इस समारोह में नकद राशि प्राप्त विजेता के अभिभावक भी सम्मिलित हुए और अपने बच्चों का उत्साह बढ़ाया।

### डीपीएस बोकारो ने यूनाइटेड नेशंस सम्मेलन में मारी बाजी, जीता बेस्ट डेलिगेशन अवॉर्ड




**बोकारो :** डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपने वैश्विक ज्ञान, कुशल मेधाविता और नेतृत्व क्षमता का परचम लहराते हुए इंडियन इंटरनेशनल मूवमेंट ऑफ यूनाइट नेशंस 2025 के झारखंड चैप्टर सम्मेलन में कामयाबी का डंका बजाया। धनबाद स्थित क्रेडो वर्ल्ड स्कूल की मेजबानी में आयोजित इस कार्यक्रम की विभिन्न स्पर्धाओं में टीम डीपीएस बोकारो ने प्रथम स्थान के साथ बेस्ट स्कूल डेलिगेशन का खिताब व पुरस्कार अपने नाम किया। तीन-दिवसीय इस आयोजन में झारखंड भर से आए लगभग 250 छात्र-छात्राओं ने संयुक्त राष्ट्र की कार्यप्रणाली के अनुरूप विभिन्न देशों का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने जलवायु परिवर्तन, वैश्विक सुरक्षा, मानवाधिकार और सतत विकास जैसे कई वैश्विक मुद्दों पर अपने प्रस्तावों के साथ बहस प्रस्तुत की। टीम डीपीएस के सदस्यों ने गंभीरता, आत्मविश्वास और परिपक्वता का प्रदर्शन करते हुए कई श्रेणियों में समितियार पुरस्कार जीते। लोकसभा में भाविनी सिन्हा एवं प्रीतम सागर तथा एआईपीपीएम में मीनाक्षी तनु ने अलग-अलग भूमिकाओं के लिए पुरस्कार जीते।

# गायों से भरी वैन पकड़ने पर आर्मी जवान के खिलाफ केस दर्ज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरिया :** एक पिकअप वैन में क्रूरता पूर्वक मवेशियों से लदी गाड़ी को आर्मी के एक जवान द्वारा पकड़ कर सरिया पुलिस को हैंड ओवर करना उसे महंगा पड़ा। सरिया पुलिस द्वारा उल्टे उस आर्मी जवान सहित अन्य लोगों पर कांड संख्या 15/25 के तहत मामला दर्ज किया गया है। जिसमें तीन नाम जड़ सहित 15-20 अन्य अज्ञात लोगों को अभियुक्त बनाया गया है। इसे लेकर पीड़ित लोग न्याय के लिए अधिकारियों सहित सरकार के मंत्री के दरवाजे तक खटखटा रहे हैं। इस संबंध में पीड़ित व्यक्ति उमेश कुमार तथा निक्कू पांडेय (दोनों सरिया नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर तीन निवासी) ने बताया कि बीते 30 जनवरी 2025 की शाम ये दोनों बगोदर की ओर से अपना घर आ रहे थे। सरिया थाना परिसर में कुछ लोगों की भीड़ थी।जो इन्हीं दोनों के मोहल्ले के थे।भीड़ देखकर उक्त दोनों युवक सरिया थाना पहुंचे। जहां देखा कि आर्मी जवान अवध कुमार उर्फ बबलू तथा सरिया थाना में कार्यरत सहायक अवर निरीक्षक पुनाई उरांव से बहस हो रही थी। बताया गया कि क्रूरता पूर्वक पशुओं से लड़े उक्त वैन को आर्मी जवान द्वारा पड़कर पुलिस को सुपुर्द किया गया था तथा इस व्यापार में जुड़े लोगों पर मामला दर्ज करने की अपील की जा रही थी इसी बीच पुलिस व आर्मी जवान के बीच कहा-सुनी होने लगी। पुलिस द्वारा उक्त आर्मी जवान को कस्टडी में ले लिया गया। बाद में दोनों के बीच समझौता हुआ तथा पीआर बाउंड पर उमेश कुमार तथा निक्कू पांडेय से हस्ताक्षर करवा कर आर्मी जवान को मुक्त कर दिया गया। उक्त लोगों के थाना से चले आने के बाद सहायक अवर निरीक्षक पुनाई उरांव द्वारा आर्मी जवान अवध कुमार उर्फ बबलू, निक्कू पांडेय तथा उमेश कुमार को अभियुक्त बनाते हुए 15-20 अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज कर दिया गया है।जिसमें कई संगीन आरोप लगाए गए उक्त लोगों ने बताया कि इनके ऊपर लगाए गए आरोप में पुलिस ने लिखा है कि सरिया थाना के सिरीरिश्ता कक्ष में रात्रि के लगभग 9:30 बजे घुसकर जानवरों से लदे गाड़ी के पकड़े गए ड्राइवर को कथित आरोपी लोग घसीट कर निकाल रहे थे। उसे मना करने पर कथित आरोपी लोगों ने आवेदक पुणे उरांव व दो अन्य पुलिस कर्मियों पर जानलेवा हमला कर दिया सरकारी काम में बाधा पहुंचाया तथा थाना के पंजी को फाड़ने का प्रयास किया जैसे आरोप लगाए गए हैं। उक्त मामले की जानकारी आरोपियों को 5 माह बाद पुलिस द्वारा दी गई जिसमें कहा गया कि वे लोग न्यायालय जाकर अपना अपना जमानत(बेल) करा लें। उक्त पीड़ित आर्मी जवान तथा दो अन्य पीड़ित लोगों ने बताया कि पुलिस द्वारा उत्तर लोगों पर फर्जी मुकदमा कर इन्हें मानसिक तथा आर्थिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। उक्त लोगों ने आरक्षी अधीक्षक गिरिडीह तथा सरकार के मंत्री को आवेदन भी दिया है जिसमें कहा गया है कि मामले की जांच कर इन्हें आरोप मुक्त करते हुए इन पर लगाए गए झूठे मुकदमे को वापस किया जाए।



## एक नजर

### बोड़ाम बीओआई ने पीजीटी को सौंपा केसीसी ऋण पत्र

**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड सभागार में बीडीओ किकू महतो के हाथों सबर पहाड़िया परिवारों के उत्थान और विकास के लिए केसीसी ऋण स्वीकृति पत्र वितरण किया गया। इस दौरान बीडीओ किकू महतो, एलडीएम संजीव चौधरी, शाखा प्रबंधक राहुल कुमार, कृषि पदाधिकारी गोपाल सुंदर मंडल, बैंक कर्मी ब्रजेश कुमार पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

### सेक्टर 2 हेड पोस्ट ऑफिस में डाक कर्मियों का एक दिवसीय धरना

**बोकारो :** सेक्टर 2 स्थित हेड पोस्ट ऑफिस में आज संध्या को डाक विभाग के कर्मियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं लिया गया, तो वे आगामी 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। धरने का नेतृत्व मंडलीय सचिव प्रभात रंजन कर रहे थे। इस दौरान वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू करने, ग्रामीण डाक सेवकों को उचित मुआवजा, यूनिफॉर्म भत्ता बढ़ाने, कर्मचारियों की पदोन्नति तथा 40 सूत्री मांगों को शीघ्र मानने जैसी कई आवश्यक मांगें उठाई गईं। प्रदर्शनकारियों ने टारगेट और 'लॉगिन डे' जैसे प्रयासों को शोषण करार दिया और इन पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। साथ ही, 8वें वेतन आयोग को लागू करने, 50 प्रतिशत डीए को मूल वेतन में मर्ज किए जाने, ग्रामीण डाक सेवकों को 5 लाख रुपए का ग्रुप इंश्योरेंस एवं ग्रैच्युटी का लाभ देने की मांग की गई। इस मौके पर देवेंद्र कुमार (ऑर्गेनाइजर सेक्रेटरी), अभिषेक सिंह, प्रणव कुमार, भोला ठाकुर, अशोक, अभिजीत, दिनेश महता, जितेंद्र कुमार, लालमणि, रवि विश्वामित्र समेत कई कर्मचारी मौजूद थे। सभी ने एक स्वर में आगामी 31 जुलाई को टोकन धरना और उसके बाद अनिश्चितकालीन हड़ताल के लिए तैयार रहने की घोषणा की। कर्मचारियों का कहना है कि अगर उनकी मांगे नहीं मानी गईं, तो यह आंदोलन और भी व्यापक रूप ले सकता है।

# टेट परीक्षा की तिथि घोषित करने की मांग, प्रशिक्षित अभ्यर्थियों ने विधायक सविता महतो को सौंपा ज्ञापन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** झारखंड में पिछले कई वर्षों से लंबित शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) के आयोजन की मांग को लेकर झारखंड स्कूली शिक्षा सुधार मोर्चा से जुड़े प्रशिक्षित अभ्यर्थियों ने मंगलवार को ईचागढ़ की विधायक सविता महतो को उनके उलीयान जमशेदपुर स्थित आवास में एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने पहुँचे अभ्यर्थियों ने बताया कि वे सभी राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों से बी.एड. अथवा डिप्लोमा इन एलिमेंट्री एजुकेशन (डी.एल.एड.) पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण कर चुके हैं और शिक्षक पात्रता परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए पूर्णतः योग्य हैं। अभ्यर्थियों ने बताया कि झारखंड में विगत 9 वर्षों से शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित नहीं की गई है, जिससे लाखों योग्य और प्रशिक्षित युवाओं का भविष्य अधर में लटका हुआ है। अन्य राज्यों में यह परीक्षा नियमित रूप से आयोजित की जाती रही है, जबकि झारखंड में अब तक केवल वर्ष 2012 और 2016 में दो बार ही यह परीक्षा कराई गई है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 23(1) के अनुसार, किसी भी शिक्षक की नियुक्ति से पहले पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करना आवश्यक है। मोर्चा के प्रतिनिधियों ने संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार), अनुच्छेद 16 (सरकारी सेवा में समान अवसर) और अनुच्छेद 21 (जीवन और जीविका का अधिकार) का हवाला देते हुए इस परीक्षा के आयोजन में हो रही देरी को युवाओं के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन बताया। अभ्यर्थियों ने यह भी कहा कि राज्य सरकार द्वारा हाल ही में पात्रता परीक्षा के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे, किंतु बिना किसी स्पष्ट कारण के उसे रद्द कर दिया गया, जिससे अभ्यर्थियों में भारी निराशा है। इस अवसर पर विधायक सविता महतो ने आश्वासन दिया कि वे इस विषय को राज्य विधानसभा में उठाएँगी तथा सरकार से टेट परीक्षा के शीघ्र आयोजन की मांग करेंगी। मौके पर झारखंड स्कूली शिक्षा सुधार मोर्चा के गणेश महतो, सौरभ हालदार, अरूण महतो, निताई महतो, सुबोध मांझी, देव पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

### उच्च विद्यालय चौड़ा में चाहरदीवारी निर्माण कार्य का विधायक ने किया शिलान्यास

**ईचागढ़ :** मंगलवार को कुकडू प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय चौड़ा में छात्रों की सुरक्षा और विद्यालय परिसरों की सुदृढ़ता को ध्यान में रखते हुए चाहरदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास ईचागढ़ की विधायक सविता महतो ने विधिवत फीता काटकर किया। यह निर्माण कार्य झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची के तहत किया जाएगा। चाहरदीवारी निर्माण कार्य की लागत करीब 35 लाख रुपए है। इस अवसर पर विधायक सविता महतो ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने विद्यालय में मूलभूत सुविधाओं के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराई। यह भी उल्लेख किया कि उत्क्रमित उच्च विद्यालय चौड़ा को पुनः उच्च विद्यालय का दर्जा दिलाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है, जिससे अब यहां की शिक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। शिलान्यास कार्यक्रम में झामुमो कुकडू प्रखंड अध्यक्ष कृतिवास महतो, विधायक के आप्त सचिव काबलू महतो, झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल रशीद अंसारी, झामुमो चौड़ा पंचायत अध्यक्ष अंसार अली, झूलन कुमार, उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापिका सविता वाला, चौड़ा उर्दू विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अब्दुल गफ्फार समेत छात्र-छात्राएं और स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### बोड़ाम प्रखंड के प्रज्ञा केंद्र संचालकों ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड के प्रज्ञा केंद्र संचालकों ने बीडीओ किकू महतो को एक मांग पत्र सौंपा।ज्ञापन में चतरा में पंचायत भवन के भीएलई शैलेन्द्र सिंह की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की। दिवंगत शैलेन्द्र सिंह ने किस कारण से फंदे में झूलकर जान दे दी। इसकी जांच हो।जानकारी देते हुए सभी सदस्यों ने प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर तीन दिनों का हड़ताल रखने का निर्णय लिया है। वही पीड़ित परिवार के परिजनों को मुआवजा देने की मांग करने के साथ आत्महत्या के कारणों को जांच कर उजागर करवाने की मांग की है।सरकार से भीएलई को मिलने वाले लाभ को दिलाने की मांग की। वही 22 जुलाई से 24 जुलाई तक पंचायत में संचालित सभी प्रकार के कार्यों को बंद रखने का घोषणा किया है। इस दौरान ज्ञापन सौंपने वालो में प्रज्ञा केंद्र संचालकों में दीपेंद्र महतो, बलराम महतो, उपेन्द्र नाथ महतो, धनंजय महतो, राजाराम महतो, विपण चंद्र हांसदा, निबारण सिंह, वीरेन चंद्र महतो, रूपचंद, भूतनाथ महतो सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### बीडीओ ने मंद्रमों पश्चिमी पंचायत में योजनाओं का किया निरीक्षण




**सरिया :** सरिया प्रखंड के मंद्रमों पश्चिमी पंचायत में मंगलवार को मनरेगा, आवास सहित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का निरीक्षण बीडीओ ललित नारायण तिवारी ने किया । बिरहोर टंडा में पीएम जनमन योजना के तहत बन रहे जनजातीय आवासों का जायजा लिया गया। इस दौरान आदिम जनजाति के लाभुकों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना गया और शीघ्र आवास पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया गया। निरीक्षण के दौरान बिरहोर टंडा के आंगनबाड़ी केंद्र और स्कूल में बच्चों से मिलकर उन्हें शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। हालांकि, पंचायत भवन सुबह 11:30 बजे तक नहीं खुला था, जिसके लिए संबंधित लोगों को स्पष्टीकरण नोटिस जारी किया गया है। इस निरीक्षण के दौरान मनरेगा बीपीओ संजय कुमार, अकाउंटेंट पवन कुमार, आवास बी सी मुजाहिद, देवनन्दन कुमार सहित कई लोग मौजूद था।

### टावर लाइन में काम करते ताहीर की मौत चिरवां गांव में पसरा मातम

**सरिया :** गिरिडीह जिले के सरिया थाना क्षेत्र के कपलों पंचायत, चिरवां निवासी 35 वर्षीय ताहीर अंसारी, जो अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे, की मृत्यु ने उनके परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। उनके पीछे तीन बेटे—साहिल (13), शोएब राजा (10), चांद अंसारी (07)—और बेटी समीरा खातून (05) छूट गए हैं। ताहीर गुजरात में टावर लाइन के काम में लगे थे, जो प्रवासी मजदूरों के लिए खतरनाक कार्यों में से एक है। झारखंड के गिरिडीह, हजारीबाग, धनबाद और बोकारो जैसे जिलों से प्रवासी मजदूरों की मौत, अपहरण, हत्या या अन्य राज्यों में फंसने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। समाजसेवी सिकन्दर अली ने इस घटना पर शोक व्यक्त करते हुए बताया कि यह कोई पहली घटना नहीं है। रोजी-रोटी की तलाश में अन्य राज्यों या विदेशों में जाने वाले झारखंडी मजदूरों की मौत की खबरें बार-बार सामने आती हैं। उदाहरण के लिए, हाल ही में सऊदी अरब और कुवैत में हजारीबाग के दो मजदूरों की मौत की खबर आई थी, जहां वे निर्माण कार्यों में लगे थे। यह स्थिति झारखंड में पलायन की गंभीर समस्या को दशार्ती है। सरकार को प्रवासी मजदूरों की सुरक्षा और उनके लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए ठोस नीतियां बनाने की जरूरत है। साथ ही, कामगारों के लिए सुरक्षित कार्यस्थल और बीमा जैसी सुविधाएं सुनिश्चित करना भी आवश्यक है ताकि ऐसी दुखद घटनाओं को रोका जा सके। ताहीर अंसारी के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए, यह जरूरी है कि सरकार और सामाजिक संगठन उनके बच्चों और परिवार के भविष्य के लिए तत्काल सहायता प्रदान करें।

### सुमित ठाकुर को मिला पुलिस 'मैन ऑफ द वीक' पुरस्कार



**सिमडेगा :** एसपी कार्यालय में प्रतिनियुक्त आरक्षी / 743 सुमित कुमार ठाकुर को माह जुलाई 2025 के चतुर्थ सप्ताह में उत्कृष्ट टर्न आउट, कर्तव्य परायणता एवं सकारात्मक सोच के लिए पुलिस 'मैन ऑफ द वीक' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सुमित ठाकुर को पुरे लगनता के साथ ड्यूटी करने के लिये सम्मानित किया गया। मौके पर एसपी एम अर्शी व डीएसपी रणवीर सिंह ने उपहार व प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया।

# रीना महतो की निधन से पैतृक गांव में शोक की लहर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**मुरी :** मुरी झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता व समाजवादी नेता स्वर्गीय विष्णु चरण महतो की छोटी पुत्री रीना महतो के निधन से उनके पैतृक गांव कांटाडीह, सिंगपुर मुरी एवं शिक्षा जगत में शोक की लहर फैल गई। इन्होंने 17 जुलाई को अंतिम सांस ली। वे टाटीसिल्वे मध्य विद्यालय के प्रभारी प्रधान अध्यापिका थी। नामकुम स्थित स्वर्ण रेखा नदी घाट पर इनका अंतिम संस्कार किया गया। वे अपने पीछे पति सत्यनारायण महतो, एक पुत्र व एक पुत्री पूजा मेहता समेत भरापूरा परिवार छोड़ गई है। भारत सरकार के संस्कृति मंच की ओर से बिरसा मुंडा की गौरव दिवस पर इन्हें सम्मानित भी किया गया था। कुरमाली भाषा की पुस्तक लेखन में रीना महतो का योगदान लगा रहता था। उनके असमयिक निधन पर भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ राजाराम महतो, भागीरथ महतो, अमित महतो, नेपाल दास, गणेश महतो आदि ने गहरा शोक व्यक्त किया।

# जन्माष्टमी पर सांस्कृतिक उत्सव की तैयारी, विद्यालयों का हुआ आपसी संवाद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**मुरी :** मुरी डीएवी महात्मा आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल, सिल्ली में श्री श्री भक्ति वेदांत गुरुकुल कुटाम के सौजन्य से अंतर विद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु विशेष सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सिल्ली और मुरी क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं प्रतिनिधित्व की उपस्थिति में भक्ति वेदांत गुरुकुल कुटाम में एक भव्य अंतरविद्यालयी सांस्कृतिक उत्सव एवं प्रतियोगिता का आयोजन हेतु सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के रूप में विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, प्रधानाध्यापिका तथा उनके प्रतिनिधित्व उपस्थित रहे। डीएवी महात्मा आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल, सिल्ली की प्राचार्या बी. शरण, संत माइकल्स पब्लिक स्कूल के प्राचार्य सी. एल. प्रजापति,आदित्य बिड़ला हाई स्कूल मुरी से श्याम कुमार साह, उसुर्लाईन इंग्लिश मीडियम स्कूल से सिस्टर मिनाक्षी,उसुर्लाईन लाइन कॉन्वेंट स्कूल (बालिका) से सिस्टर सरिता,एस एस प्लस +2 हाई स्कूल से पवन पांडेय, आरटीसी पब्लिक स्कूल से तुलसी दास महतो,प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल से विनिता सिंह, अरुणिमा पब्लिक स्कूल से ममता सिंह,कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय से चंद्रिका कुमारी,चिराग पब्लिक स्कूल से दिनेश कुमार महतो सहित असिम कृष्ण दास गुरुकुल कुटाम ।इस अवसर पर असीम कृष्ण दास जी ने कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में कुटाम के महत्व पर अपना विचार व्यक्त किया।

# जिले के हर व्यापारियों की आवाज बनेगा चेंबर ऑफ कॉमर्स

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा :** सिमडेगा चैंबर ऑफ कॉमर्स के द्वारा मंगलवार को आनंद भवन में शपथ ग्रहण सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से विधायक भूषण बाड़ा, विधायक विक्सल कोंगाड़ी, एसपी एम अर्शी, डीटीओ संजय बाखला, डीएसपी रणवीर सिंह, झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष परेष गटटानी, स्कुटिव डायरेक्टर रोहित पोददार, संयुक्त सचिव विकास विजय वर्गीय, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी उपस्थित थे। मौके पर सिमडेगा चैंबर ऑफ कॉमर्स के नव गठित टीम के सभी सदस्यों को परेस गटटानी के द्वारा शपथ ग्रहण कराया गया। मौके पर अपने संबोधन में झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सहित अन्य पदधारियों ने व्यापारियों की एकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संगठित संघ को कोई परेशान नहीं कर सकता है। उन्होंने वर्तमान में व्यवसाय में ऑनलाईन शॉपिंग को एक चुनौती बताते हुए इसके खिलाफ एकजुट होकर कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की हर जायज समस्या के समाधान के लिए चैंबर हमेशा तैयार है। उन्होंने नव निर्वाचित टीम को बधाई और शुभकामना भी दी। मौके पर चैंबर के सभी सदस्यों के बीच प्रमाण पत्र का भी वितरण किया गया। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत चैंबर के अध्यक्ष मोती लाल अग्रवाल सहित उनकी टीम के द्वारा बुके, शॉल और मोमेंटो देकर किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन रिंकू और सहजादा प्रिंस ने की। कार्यक्रम में सदर थाना प्रभारी रोहित कुमार रजक, अधिवक्ता शमीम अख्तर, झामुमो जिला सचिव शफीक खान, डॉ भानू प्रताप, विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, शकील अहमद, सांसद प्रतिनिधि सतेंद्र रोहिल्ला आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में चैंबर की नवगठित कमिटि के सभी लोग एवं सभी व्यपारियों का योगदान रहा।

**व्यवसायियों के परेशानियों को किया जाएगा दूरः भूषण**

कार्यक्रम में अपने संबोधन में विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि वे भी खुद एक व्यवसायी रह चुके है। इसलिए व्सायियों के दर्द को समझते है। उन्होंने कहा कि व्यवसायियों की हर परेशानी को दूर करते हुए जिले में बड़े व्यवसाय के लिए बेहतर माहौल बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय में चैंबर भवन के निर्माण के लिए भी प्रयास किया जाएगा।


## जिला परिवहन कार्यालय, सिमडेगा

**सार्वजनिक सूचना**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि उप–परिवहन आयुक्त–सह–सचिव, दक्षिणी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार, राँची के पत्रांक 256 आर0टी0ए0/राँची दिनांक 18–07–2025 के आलोक मे दिनांक 30–07–2025 को प्रातः 11:30 बजे पूर्वाहन जिला परिवहन कार्यालय मे बिना परमिट के संचालित ऑटो रिक्शा वाहनो के परमिट निर्गत हेतु विशेष शिविर(कैम्प) का आयोजन किया जायेगा।

अतः सभी ऑटोरिक्शा/टोटो वाहन स्वामियों से अनुरोध है कि वे परमिट निर्गत करवाने के लिये आवश्यक कागजातों के साथ ऑनलाइन/ऑफलाइन आवेदन दिनांक 19–07–2025 से 28–07–2025 तक अनिवार्य रूप से जिला परिवहन कार्यालय, सिमडेगा मे जमा करना सुनिश्चित करें। ताकि शिविर के दिन उनका परमिट निर्गत किया जा सके।

**नोटः**– आवेदन के साथ सभी आवश्यक दस्तावेज़ जैसे–

1. वाहन पंजीयन प्रमाणपत्र
2. बीमा पत्र
3. फिटने सप्रमाण पत्र
4. पहचान पत्र (आधार कार्ड)
5. टैक्स अद्यतन की छाया प्रति आदि संलग्न करें।

**जिला परिवहन पदाधिकारी, सिमडेगा।**

PR.NO.357868 Simdega(25-26):D

## झारखण्ड सरकार कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, रॉची।

3rd PR. 353020

चतुर्थ अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं०–LAB/DWSD/25/2024-25 दिनांक– 22.07.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का पदनामएवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, रॉची। |
| 2 | वेबसाइट में निविदा प्रकाषन की तिथि एवं समय | दिनांक 24.07.2025 पूर्वाह्न 11.00 बजे से। |
| 3 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय. | दिनांक 31.07.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक। |
| 4 | ई–निविदा खोलने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 02.08.2025 पूर्वाह्न 11.00 बजे। |
| 5 | ई–निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना,डोरण्डा, रॉची–02। |
| 6 | ई–मेल | dwsdhatiaproject@gmail.com |
| 7 | निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष | 9204931335 |

**कार्य की विस्तृत विवरणीः-**

| क्र० सं० | कार्य का नाम | अग्रधन की राषि | परिमाण विपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | REQUEST PROPOSAL FOR SUPPLYING VARIOUS CHEMICALS AND REAGENTS IN 16 NOS.OF WATER TESTING LABORATORIES UNDER DW&SD, JHARKHAND RANCHI ZONE- DISTRICT LAB- RANCHI, HAZARIBAGH, CHATRA, RAMGARH, KODERMA, LATEHAR, GARHWA, MEDNINAGAR, LOHARDAGA, SIMDEGA, GUMLA, SUB DIVISIONAL LAB- PANKI (MEDNINAGAR), NAGAR UTAARI (GARHWA), PATRATU (RAMGARH), ORMANJHI (RANCHI EAST), BARWADIH (LATEHAR) | 2,08,000/- | 10,000/- |

**NB:- For Details**

1.निविदा अन्तर्गत परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि ई–गवर्नेंस विभाग झारखण्ड मंत्रालय, धुर्वा, राँची के आदेश सह ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के अनुरुप प्राप्त की जाएगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान सम्वेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जाएगा। उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाब देही सम्वेदक की होगी।
3. प्राक्कलित राशि घट अथवा बढ़ सकती है उसी प्रकार से अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि भी देय होगी है।
4. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http//:jharkhandtenders.gov.inपर देखा जा सकता हैं।

**कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, हटिया योजना, राँची।**

PR 357926 Drinking Water and Sanitation(25-26)D

# विशेष गहन पुनरीक्षण की आंच से तपने लगा पश्चिम बंगाल

बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर अभियान अपने अंतिम चरण में पहुंच रहा है। विपक्ष लगातार एसआईआर का विरोध कर रहा है। बिहार विधानमंडल के मानसून सत्र में भी एसआईआर के विरोध के स्वर सुनाई दे रहे हैं। एसआईआर का मामला देश की सर्वोच्च अदालत तक पहुंच चुका है। सर्वोच्च न्यायालय ने बिहार में एसआईआर पर रोक नहीं लगाई, लेकिन अभियान की टाइमिंग को लेकर प्रश्न अवश्य उठाए हैं। भारत निर्वाचन आयोग बिहार के बाद, चुनाव आयोग इस वर्ष के अंत तक 2026 में चुनाव होने वाले पांच राज्यों में मतदाता सूचियों की इसी प्रकार की समीक्षा करेगा। असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की विधानसभाओं का कार्यकाल अगले वर्ष मई-जून में समाप्त हो रहा है। ध्यान रहे पश्चिम बंगाल और असम दोनों ही राज्यों में एनआरसी बड़ा मुद्दा है क्योंकि इन राज्यों में बांग्लादेशी घुसपैठियों और शरणार्थियों की बड़ी संख्या है। पश्चिम बंगाल में जहां तृणमूल कांग्रेस एसआईआर को लेकर बेचैन है तो वहीं कांग्रेस असम को लेकर चिंतित है।

गैर भाजपशासित कई राज्यों से विरोध की आवाज उठने लगी है। हालांकि विरोध का सबसे ऊंचा स्वर पश्चिम बंगाल से सुनाई दे रहा है, जहां 2026 में विधानसभा चुनाव होंगे। बीती 21 जुलाई को कोलकाता में तृणमूल कांग्रेस की शहीद दिवस रैली में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा बंगाल में एसआईआर जैसी कवायद करने की योजना बना रही है, इसे कभी अनुमति नहीं दी जाएगी। वास्तव में, ममता के निशाने पर भारतीय जनता पार्टी है। एसआईआर कराना चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र का विषय है। सब कुछ जानते बूझते हुए भी ममता एसआईआर को लेकर भाजपा पर राजनीतिक बाण चला रही हैं। भला एसआईआर करवाने या न करवाने से भाजपा का क्या संबंध? सोचिए, पश्चिम बंगाल में एसआईआर अभी शुरू भी नहीं हुआ और ममता बनर्जी ने इसके विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। इसी से तृणमूल कांग्रेस की बेचैनी को समझा जा सकता है।

ममता बनर्जी का सार्वजनिक मंच से यह कहना कि पश्चिम बंगाल में एसआईआर की अनुमति नहीं दी जाएगी। सीधे तौर पर चुनाव आयोग को धमकी के साथ संविधान और संवैधानिक संस्था का अपमान भी है। संविधान और संवैधानिक संस्थाओं के प्रति तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के मन में आदर का भाव बचा ही नहीं है। सीबीआई के अधिकारियों को बंधक बनाने से लेकर ईडी के अधिकारियों पर प्राणघातक हमले में प्रदेश सरकार और तृणमूल कांग्रेस की भूमिका जगजाहिर है। अभी हाल ही में संसद द्वारा पारित वक्फ बिल के विरोध में ममता ने कहा था कि पश्चिम बंगाल में वक्फ कानून लागू नहीं होने देंगे। भला कोई संविधान के तहत निर्वाचित सरकार और मुख्यमंत्री ऐसे कैसे गैरजिम्मेदाराना संविधान विरोधी बयानबाजी कर सकता है। लेकिन पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार ने नियम कानून और संविधान को शायद खूंटी पर टांग रखा है।

ममता बनर्जी एसआईआर को एनआरसी यानी राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर से भी ज्यादा खतरनाक बता चुकी हैं। तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य डेरेक ओ ब्रायन ने बीती 28 जून को कहा कि चुनाव आयोग द्वारा घोषित मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण पिछले दरवाजे से एनआरसी लाने का एक भयावह कदम है। संसद के मानसून सत्र के दूसरे दिन बिहार वोटर लिस्ट मुद्दे पर विपक्षी सांसदों ने संसद में प्रदर्शन किया है। तृणमूल कांग्रेस के अलावा कांग्रेस, राजद, सपा और विपक्ष के अन्य दल इस विरोध में शामिल हैं। राजनीतिक हलकों में इस बात की जोरों से चर्चा है कि बिहार के बाद मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की बारी पश्चिम बंगाल की होगी।

## सूडोकु नवताल- 7499

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | 5 | | 2 | | 4 |
| 4 | 5 | | | | 9 | 7 | 1 | 8 |
| | | | | 7 | | | 5 | 3 |
| | 8 | 2 | 7 | | 5 | | | 6 |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| 5 | | | 1 | | 2 | 8 | 3 | |
| 8 | 4 | | | 9 | | | | |
| 3 | 6 | 1 | 2 | | | | 9 | 5 |
| 2 | | 5 | | 1 | | 6 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7498 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |

# 7/11 मुंबई ट्रेन ब्लास्ट के गुनहगार कौन? पीड़ितों को न्याय कब मिलेगा?

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

वो 11 जुलाई 2006 का काला दिन था, जब उन 189 लोगों ने अपने सुनहरे भविष्य की आशा के साथ तमाम सपनों को पूरा करने की जद्दोजहद के बीच मुंबई की लोकल ट्रेन में सफर किया था, उन्हें नहीं पता था कि आज का दिन भी उन्हें पूरा नसीब नहीं होनेवाला, वे अब कुछ ही समय बाद इस दुनिया को अलविदा कह देंगे। सिलसिलेवार सात बम धमाके-189 पैसेंजर मारे जाते हैं और 824 लोग बुरी तरह से घायल होते हैं। जिनमें कई वर्षों बाद आज भी अपने शरीर के अंग खोने एवं अन्य बीमारियों का भयंकर कष्ट हर रोज झेल रहे हैं। अब किससे कहें और कौन उन्हें न्याय देगा?

### न्याय के मंदिर में कौन सा निर्णय सही तब या अब?

पहले ही जो इस बम ब्लास्ट के आरोपी पकड़े गए थे, उनमें से एक को सबूतों के अभाव में छोड़ दिया गया था, शेष जिन 12 तत्कालीन गुनहगारों को सजा हुई, वे भी अब मुंबई हाई कोर्ट से निर्णय में यह कहते हुए बरी कर दिए गए हैं कि उनके खिलाफ शासन कोई ठोस सबूत प्रस्तुत नहीं कर पाया है। अब इससे जुड़े अनेक प्रश्न हैं जो उन तमाम 189 मृत लोगों के परिजनों के और जो जीवित रहे 824 लोग जिनमें से कई अपने शरीर के कोई न कोई अंग ब्लास्ट में खो चुके हैं, उनके और उनके परिवारजनों के मन में कौंध रहे हैं कि आखिर पहले जो निर्णय कोर्ट का दिया गया था, वह सही था या अब सही निर्णय हुआ है!

सबूत तो वे ही पुराने हैं। हो सकता है समय के साथ कुछ सबूतों में क्षीणता आई होगी, किंतु उसके बाद भी जो थ्योरी एवं तत्कालीन साक्ष्य न्यायालय में प्रस्तुत किए गए थे, उनके आधार पर विशेष अदालत ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) और गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) की विभिन्न धाराओं के तहत साज़िश रचने और देश के खिलाफ संगठित तरीके से अपराध करने का दोषी इन सभी आरोपियों को ठहराया था। लेकिन अब पकड़े गए 12 दोषी, दोष मुक्त हैं।

### शिकायत न्यायालय से नहीं, सिस्टम से

आप सोचिए; हमारी न्याय प्रणाली और उसके संकटों को! न्यायालय की कार्यप्रणाली पर कोई व्यंग्य नहीं, कोई प्रश्न नहीं, देरी के लिए कुछ भी नहीं कहना, किसी जज से कोई शिकायत नहीं, किंतु देश के वे तमाम लोग और जिस तरह से भारत की अस्मिता इस घटना से धूमिल हुई, वह आज न्याय चाहते हैं। अपने लिए, अपने देश के लिए और उस भारतीय लोकतंत्र के लिए जो यह घोषणा करता है कि किसी के साथ अन्याय नहीं होगा, भले ही न्याय मिलने में देरी हो। ऐसे में जो इस बम कांड से सीधे प्रभावित हुए हैं, उनके न्याय का क्या? क्या यह कोई छोटी घटना है? जहां एक व्यक्ति के जीवन का अत्यधिक मूल्य हो, वहां फिर इस घटना में तो 189 लोगों की जान गई गई!

### पहले भी नौ साल चला केस, तब आया था निर्णय

मुंबई में सात उपनगरीय यात्री ट्रेनों में हुए बम विस्फोटों का करीब नौ साल तक केस चलने के बाद स्पेशल मकोका कोर्ट ने 11 सितंबर 2015 को फैसला सुनाया था।जिस व्यक्ति को सबूतों के अभाव में सबसे पहले बरी किया गया था वह अब्दुल वाहिद दीन मोहम्मद शेख (38) है। अब्दुल वाहिद पर पाकिस्तानी बागवानों को शरण देने का आरोप था। एक गवाह अपने बयान से पलट गया। सबूत कमजोर हो गया। अन्य जिन्हें दोषी ठहराए गया था उनमें कमाल अहमद मोहम्मद वकील अंसारी, डॉ. तनवीर अहमद मोहम्मद इब्राहिम अंसारी, मोहम्मद फैसल अताउर रहमान शेख, एहतेशाम कुतुबुद्दीन सिद्दीकी, मोहम्मद माजिद मोहम्मद शफी, शेख मोहम्मद अली आलम शेख, मोहम्मद साजिद मरगूब अंसारी, मुजम्मिल अताउर रहमान शेख, सोहेल महमूद शेख, जमीर अहमद लतीफुर रहमान शेख, नवीद हुसैन खान रशीद हुसैन खान और आसिफ खान शामिल रहे। इन पर लगे आरोपों के अनुसार, कमाल अंसारी, फैसल शेख, एहतेशाम सिद्दीकी, नवीद खान और आसिफ खान ने विस्फोटों में अहम भूमिका निभाई थी। इन लोगों को आईपीसी की धारा 302 (हत्या) और धारा 120बी (आपराधिक षडयंत्र) के तहत और संगठित अपराध के लिए मकोका की धारा 3 (1) (i) के तहत दोषी ठहराया गया था। दोनों कानूनों में अधिकतम सजा मौत है। वहीं, दोषियों को गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए), विस्फोटक अधिनियम, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, सार्वजनिक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम और रेलवे अधिनियम की कई अन्य धाराओं के तहत दोषी पाया गया। कमाल अंसारी, मोहम्मद माजिद शफी और नवीद हुसैन को छोड़कर अन्य सभी को आईपीसी की धारा 124 ए के तहत राजद्रोह का दोषी ठहराया गया था।

### 11 मिनट में हुए थे सात प्रेशर कुकर बम ब्लास्ट

यहां ध्यान रहे कि मुंबई में 11 जुलाई 2006 को मुंबई की वेस्टर्न लाइन की लोकल ट्रेनों में शाम 6:24 से 6:35 बजे के बीच सात बम धमाके हुए थे। खार, बांद्रा, जोगेश्वरी, माहिम, बोरीवली, माटुंगा और मीरा-भायंदर रेलवे स्टेशनों के पास ये ब्लास्ट हुए। बम आरडीएक्स, अमोनियम नाइट्रेट, फ्यूल ऑयल और कीलों से बनाए गए थे, जिसे सात प्रेशर कुकर में रखकर टाइमर के जरिए उड़ाया गया था। सभी धमाके फर्स्ट क्लास कोचों में हुए थे।

### जांच में 30 नाम आए सामने, पकड़े गए 13 लोग

पुलिस की चार्जशीट में 30 आरोपी बनाए गए थे। इनमें से 13 की पहचान पाकिस्तानी नागरिकों के तौर पर हुई। एटीएस ने 13 संदिग्धों को गिरफ्तार किया, अन्य फरार बताए गए। एटीएस ने दावा किया कि धमाकों की साजिश लश्कर-ए-तैयबा के आजम चीमा ने पाकिस्तान के बहावलपुर में रची थी। 20 किलोग्राम आरडीएक्स गुजरात के रास्ते भारत लाया गया और उक्त घटना को अंजाम दिया गया। तत्कालीन समय में जब स्पेशल कोर्ट ने दोषियों को सजा सुनाई, तब न्यायालय के बाहर का दृश्य देखने लायक था। एटीएस टीम खुशी से झूम रही थी। एक-दूसरे का मुस्कुराते हुए अभिवादन कर रही थी और तस्वीरें खिंचवा रही थी। बम ब्लास्ट की जाँच के दौरान एंटी टेररिज्म स्क्वाड (एटीएस) से जुड़े सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी केपी रघुवंशी ने वहां मौजूद अधिकारियों जिनमें से कुछ अब सेवानिवृत्त हो चुके हैं को गले लगाया और सभी की मेहनत सफल होने पर उन्हें बधाई दी। उस समय के एटीएस प्रमुख विवेक फणसलकर बोले थे कि पूरे मामले को एक साथ जोड़ने के लिए सबूत इकट्ठा करने और बयान दर्ज करने में 135 अधिकारियों ने दिन-रात मेहनत की। इस फैसले से बहुत संतुष्टि मिली है।

### पीड़ित परिवार अचंभित

आप गंभीर संवेदनशील कल्पना करें और सोचें; यह दिन उन 189 पीड़ितों के परिवारों के लिए कितना अधिक भावुक दिन रहा होगा! नंदिनी जोकि 27 साल की थी, 11 जुलाई 2006 को बोरीवली स्टेशन पर हुए धमाके में मारी गई, उसके पिता रमेश नाइक ने न्याय के लिए लगातार लड़ाई लड़ी। पहले जब निर्णय आया था तब परिवार खुश था कि चलो बेटी को इंसाफ मिला, पर आज इंसाफ की लड़ाई लड़नेवाला ये परिवार अपने को टूटा महसूस कर रहा है। हेमलता दिल्लौद के पिता की मीरा रोड और भयंदर के बीच ट्रेन में बम विस्फोट से मृत्यु हो गई थी, तब वे 18 साल की थीं। उन्हें सरकार ने पश्चिम रेलवे में मलाड स्टेशन पर चपरासी की नौकरी दे दी जोकि निर्णय आनेवाले दिन तक भयंदर में बुकिंग क्लर्क हो गई थीं, जैसे ही उन्हें न्यायालय के इस फैसले की जानकारी लगी वे फूट-फूट कर रो रही थीं, इनका कहना रहा कि इन लोगों को फांसी होनी चाहिए थी। मैंने अपने पिता को सिर्फ 40 साल की उम्र में खो दिया था। उनके परिवारों को भी उनकी कमी खलनी चाहिए। हेमलता दिल्लौद और रमेश नाइक की तरह हर किसी पीड़ित परिवार की अपनी दुख भरी कहानी है। ये सभी परिवार न्याय की वेदी पर अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं। कई इस नए निर्णय आने के बाद रो पड़े हैं। वास्तव में ये दर्द सिर्फ एक परिवार का नहीं है। ये पीड़ा उन सभी परिवारों की है, जोकि किसी न किसी रूप में इस आतंकी घटना से प्रभावित हुए।

### इस एक निर्णय ने बदल दिए सभी मायने!

अब ये नया फैसला घटना के 19 साल बाद आया है, जिसने एक झटके में जैसा कि एटीएस का दावा था कि 135 अधिकारियों ने दिन-रात मेहनत के बाद आरोप सिद्ध हो पाए और दोषियों को सजा हुई, आज वह मेहनत सब बेकार हो चुकी है। वहीं, अदालत के बाहर का जो दृष्य था वह एटीएस टीम की खुशी से झूमनेवाला, एक-दूसरे का मुस्कुराते हुए अभिवादन कर तस्वीरें खिंचवानेवाला, उसका अब कोई मतलब नहीं रह गया है। आज मुंबई हाईकोर्ट ने कहा है कि प्रॉसीक्यूशन यानी सरकारी वकील आरोपियों के खिलाफ केस साबित करने में नाकाम रहे हैं। यह मानना मुश्किल है कि आरोपियों ने अपराध किया है, इसलिए उन्हें बरी किया जाता है। अगर वे किसी दूसरे मामले में वांटेड नहीं हैं, तो उन्हें तुरंत जेल से रिहा किया जाए। और फिर क्या था, कोर्ट के आदेश की तामील सोमवार 21 जुलाई की शाम से शुरू हो गई है।

### देश पूछ रहा, फिर दोषी कौन?

देश में घटी ये कोई छोटी घटना नहीं है। आज देश जानना चाहता है कि ये सभी दोषी नहीं तो कौन उन बम ब्लास्ट का गुनहगार है? क्या जिम्मेदारी कभी किसी की तय होगी? कोई तो गुनहगार होगा उन बम धमाकों का? पहले स्पेशल कोर्ट ने कमाल अंसारी, मोहम्मद फैजल शेख, एहतेशाम सिद्दीकी, नावीद खान, आसिफ खान इन पांच आरोपियों को फांसी की सजा सुनाई गई थी और तनवीर अहमद अंसारी, मोहम्मद माजिद, शेख मोहम्मद, साजिद अंसारी, मुजम्मिल शेख, सुहैल शेख और जमीर शेख इन सात आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। अभी कहनेवाले कह रहे हैं कि मजहब देखकर जांच एजेंसियों को दोषी ठहराने का काम किया, जो पकड़े गए वे तो बेचारे हैं, बेकसूर हैं।

# आखिर धनखड़ ने क्यों खो दिया मोदी सरकार का भरोसा?

**कृष्णमोहन झा**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संसद के मानसून सत्र के पहले ही दिन अपने पद से इस्तीफा देने की अचानक जो घोषणा की उसने सबको आश्चर्यचकित कर दिया। उपराष्ट्रपति होने के नाते वे राज्य सभा के पदेन सभापति भी थे। संसद के मानसून सत्र के पहले दिन प्रातःकाल उन्होंने उच्च सदन में सभापति के आसन पर बैठकर सदन की कार्यवाही का संचालन भी किया था और शाम को अचानक उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया। जगदीप धनखड़ ने कहा है कि वे स्वास्थ्य संबंधी कारणों से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे रहे हैं। धनखड़ देश के ऐसे पहले उपराष्ट्रपति हैं जिन्होंने संसद सत्र के दौरान अपना पद छोड़ने का फैसला किया है। जगदीप धनखड़ सोमवार रात को अपने उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद मंगलवार को राज्यसभा की बैठक में नहीं आए। उनकी जगह सभापति की कुर्सी पर उपसभापति हरिवंश आसीन थे यद्यपि सदन में हंगामा शुरू होने के बाद उन्होंने दोपहर सदन की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

जगदीप धनखड़ ने भले ही यह कहा है कि वे स्वास्थ्य कारणों से उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे रहे हैं लेकिन अचानक इस्तीफा देने के उनके फैसले ने राजनीतिक क्षेत्रों में हलचल मचा दी है। कोई भी यह समझने में असमर्थ है कि अगर स्वास्थ्य कारणों ने ही उन्हें उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के लिए विवश किया है तो उन्होंने संसद का मानसून सत्र प्रारंभ होने का इंतजार क्यों किया इसके साथ ही यह सवाल भी स्वाभाविक है कि अपने पद से इस्तीफा देने के लिए धनखड़ क्या सत्र समाप्त होने का इंतजार नहीं कर सकते थे। यहां यह ध्यान देने योग्य बात है कि मानसून सत्र के पहले दिन जब राज्य सभा की कार्रवाई शुरू हुई तब सभापति के आसन पर बैठे धनखड़ को देखकर यह अंदाजा लगाना मुश्किल था कि चंद घंटों के बाद ही वे स्वास्थ्य कारणों से इस्तीफा देने का मन बना चुके हैं। इसलिए अब यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि क्या मानसून के पहले दिन के शुरूआती चंद घंटों में ऐसा क्या हुआ कि धनखड़ ने उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफे की घोषणा करके सबको अचरज में डाल दिया। उससे भी अधिक अचरज की बात यह है कि सत्ता पक्ष के द्वारा धनखड़ से एक बार भी यह अनुरोध नहीं किया गया कि वे उपराष्ट्रपति पद छोड़ने के अपने फैसले पर पर पुनर्विचार करे। आनन फानन में उनका इस्तीफा भी राष्ट्रपति ने स्वीकार कर लिया। इस्तीफा स्वीकार होने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पर अपने संदेश में लिखा कि श्री जगदीप धनखड़ जी को भारत के उपराष्ट्रपति सहित कई भूमिकाओं में देश की सेवा करने का मौका मिला है। मैं उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता हूं। प्रधानमंत्री के इस संदेश में श्री धनखड़ की कार्यकुशलता को लेकर किसी भी तरह के प्रशंसात्मक शब्दों की कमी के अलग-अलग अर्थ निकाले जा रहे हैं। इस पूरे मामले में भाजपा और केंद्र सरकार के मंत्रियों की चुप्पी भी रहस्यमय प्रतीत होती है। इस पूरे मामले में सबसे मजेदार बात यह रही कि जिस कांग्रेस पार्टी ने अतीत में राज्यसभा के सभापति के रूप में जगदीप धनखड़ के फैसलों से नाराज होकर उनके विरुद्ध महाभियोग प्रस्ताव पेश किया था उसने सरकार से कहा कि वह धनखड़ को अपना इस्तीफा वापस लेने के लिए मनाए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश के अनुसार धनखड़ के इस्तीफे के पीछे स्वास्थ्य से भी बढ़कर कोई और वजह है। धनखड़ के विरुद्ध कांग्रेस पार्टी का यह महाभियोग प्रस्ताव तकनीकी कारणों से रद्द हो गया था लेकिन स्वतंत्र भारत के संसदीय इतिहास में उपराष्ट्रपति के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव की यह एकमात्र घटना थी। जगदीप धनखड़ के प्रति कांग्रेस के मन में अचानक उपजी सहानुभूति यह संकेत दे रही है कि कांग्रेस से उनकी कम होती दूरियां उनके इस्तीफे का कारण बन गईं।

उल्लेखनीय है कि जगदीप धनखड़ ने अभी कुछ दिन पूर्व ही एक कार्यक्रम में कहा था कि ईश्वर की कृपा से मैं दो साल बाद रिटायर हो जाऊंगा परंतु उनके' स्वास्थ्य' ने तीन साल में ही उपराष्ट्रपति की कुर्सी छोड़ने के लिए विवश कर दिया। राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि स्वास्थ्य संबंधी कारणों से अलग हटकर सोचें तो विगत कुछ दिनों में कुछ तो ऐसा हुआ है जिसकी वजह से जगदीप धनखड़ पर सरकार का भरोसा कम होता जा रहा था। तात्कालिक कारणों में यह माना जा रहा है कि संसद के मानसून सत्र के पहले दिन राज्यसभा में विपक्ष के 63 सांसदों के द्वारा जस्टिस यशवंत वर्मा के विरुद्ध पेश महाभियोग प्रस्ताव को सभापति जगदीप धनखड़ द्वारा स्वीकार किया जाना सत्ता पक्ष को रास नहीं आया। गौरतलब है कि कुछ माह पूर्व जस्टिस वर्मा के घर से करोड़ों रुपए की नगदी बरामद हुई थी। इसी मामले में लोकसभा में भी सत्तारूढ़ गठबंधन ने महाभियोग का नोटिस दिया था जिस पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के 152 सांसदों के हस्ताक्षर थे। राज्य सभा में पहले ही दिन सत्ता पक्ष को संभवतः यह भी पसंद नहीं आया कि पहलगाम हमले और आपरेशन सिंदूर को लेकर विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे को सदन में काफी देर तक सरकार को निशाना बनाने का मौका दिया गया। उस दौरान उन्हें टोंकते हुए केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा ने कहा कि सदन की कार्यवाही में कुछ भी रिकॉर्ड नहीं हो रहा है। जेपी नड्डा ने यह भी कहा कि जो कुछ मैं बोल रहा हूं वही सदन की कार्यवाही में रिकार्ड हो रहा है। यह सवाल भी उठाया जा सकता है कि सदन की कार्यवाही में किसी सदस्य की टिप्पणी को रिकॉर्ड न करने का आदेश तो केवल सभापति ही दे सकते हैं तो क्या नड्डा की बात से सभापति की कुर्सी पर बैठे जगदीप धनखड़ ने स्वयं को अपमानित महसूस किया। इसके बाद शाम को साढ़े चार बजे सभापति ने बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की जो बैठक बुलाई थी उसमें केंद्रीय मंत्री द्वय जेपी नड्डा और किरण रिरिजू का न पहुंचना शायद यह संकेत दे रहा था कि तब तक उपराष्ट्रपति पद से जगदीप धनखड़ के इस्तीफे की पटकथा लिखी जा चुकी थी। इसके कुछ ही घंटों बाद जगदीप धनखड़ के इस्तीफे की खबर ने सबको आश्चर्यचकित कर दिया परंतु शायद सत्तापक्ष को तो धनखड़ की ओर से इसी घोषणा के इंतजार में था इसीलिए उनकी मान-मनौव्वल के कोई प्रयास नहीं किए गए। उपराष्ट्रपति पद से जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के पीछे चाहे जो कारण रहे हों परन्तु इसमें दो राय नहीं हो सकती कि उन्होंने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल और देश के उपराष्ट्रपति के रूप में अपने पदों की जिम्मेदारियों का निष्पक्ष होकर निर्वहन करके विवादों से परहेज करने में शायद कभी रुचि नहीं दिखाई।

**(लेखक राजनैतिक विश्लेषक हैं)**

# आ गया भस्म, डमरू और त्रिनेत्रधारी शिव की अर्चना का पुण्यकाल

**योगेश कुमार गोयल**

शिवरात्रि को भगवान शिव का सबसे पवित्र दिन माना गया है। यह सकारात्मक ऊर्जा का स्रोत भी है। हालांकि पूरे साल मनाई जाने वाली इन शिवरात्रियों में से दो की मान्यता सर्वाधिक है, फाल्गुन महाशिवरात्रि और सावन शिवरात्रि। प्रायः जुलाई या अगस्त माह में मानसून के सावन महीने में मनाई जाने वाली सावन शिवरात्रि को कांवड़ यात्रा का समापन दिवस भी कहा जाता है।

मान्यता है कि जो भी भक्त इस दिन भगवान शिव अथवा शिवलिंग पर जल अर्पित करता है, भोलेनाथ उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी करते हैं। इस साल सावन शिवरात्रि का पर्व 23 जुलाई को मनाया जा रहा है। हिंदू पंचांग के अनुसार, इस वर्ष सावन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि की शुरूआत 23 जुलाई को सुबह 4 बजकर 39 मिनट पर हो रही है और यह तिथि अगले दिन यानी 24 जुलाई को अर्धरात्रि में 2 बजकर 24 मिनट पर समाप्त होगी। ऐसे में श्रद्धालु शिवरात्रि पर ब्रह्म मुहूर्त में भी भगवान शिव का जलाभिषेक कर सकते हैं।

विभिन्न हिन्दू तीर्थ स्थानों से गंगाजल भरकर शिवभक्त अपने स्थानीय शिव मंदिरों में इस पवित्र जल से भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार भारत में सावन शिवरात्रि का बहुत महत्व है। इस दिन गंगाजल से भगवान शिव का जलाभिषेक करना बहुत पुण्यकारी माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन तीर्थस्थलों के गंगाजल से जलाभिषेक के साथ भगवान शिव की विधि विधान से पूजा-अर्चना करने और व्रत रखने से वे शीघ्र प्रसन्न होते हैं और उनकी विशेष कृपा प्राप्त होती है। दाम्पत्य जीवन में प्रेम और सुख शांति बनाए रखने के लिए भी यह व्रत लाभकारी माना गया है। सावन शिवरात्रि के दिन व्रत रखने से क्रोध, ईर्ष्या, अभिमान और लोभ से मुक्ति मिलती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यह व्रत कुंवारी कन्याओं के लिए श्रेष्ठ माना गया है और यह व्रत रखने से क्रोध, ईर्ष्या, अभिमान तथा लोभ से भी मुक्ति मिलती है।


सर्वत्र पूजनीय शिव को समस्त देवों में अग्रणी और पूजनीय इसलिए भी माना गया है, क्योंकि वे अपने भक्तों पर बहुत जल्दी प्रसन्न होते हैं और दूध या जल की धारा, बेलपत्र व भांग की पत्तियों की भेंट से ही अपने भक्तों पर प्रसन्न होकर उनकी समस्त मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। वे भारत की भावनात्मक एवं राष्ट्रीय एकता तथा अखण्डता के प्रतीक हैं। भारत में शायद ही ऐसा कोई गांव मिले, जहां भगवान शिव का कोई मंदिर अथवा शिवलिंग स्थापित न हो। यदि कहीं शिव मंदिर न भी हो तो वहां किसी वृक्ष के नीचे अथवा किसी चबूतरे पर शिवलिंग तो अवश्य स्थापित मिल जाएगा। हालांकि बहुत से लोगों के मस्तिष्क में यह सवाल उमड़ता है कि जिस प्रकार विभिन्न महापुरुषों के जन्मदिन को उनकी जयंती के रूप में मनाया जाता है, उसी प्रकार भगवान शिव के जन्मदिन को उनकी जयंती के बजाय रात्रि के रूप में क्यों मनाया जाता है? इस संबंध में मान्यता है कि रात्रि को पापाचार, अज्ञानता और तमोगुण का प्रतीक माना गया है और कालिमा रूपी इन बुराइयों का नाश करने के लिए हर माह चराचर जगत में एक दिव्य ज्योति का अवतरण होता है, यही रात्रि शिवरात्रि है। शिव और रात्रि का शाब्दिक अर्थ एक धार्मिक पुस्तक में स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि जिसमें सारा जगत शयन करता है, जो विकार रहित है, वह शिव है अथवा जो अमंगल का ह्रास करते हैं, वे ही सुखमय, मंगलमय शिव हैं। जो सारे जगत को अपने अंदर लीन कर लेते हैं, वे ही करूणासागर भगवान शिव हैं। जो नित्य, सत्य, जगत आधार, विकार रहित, साक्षीस्वरूप हैं, वे ही शिव हैं। शिव के मस्तक पर अर्द्धचंद्र शोभायमान है, जिसके संबंध में कहा जाता है कि समुद्र मंथन के समय समुद्र से विष और अमृत के कलश उत्पन्न हुए थे। इस विष का प्रभाव इतना तीव्र था कि इससे समस्त सृष्टि का विनाश हो सकता था, ऐसे में भगवान शिव ने इस विष का पान कर सृष्टि को नया जीवनदान दिया जबकि अमृत का पान चन्द्रमा ने कर लिया। विषपान करने के कारण भगवान शिव का कंठ नीला पड़ गया, जिससे वे 'नीलकंठ' के नाम से जाने गए। विष के भीषण ताप के निवारण के लिए भगवान शिव ने चन्द्रमा की एक कला को अपने मस्तक पर धारण कर लिया। यही भगवान शिव का तीसरा नेत्र है और इसी कारण भगवान शिव 'चन्द्रशेखर' भी कहलाए।

धार्मिक ग्रंथों में भगवान शिव के बारे में उल्लेख मिलता है कि तीनों लोकों की अपार सुन्दरी और शीलवती गौरी को अर्धांगिनी बनाने वाले शिव प्रेतों और भूत-पिशाचों से घिरे रहते हैं। उनका शरीर भस्म से लिपटा रहता है, गले में सर्पों का हार शोभायमान रहता है, कंठ में विष है, जटाओं में जगत तारिणी मां गंगा हैं और माथे में प्रलयंकर ज्वाला है। बैल (नंदी) को भगवान शिव का वाहन माना गया है और ऐसी मान्यता है कि स्वयं अमंगल रूप होने पर भी भगवान शिव अपने भक्तों को मंगल, श्री और सुख-समृद्धि प्रदान करते हैं।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## दैनिक पंचांग

**23 जुलाई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कर्क में | सिंह | 07.18 बजे से |
| चंद्र | मिथुन में | कन्या | 09.30 बजे से |
| मंगल | सिंह में | तुला | 11.41 बजे से |
| बुध | कर्क में | वृश्चिक | 13.56 ब.से |
| गुरु | मिथुन में | धनु | 16.12 बजे से |
| शुक्र | वृष में | मकर | 18.17 बजे से |
| शनि | मीन में | कुंभ | 20.03 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मीन | 21.36 बजे से |
| केतु | सिंह में | मेष | 23.07 बजे से |
| राहुकाल 12.00 से 1.30 बजे तक | | वृष | 00.47 बजे से |
| | | मिथुन | 02.45 बजे से |
| | | कर्क | 04.58 बजे से |

**बुधवार** 2025 वर्ष का 204 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** श्रावण (दक्षिण भारत में आषाढ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** चतुर्दशी 02.29 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** आर्द्रा 17.55 बजे को समाप्त। **योग** व्याघात 12.34 बजे को समाप्त। **करण** विष्टि 15.32 बजे तदनन्तर शकुनि 02.29 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 20° 04' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872414 **जूलियन दिन** 2460879.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** मोहर्रम **तारीख** 27 **विशेष** सावन शिवरात्रि।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

एक नजर

## जेनरल अस्पताल के कैजुअल्टी के पास कमरे में आग, सभी मरीज सुरक्षित

**बोकारो :** सेक्टर थानांतर्गत बोकारो जेनरल अस्पताल में मंगलवार दोपहर अचानक अफरातफरी मच गई जब कैजुअल्टी वार्ड से सटे एक कमरे में आग लग गई। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, शॉर्ट सर्किट के कारण विंडो एसी में आग लगी, जिससे तेज धुआं पूरे वार्ड में फैल गया। अग्निकांड के वक्त वार्ड में चार मरीज भर्ती थे। स्थानीय नर्स, कैजुअल्टी स्टाफ और होम गार्ड की तत्परता से सभी मरीजों को सुरक्षित पुराने कैजुअल्टी वार्ड में शिफ्ट किया गया। आग लगने की सूचना तुरंत फायर ब्रिगेड को दी गई, जिसके बाद दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और समय रहते आग पर काबू पा लिया। अस्पताल प्रबंधन ने बयान जारी कर कहा कि आग सिर्फ कमरे में लगे विंडो एसी तक सीमित रही, अस्पताल भवन या अन्य उपकरणों को कोई नुकसान नहीं हुआ है। सभी मरीज पूरी तरह सुरक्षित हैं। धुएं के कारण कक्ष जांच के लिए फिलहाल बंद कर दिया गया है, और घटना की विस्तृत जांच चल रही है। सीआईएसएफ और दमकल विभाग के अधिकारियों ने भी पुष्टि की कि समय रहते आग बुझा ली गई, इसलिए जान-माल का कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। सुरक्षा जांच के साथ-साथ अस्पताल की टीम यह सुनिश्चित कर रही है कि भविष्य में इस प्रकार की घटना न दोहराई जाए।

## बीएसएल में वीआर आधारित सुरक्षा प्रशिक्षण और योग केंद्र का शुभारंभ

**बोकारो :** बीएसएल के सेक्टर 2 सी स्थित ठेका श्रमिक प्रशिक्षण केंद्र में वी आर लैब एवं योग प्रशिक्षण का शुभारम्भ निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी के द्वारा किया गया। इस मौके पर अधिशासी निदेशक (माइंस) विकास मनवटी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सी आर मिश्रा, बीजीएच के प्रभारी डॉ बी बी करुणामय, मुख्य महाप्रबंधक (एस & एफ एस) बी के सरतापे, मुख्य महाप्रबंधक (अनुरक्षण) शरद गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक (टेक्निकल) लक्ष्मी दास, वरीय अधिशासी, कर्मचारी तथा ठेका श्रमिक उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारम्भ में मुख्य महाप्रबंधक (एस & एफ एस) बी के सरतापे ने ठेका श्रमिकों के सुरक्षा प्रशिक्षण हेतु वर्चुअल रियलिटी लैब के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह लैब सभी ठेका श्रमिकों के कार्य सम्बंधित सुरक्षा प्रशिक्षण के लिए उन्नत तकनीक से सामान्य सुरक्षा, ऊंचाई पर काम करने के सुरक्षात्मक पहलु, सीमित स्थान में काम के प्रति सुरक्षा तथा जटिल कार्य विधियों के खतरों के बारे में प्रशिक्षण का नया आयाम खोलने का माध्यम है।

## सोशल मीडिया के जरिए मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला की हुई घर वापसी

**बोकारो :** समाज सेवा की मिसाल पेश करते हुए मय आई हेल्प यू फाउंडेशन बोकारो की टीम ने एक मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला पूजा घोष को सात महीने बाद उसके परिवार से मिलाया। पूजा, जो सरायकेला के केंड्रा से भटकते हुए बोकारो आ गई थीं, अपने परिवार से गत सात महीनों से लापता थीं। उनकी हालत को देखते हुए बोकारो महिला थाना प्रभारी मीरा लकरा ने मय आई हेल्प यू फाउंडेशन के अभिजीत कुमार (बिट्टू) से संपर्क किया और सहायता मांगी। संस्था के सदस्यों ने महिला को सुरक्षित स्थान पर आश्रय दिया और एक वीडियो बनाकर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा किया। यह वीडियो देखते ही देखते वायरल हो गया और पूजा घोष की पहचान उसके पड़ोसियों द्वारा की गई।

# रामगढ़ में जल जीवन मिशन की समीक्षा, कार्य में लापरवाही पर प्रधान सचिव ने जताई नाराजगी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** प्रधान सचिव पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखंड सरकार मस्तराम मीणा ने मंगलवार को रामगढ़ जिले का दौरा किया। इस दौरान अभियान निदेशक जल जीवन मिशन पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखंड सरकार रमेश घोलप प्रधान सचिव के साथ रहे। सर्वप्रथम प्रधान सचिव की अध्यक्षता में टाउन हॉल रामगढ़ में प्रखंड विकास पदाधिकारियों, मुखियाओं, जल सहियाओं, पंचायत सचिवों सहित अन्य के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके उपरांत प्रधान सचिव द्वारा समाहरणालय सभाकक्ष में जल जीवन मिशन के तहत जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई। संवाद कार्यक्रम के दौरान पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से मुखियाओं, जलसहियाओं पंचायत सचिवों आदि को जल जीवन मिशन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। इस दौरान सभी से उनके उनके क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत हुए कार्यों एवं हर घर नल योजना के तहत जलापूर्ति कनेक्शन के वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गई एवं कई दुविधाओं को दूर किया गया। संवाद कार्यक्रम के दौरान सभी को संबोधित करते हुए प्रधान सचिव ने राज्य सरकार की बहू ग्रामीण जलापूर्ति योजना का संचालन एवं रखरखाव नीति 2025 के संबंध में सभी को जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने संवाद कार्यक्रम के आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए सभी को जल जीवन मिशन के उद्देश्यों की पूर्ति करते हुए शत प्रतिशत घरों तक जलापूर्ति कनेक्शन सुनिश्चित करने को लेकर कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के सफल संचालन में आप सभी की सहभागिता बेहद जरूरी है। इस दौरान उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत हो रहे कार्यों की अधिकारियों को नियमित समीक्षा करने की बात कही मौके पर उन्होंने जलापूर्ति कनेक्शन लेने वाले ग्रामीणों को विभिन्न माध्यमों से मासिक जल शुल्क देने हेतु प्रेरित करने का निर्देश दिया। इसके लिए उन्होंने रचनात्मक तरीके से कार्य करने को लेकर कई उदाहरण संवाद कार्यक्रम के दौरान सभी को दिए। संवाद कार्यक्रम के दौरान अभियान निदेशक जल जीवन मिशन के द्वारा सभी को संबोधित करते हुए कहां की संवाद कार्यक्रम के दौरान आप सभी के द्वारा जो भी समस्याएं रखी गई है उन पर विभाग द्वारा त्वरित कार्य किया जाएगा। मौके पर उन्होंने जल के महत्व को समझने एवं सोच समझकर जल का उपयोग करने की सभी से अपील की साथ ही उनके द्वारा जल जीवन मिशन के तहत हो रहे कार्यों को लेकर भी कई जानकारियां सभी के साथ साझा की गई। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज ने सभी को संवाद कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी दी एवं कार्यक्रम के दौरान जो भी बातें बताई जा रही है उन्हें ध्यान पूर्वक सुनने एवं समझने की सभी से अपील की। संवाद कार्यक्रम के दौरान यूनिसेफ के वर्ष विशेषज्ञ कुमार प्रेमचंद के द्वारा सभी को पीपीटी के माध्यम से जल जीवन मिशन के सफल संचालन को लेकर तैयार पीपीटी की विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही उनके द्वारा सभी की दुविधाओं को भी दूर किया गया।

# स्व-सहायता से सशक्तिकरण तक सावित्री देवी की प्रेरणात्मक उधम यात्रा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिला के पतरातू प्रखण्ड के देवरिया गांव की रहने वाली सावित्री देवी आज हजारों-लाखों महिलाओं के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं। सावित्री देवी का जीवन आर्थिक अस्थिरता और सीमित अवसरों से सना हुआ था। वह स्वयं घरेलू महिला थीं, जबकि पति मजदूरी/ड्राइवर का काम कर रहे थे। परिवार की दैनिक जरूरतें तो पूरी हो जाती थीं लेकिन अतिरिक्त खर्च बहुत दुर्लभ थे। खर्च मुश्किल से चलता था, लेकिन जीवन में किसी भी अतिरिक्त सुविधा की गुंजाइश नहीं थी। उनका घर अस्थिर था, पक्का मकान नहीं था, और जरूरत पड़ने पर स्वरोजगार शुरू करने के लिए 10% जैसे ऊँचे ब्याज की समस्या थी। ऐसे में व्यवसाय की कल्पना भी दूर की बात लगती थी। ऐसी परिस्थितियों में जीवन में आगे बढ़ना बहुत ही मुश्किल था। 2016 में NRLM अंतर्गत JSLPS (झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी) पहल ने सावित्री और गाँव की अन्य महिलाओं को स्वं सहायता समूह के जरिए देवी महिला समूह में जोड़कर एक नया अवसर दिया। सावित्री देवी को समूह की लेखापाल के रूप में चुना गया और पाँच दिनों की प्रशिक्षण के बाद उन्हें मास्टर बुक कीपर की भूमिका मिली। समूह नियमित बैठकों, बचत आदत, लेखापरिषद स्टेटस, बैंकिंग और ऋण प्रबंधन की प्रक्रियाओं से परिचित हुआ जिससे सावित्री की आत्म विश्वास विकसित हुआ और आर्थिक निर्णयों में शामिल होने का मार्ग संभव हुआ। सावित्री देवी ने समूह के माध्यम से मात्र 1% मासिक ब्याज पर 10,000 का छोटा ऋण लिया। इस ऋण से उन्होंने किराना-जनरल स्टोर शुरू किया। इस छोटे व्यवसाय से उन्हें नियमित आय मिली, जिससे उनकी घरेलू आर्थिक स्थिति में जल्द सुधार हुआ और आत्म-सम्मान बढ़ा। थोड़े समय बाद उन्होंने समूह और बैंक से 1,50,000 का बड़ा ऋण लिया, जिससे चिकन सप्लाई का काम आरंभ किया उनके पति ने चिकन शॉप को स्वयं संभार लिया साथ ही साथ किराना-जनरल स्टोर व्यवसाय का दायरा बढ़ा और आर्थिक आधार मजबूत हुआ। इससे उन्हें हर महीने के 10,000-15,000 की आय होती है। अब सावित्री देवी की कुवार्षिक आय 1 लाख से अधिक हो जाती है। इस तरह छोटे से शुरू होती कहानी अब एक सुगठित व्यवसाय और संगठित समूह नेतृत्व में बदल चुकी थी। इस व्यवस्थित तरीके से व्यवसाय में आत्मनिर्भरता आई और परिवार की आर्थिक स्थिति में स्थायित्व आया।

## रजरप्पा घाट की स्वच्छता और देखरेख के लिए तीन पक्षों में हुआ एमओयू



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** रजरप्पा पर्यटन स्थल के दैनिक रखरखाव और देखभाल के लिए सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, सेवा फाउंडेशन और जिला प्रशासन रामगढ़ के बीच 22.07.2025 को उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की उपस्थिति में एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। भैरवी और दामोदर नदी के संगम पर स्थित झारखंड के इस लोकप्रिय पर्यटन स्थल में हर साल लाखों पर्यटक आते हैं। सीसीएल के सीएसआर फंड और जिला प्रशासन की देखरेख में, सेवा फाउंडेशन के स्वयंसेवक दो वर्षों के लिए इस परियोजना का कार्यान्वयन करेंगे। इसका उद्देश्य सार्वजनिक स्थानों, नदी घाटों आदि से नियमित रूप से गंदगी/कचरा उठाना और उसका सुरक्षित निपटान करना है। इस समझौते पर सिद्धार्थ एस लाल, महाप्रबंधक सीएसआर, सीसीएल, मारकस हेमरोम, जिला पर्यटन अधिकारी रामगढ़ और दीपक एस ठाकुर, अध्यक्ष सेवा फाउंडेशन ने कलेक्ट्रेट, रामगढ़ में हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉक्टर प्रभात शंकर सहित अन्य उपस्थित थे।

## बीएसएल प्रशासन की कार्रवाई, सरकारी जमीन से अवैध गाड़ियों की पार्किंग हटाई



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर-4 स्थित केंद्रीय विद्यालय के पास पिछले दो वर्षों से चल रही अवैध गाड़ियों की पार्किंग पर बीएसएल टाउनशिप प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। मारुति शोरूम द्वारा बीएसएल की सरकारी जमीन पर बिना किसी अनुमति और रेवेन्यू के लगातार नई गाड़ियाँ पार्क की जा रही थीं। कई बार प्रशासन द्वारा कार्रवाई के बावजूद शोरूम मालिक दोबारा वही गतिविधि शुरू कर देता था। सोमवार को बीएसएल टाउनशिप के डीजीएम कर्नल आर.एस. शेखावत ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर सरकारी जमीन को कब्जे से मुक्त कराया। कर्नल शेखावत ने बताया, इस भूमि का संरक्षण जरूरी था, और बार-बार शिकायतों के बाद यह कार्रवाई की गई। अब यहाँ 500 पेड़ लगाए जाएंगे जिससे क्षेत्र का पर्यावरण सुधरेगा। यही नहीं, प्रशासन ने सेक्टर 4 एफ सूर्य मंदिर के पास भी तारबंदी और वृक्षारोपण जैसे कदम उठाए हैं ताकि सरकारी संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। बीएसएल नगर प्रबंधन ने चेतावनी दी है कि बोकारो शहर में मौजूद अन्य शोरूम अगर इसी तरह की अवैध पार्किंग में संलिप्त पाए गए तो उन पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान लगातार जारी रहेगा, जिससे भविष्य में सरकारी भूमि का दुरुपयोग रोका जा सके।

# फूड सेफ्टी ट्रेनिंग करना सभी को अनिवार्य : दीपश्री श्रीवास्तव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** ज्ञानसिटी एजुकेशनल ट्रस्ट के तत्वाधान में मंगलवार को रामगढ़ स्थित होटल सैनी में फूड सेफ्टी को ले प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीपश्री श्रीवास्तव और एसीएमओ कार्यालय क्लर्क रामगढ़ रामनाथ प्रसाद मौजूद थे।मौके पर होटल व्यवसाई एवं प्रतिष्ठानों के दुकानदारो को खाद्य सुरक्षा नियमों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई। मौके पर मुख्य अतिथि दीपश्री श्रीवास्तव ने कहा कि फूड सेफ़्टी ट्रेनिंग सभी को करना अनिवार्य है। विभिन्न प्रतिष्ठानों के दुकानदारों को खाद्य सामग्रियों के खरीद बिक्री के समय साफ सफाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए। अंत में एफ० एस० एस० ए० आई0 के ट्रेनर राकेश सिंह डेकहा ने खाद्य सुरक्षा नियमों की जानकारी देते हुए हर हाल में इसका शत-प्रतिशत पालन करने की बात कही। उन्होंने कहा कि लोगों की सुरक्षा भी हम सबों का दायित्व है। ज्ञानसिटी एजुकेशनल ट्रस्ट के प्रोजेक्ट हेड रवि कुमार ने कहा कि सबों को अपने अपने प्रतिष्ठानों को साफ सुथरा रखना उनका दायित्व है। उन्होंने कहा कि सफाई के बल पर विभिन्न रोगों से बचा जा सकता है। अंत में एफ० एस० एस० ए० आई0 के ट्रेनर राकेश सिंह डेकहा ने कहा कि शत प्रतिशत वैक्सीनेशन के लिए खुद तो टिका लें कार्यक्रम को सफल बनाने में पवन कुमार सिंह, संजय विश्वकर्मा, नितेश मिश्रा,पूजा कुमारी , विवेक कुमार आदि का विशेष योगदान रहा।

# लाइवलीहुड माइक्रो क्रेडिट प्लान प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रामगढ़:** रामगढ़ जिले में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी अंतर्गत, सीएमटीसी गोला में एक दिवसीय एलएमसीपी (लाइवलीहुड माइक्रो क्रेडिट प्लान) प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में चितरपुर, दुलमी, रामगढ़ और पतरातु प्रखंडों से आए कुल 22 एलएमसीपी निर्णायक ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य स्व-सहायता समूह सदस्य हेतु व्यक्तिगत आजीविका माइक्रो-प्लान तैयार करने की क्षमता विकसित की जाए।

**प्रशिक्षण का उद्देश्य**

प्रत्येक एसएचजी सदस्य के लिए व्यक्ति-केंद्रित आजीविका योजना तैयार करना,आय स्त्रोतों, निवेश, ऋण विकल्प और रणनीतियों का समुचित विश्लेषण, समूह के भीतर वित्तीय संगठन को मजबूत करना। प्रशिक्षण में चर्चा किए गए मुख्य व्यक्तिगत माइक्रो-प्लानिंग, प्रत्येक सदस्य की वर्तमान आर्थिक स्थिति को समझना, संभावित आजीविका गतिविधियों का चिन्हांकन और प्राथमिकता तय करना, आय स्त्रोतों का विश्लेषण, मौजूदा व संभावित आय के अवसरों की पहचान, निवेश-लगत, ऋण विकल्प और वित्तीय प्रबंधन, सूक्ष्म ऋण, निवेश संरचना और भुगतान रणनीति,ब्याज दर, ऋण अवधि और पुनर्भुगतान शेड्यूल की रूपरेखा, समूह संगठन और बैंकिंग प्रणाली, एसएचजी संरचना, बचत रणनीतियाँ, वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता को सुनिश्चित करना।

**प्रशिक्षण का अपेक्षित प्रभाव**

एमसीपी फैसिलिटेटर एसएचजी सदस्यों को आर्थिक योजना तैयार करने में समर्थ होंगे, इससे आजीविका के विविध विकल्पों में जागरूकता और स्थानीय संभावनाओं का दोहन होगा, ऋण योजना एवं बैंकिंग लिंक के माध्यम से आर्थिक समावेशन को बढ़ावा मिलेगा, एसएचजी सदस्य संरचनात्मक बदलाव और आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर होंगे। मंगलवार को सीएमटीसी गोला में आयोजित यह एमसीपी प्रशिक्षण न केवल एमसीपीफैसिलिटेटरों को सशक्त बनाने वाला रहा, बल्कि एसएचजी सदस्यों के लिए व्यवस्थित, लक्ष्य-उन्मुख आर्थिक योजना तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा और ग्रामीण जीवन में स्थायी परिवर्तन की नींव मजबूत होगी।

संक्षिप्त खबरें

## विधायक ममता देवी ने रामगढ़ में तीन पीसीसी पथ निर्माण का किया शिलान्यास



**रामगढ़ :** विधायक ममता देवी द्वारा विधानसभा क्षेत्र में आम जनता के आकांक्षाओं और जनता के समस्याओं के आवागमन को सुगम बनाने के लिए रामगढ़ प्रखण्ड अंतर्गत बारलौंग चौक से उप स्वास्थ्य केंद्र तक पीसीसी, वार्ड नंबर 05 के छोटकी मुर्राम में विमलेश के घर से रंजीत साव के घर तक पीसीसी एवं रामगढ़ सौदागर मोहल्ला में रामचंद्र जायसवाल के घर से दुसाद मोहल्ला तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया।

## सशक्त पंचायत-नेत्री अभियान के तहत जिलास्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन



**रामगढ़ :** टाउन हॉल, रामगढ़ में सशक्त पंचायत-नेत्री अभियान के तहत जिलास्तरीय कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुधा देवी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी निशा कुमारी सिंह सहित अन्य के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधि, मुखिया, वार्ड सदस्य एवं अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य महिला प्रतिनिधियों की नेतृत्व क्षमता को सशक्त करना, पंचायती राज व्यवस्था में उनकी सक्रिय भूमिका को और मजबूत बनाना तथा ग्राम स्तर पर सुशासन को बढ़ावा देना है। प्रशिक्षण के दौरान महिला प्रतिनिधियों को शासन की विभिन्न योजनाओं, प्रबंधन कौशल, वित्तीय साक्षरता और निर्णय लेने की क्षमता पर मार्गदर्शन दिया गया। जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि महिला प्रतिनिधियों का सशक्तिकरण सामाजिक प्रगति का आधार है। इस तरह के प्रशिक्षण से ग्राम पंचायतों में महिलाओं की नेतृत्व क्षमता और जागरूकता बढ़ेगी। पंचायत स्तर की समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही करने की दिशा में प्रयास होना चाहिए। उन्होंने कई उदाहरण देकर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और अपने अधिकारों को समझने की प्रेरणा दी। वहीं, जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने महिला सशक्तिकरण और पंचायत स्तर पर सुशासन को लेकर महत्वपूर्ण बातें साझा कीं। इस कार्यशाला में जिले की महिला मुखिया, महिला वार्ड सदस्य, डीपीएम, सभी प्रखंड समन्वयक उपस्थित रहे।

## लायंस क्लब ने 'फूड फॉर हंगर' के तहत दिव्यांग बच्चों संग मनाया जन्मदिन



**भुरकुंडा :** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा द्वारा मंगलवार को फूड फॉर हंगर कार्यक्रम के अंतर्गत एक सराहनीय पहल की गई। क्लब के सचिव लायन अखिलेश शर्मा एवं उनकी सुपुत्री स्नेहा शर्मा ने अपना जन्मदिन आवासीय विकलांग विद्यालय सुकरीगड़ा (रामगढ़) के बच्चों के साथ मनाकर इसे खास बना दिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों संग केक काटा गया, उन्हें स्वादिष्ट भोजन, मिठाइयां एवं उपहार भी वितरित किए गए। इस अवसर पर बच्चों के चेहरों पर मुस्कान देखी गई, जिसने माहौल को भावनात्मक और आनंदमय बना दिया। लायंस क्लब सदैव ऐसे मानवीय प्रयासों के लिए प्रतिबद्ध रहा है और आगे भी समाजसेवा की यह भावना जारी रहेगी। मौके पर लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के अध्यक्ष लायन अशोक सिन्हा, पूर्व अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, पूर्व सचिव अंजू देवी, लायन माला शर्मा, प्रमोद शर्मा, सविता शर्मा, डॉ. एमके मंजुल, एमजेएफ संजय जायसवाल, रेनू जायसवाल एवं परिवार के सदस्य नेहा शर्मा, मीता शर्मा, सेजल शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## रामगढ़ में विश्व हिंदू परिषद का अगस्त में प्रांत कार्यसमिति का होगा बैठक



**रामगढ़ :** विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत के पदाधिकारियों का एक बैठक मंगलवार को रामगढ़ के सेवटा स्थित सिद्धि विनायक होटल व बैंक्वेट में संपन्न हुआ। बैठक में विशेष रूप से विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत के अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत,कार्यकारी अध्यक्ष तिलक राज मंगलम और विहिप प्रांत मिथिलेश्वर मिश्र उपस्थित हुए। विहिप प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत का प्रांत कार्यसमिति का बैठक इस वर्ष रामगढ़ में होना हुआ। जिसको लेकर का विहिप के प्रांत के पदाधिकारियों के साथ आगामी बैठक को लेकर चर्चा और विचार विमर्श किया गया। आगे उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय प्रांत कार्यसमिति कि बैठक दिनांक 1,2 और 3 अगस्त तक रामगढ में होना तय हुआ है जो रामगढ़ के सेवटा स्थित सिद्धि विनायक होटल व बैंक्वेट में संपन्न होगा।इस बैठक विहिप के आगामी कार्यक्रमों के लिए योजना बनाई जाएगी तथा पूर्व में किए कार्यों की समीक्षा भी की जाएगी। प्रांत कार्यसमिति कि बैठक में ही विहिप के द्वारा योजना बनाई जाती है और उसी योजना से विहिप के कार्यकर्ता आगे कार्य करते हैं। इस बैठक में विहिप के झारखंड प्रांत के पदाधिकारियों के अलावे झारखंड प्रांत के सभी जिलों के विहिप, बजरंग दल, मातृशक्ति और दुर्गा वाहिनी के पदाधिकारी शामिल होंगे। बैठक में मुख्य रूप से बजरंग दल प्रांत संयोजक रंगनाथ महतो, विहिप जिला अध्यक्ष संतु भाई मानिक, विहिप जिला मंत्री छोटू वर्मा, दुर्गा वाहिनी प्रांत संयोजिका कृति गौरव, जिला उपाध्यक्षा रमा शर्मा, विनय शर्मा, बीजू गोयनका, जितेंद्र मिश्रा,गीता मेहता सहित अन्य मौजूद थे।

## एक नजर

### हाइवा चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा न्यायिक हिरासत



**साहिबगंज/तालझारी:** थाना क्षेत्र के बेकचुरी स्थित एक पत्थर क्रशर संचालक के द्वारा तालझारी थाना प्रभारी को आवेदन देकर सूचित किया गया की सबदारा फाटक के पास एक हाईवा सड़क को जाम कर दिया गया है। वहीं थाना प्रभारी नितेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि बेकचुरी के एक स्टोन क्रशर संचालक के द्वारा आवेदन मिला कि जिसमें बताया गया कि राजमहल थाना क्षेत्र के टेकबथान गांव निवासी हाईवा मलिक मिथुन यादव उर्फ मिटुन यादव के द्वारा सबदारा फाटक के बीचो बीच अपना हाईवा खड़ा कर रोड जाम कर दिया गया और धमकी दिया गया की इधर से किसी भी गाड़ी को नहीं चलने दिया जाएगा। मामले को लेकर थाना में कांड संख्या 111/25 दर्ज कर हाईवा संख्या बीआरएस 186693 को जब्त कर थाना लाया गया एवं मिथुन यादव उर्फ मिटुन यादव को हिरासत में लेते हुए माननीय न्यायालय राजमहल भेजा गया।

### बिजली विभाग के एसडीओ के नेतृत्व में चलाया गया सघन जांच अभियान



**साहिबगंज:** नगर थाना क्षेत्र के कुलीपाड़ा मोहल्ले में मंगलवार को बिजली विभाग के एसडीओ ज्ञान चंद्र के नेतृत्व में बिजली विभाग के सभी कर्मियों ने अवैध रूप से बिजली चोरी करके बिजली का उपभोग करने के मामले में विशेष छापेमारी अभियान चलाया। जहां बिजली विभाग के द्वारा चलाए गए छापेमारी अभियान से अवैध रूप से बिजली का उपभोग करने वाले उपभोक्ताओं में हड़कंप मचा हुआ है। उधर बिजली विभाग की टीम ने इस दौरान 3 बिजली उपभोक्ताओं को अवैध रूप से बिजली का उपभोग करते हुए पकड़ा है। जहां इस मामले को लेकर एसडीओ ने बताया कि बोर्ड के निर्देश पर यह जांच अभियान आगे भी जारी रहेगी। वही उन्होंने बताया कि अवैध रूप से बिजली चोरी करके उपभोग करने वाले उपभोक्ताओं को धारा 135 के तहत एफआईआर दर्ज कराते हुए उनसे जुमार्ना भी वसूला जाएगा।

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो युवक हुआ घायल



**साहिबगंज:** मिजाचौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत मोटरसाइकिल सवार दो युवक मोटरसाइकिल दुर्घटना में बुरी तरह घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार मंडरो निवासी स्वर्ग संतान राय का 22 वर्ष पुत्र सुगनू कुमार राय व ड्रैगन कुमर का 20 वर्ष पुत्र मनीष कुमार बीते रात्रि बोरियो शादी में गया हुआ था। जहां बीते रात्रि सोमवार को 11:30 बजे शादी से लौटने के दौरान रास्ते में मारचो के पास तेज रफ्तार मोटरसाइकिल अनियंत्रित होने के कारण एक खंभा में जा टकराया, जिससे दोनों मोटरसाइकिल सवार युवक बुरी तरह घायल होकर जमीन पर गिर मूर्छित हो गया। जहां राहगीरों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों के द्वारा दोनों घायल युवकों का इलाज किया गया। सदर अस्पताल में दोनों घायल युवक का चिकित्सकों के देखरेख में इलाज चल रहा है।

# यौन शोषण के आरोप मामले में लोगों ने किया प्रदर्शन, डीसी और एसएसपी को सौंपा ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पूर्वी सिंहभूम :** सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान भगवान सिंह और महासचिव गुरुचरण सिंह बिल्ला पर यौन शोषण के आरोप लगने के बाद मंगलवार को सिख समाज के लोगों ने डीसी ऑफिस के बाहर धरना-प्रदर्शन कर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल रहीं।इस दौरान आरोपित भगवान सिंह और अन्य भी मौजूद थे। सिख समाज के लोगों ने प्रदर्शन के दौरान भगवान सिंह निर्दोष हैं के नारे लगाए और डीसी एवं एसएसपी कार्यालय को ज्ञापन सौंपकर कहा कि इस मामले की गहन जांच कराई जाए। इससे पहले रैली निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या महिला और पुरुषों ने नारेबाजी करते हुए रैली निकाली।जिममें वे हाथों बैनर पोस्टर लिए नारेबाजी करते रहे। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि प्रधान भगवान सिंह और महासचिव गुरुचरण सिंह बिल्ला को बदनाम करने के लिए यह एक सोची-समझी साजिश है। आरोप लगाया गया है कि एक महिला द्वारा दोनों पदाधिकारियों पर यौन शोषण का आरोप लगाकर न्यायालय में मामला दर्ज कराया गया है। कमेटी की ओर से स्पष्ट किया गया कि समाज के ही कुछ असामाजिक तत्व इन पदाधिकारियों से गलत कार्य करवाना चाहते थे। उनके इनकार करने पर उनके खिलाफ षड्यंत्र रचा गया। बताया गया कि चार से पांच लोगों का समूह इस मामले को जानबूझकर हवा दे रहा है ताकि सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की साख को नुकसान पहुंचाया जा सके। कमेटी ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और जांच में कमेटी प्रशासन का पूर्ण सहयोग करेगी।

## एसडीपीआई जिला कमेटी का बैठक संपन्न



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ज़िले में मंगलवार को एसडीपीआई पाकुड़ जिला कमेटी का मासिक बैठक क्षेत्रीय कार्यालय पाकुड़ में आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मोबारक शैख ने किया। बैठक में पाकुड़ जिला प्रभारी शमीम अख्तर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में पार्टी विस्तार के तहत चल रहे ग्राम पंचायत एसडीपीआई कमेटी एवं ब्रांच कमेटी के गठन पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। प्रखंड अध्यक्षों एवं ब्रांच अध्यक्षों से उनके क्षेत्र अंतर्गत आने वाले पंचायत की कमेटी के गठन के बारे में जानकारी ली गई साथ ही पार्टी को सशक्त बनाने के लिए फंड कलेक्शन एवं प्रदेश एसडीपीआई से मिलने वाले निर्देशों के बारे में सभी को जानकारी दी गई। बैठक को संबोधित करते हुए माननीय प्रदेश अध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य हनजला शैख जी ने कहा कि प्रदेश कमेटी के निर्देश प्राप्त प्रखंड से लेकर पंचायत, ब्रांच की कमेटी को सशक्त बनाने के लिए मेहनत करें। ग्राम पंचायत की कमेटी हम सबको पूरी निष्ठा और तन्मयता से बनाना है जब तक ग्राम स्तर की कमिटी मजबूत नहीं होती तबतक संगठन के मजबूत होने की बात करना बेमानी होगी। हमें अगर एसडीपीआई को मजबूत करना है तो ग्राम स्तर की कमिटियों को मजबूत करना होगा। ग्राम पंचायत कमेटी बनाने में पार्टी के निर्देशों का पालन जरूर करें। मौके पर रॉनी शैख, मनजर शैख, नजमूल हक, मोजाहिद, मोसा शेख, हजरत अली, असमाउल, वहिदुर आदि उपस्थित थे।

## आरपीएफ ने पश्चिम बंगाल के मोबाइल झपटामार को किया गिरफ्तार, चोरी का मोबाइल व नगद बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरहरवा :** मंगलवार को बोनीडांगा रेलवे स्टेशन कैंपिंग स्टाफ कांस्टेबल सुजीत कुमार सिंह बरहरवा आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार को सूचना दी कि एक व्यक्ति ट्रेन नंबर 15658 ब्रह्मपुत्र मेल से बोनीडांगा के एलसी गेट नंबर 65 में संदिग्ध अवस्था में उतरा है। बरहरवा आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने सूचना प्राप्त कर अपने साथ सहायक उप निरीक्षक सुरेश पासवान और सहायक उप निरीक्षक अजय कुमार हांसदा को साथ लेकर सूचना के आधार पर एलसी गेट पर पहुंचे तो,पीछे से निगरानी कर रहे कांस्टेबल सुजीत कुमार सिंह ने एक रेड शर्ट पहने व्यक्ति की तरफ इशारा किया। जब आरपीएफ इंस्पेक्टर बरहरवा ने उसे संदिग्ध व्यक्ति को रुकने के लिए कहा तो वह व्यक्ति भागने लगा जिसे चारों तरफ से घेर कर धर दबोचा गया। पकड़े गए व्यक्ति से पूछताछ किया गया तो उसने अपना नाम पता शिवा चौधरी उर्फ भोला उम्र 27 वर्ष, पिता संजय चौधरी, ग्राम गिरजा मोड़, थाना इंग्लिश बाजार, जिला मालदा, पश्चिम बंगाल बताया। पूछताछ में आगे बताया कि वह आज मालदा से ब्रह्मपुत्र मेल में चढ़ा था और जब ट्रेन बोनीडांगा स्टेशन से निकलने के बाद ट्रेन धीमी हुई तो उसने एक यात्री का मोबाइल हाथ से झपट्टा मार कर चलती ट्रेन से उतर गया। उसने अपनी गलती को स्वीकार किया,उसके बाद उसकी जमा तलाशी ली गई तो उसके पास से एक वीवो वी29 एंड्रॉइड मोबाइल और एक हजार रुपए नगद बरामद हुए, उसने उक्त मोबाइल फोन और पैसे को चोरी करने की बात को लेकर स्वीकारोक्ति बयान दिया। तत्पश्चात सहायक उप निरीक्षक सुरेश पासवान के द्वारा सभी बरामद समान को उपस्थित गवाहों की मौजूदगी में जब्त किया गया और आरपीएफ पोस्ट बरहरवा लाया गया।

## मनमानी टैक्स वसूली पर चैंबर अध्यक्ष ने जताई आपत्ति, डीसी से कार्रवाई की मांग



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** ईस्टर्न झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने डीसी को पत्र लिख शहर के एंट्री व एग्जिट शुल्क के नाम पर पूर्वी एवं पश्चिमी चेकनाका एवं शहर में वाहनों से मनमानी राशि वसूलने की शिकायत की है। उन्होंने पत्र में बताया कि इससे व्यवपारियों को व्यापार करने में भारी परेशानी हो रही है। माल खाली कर शहर से बाहर जाने वाले वाहनों पर तो टैक्स लगना ही नहीं चाहिए। वाहनों से एंट्री के नाम पर 250 रुपये शुल्क लग रहा है। जबकि शहर में 12 घंटे का नो इंट्री है। कोई वाहन माल डंप कर 12 घंटे के बाद ही निकलेगी। ऐसे में उसे पुनः 250 रुपये देने पड़ रहे हैं और शहर में भी उनसे 40-50 रुपये लिए जा रहे हैं। इससे व्यपारियों का माल लेकर कोई वाहन साहिबगंज आना नहीं चाहता। इस संदर्भ में गिरिडीह के एक मामले में हाईकोर्ट ने सभी नगर निगम में परिवहन टैक्स वसूलने पर रोक लगाई है। लेकिन साहिबगंज में नगर परिषद कोर्ट के इस आदेश के बावजूद शहर में मनमानी तरीके से वाहन टैक्स वसूल कर रही है। चैंबर अध्यक्ष ने तत्काल प्रभाव से मनमानी टैक्स वसूली पर रोक लगाने की मांग की है।

## डीसी ने जनता दरबार में सुनीं जन समस्याएं

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** डीसी कार्यालय प्रकोष्ठ में डीसी-सह-जिला दंडाधिकारी हेमंत सती द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान डीसी ने जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से मुलाकात कर उनके समस्याओं से अवगत हुए। इसके साथ ही डीसी द्वारा उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इसके साथ ही जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आए, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकताओं की समस्याओं को सुनने के बाद डीसी ने संबंधित विभाग के पदाधिकारीयों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करें। साथ ही उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अपना प्रतिपुष्टि डीसी कार्यालय को समर्पित करें। ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो सके। ज्ञात हो कि हर सप्ताह मंगलवार एवं शुक्रवार को डीसी कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।

# केंद्रीय टीम ने स्वच्छ भारत मिशन की योजनाओं का किया निरीक्षण

- स्वच्छता के क्षेत्र में किए गए कार्यो का टीम ने किया सराहना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** ज़िले में स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 की सर्वेक्षण दल के केंद्रीय टीम द्वारा प्रखंड पाकुड़ के मालपहाड़ी पंचायत का सर्वेक्षण किया गया। इस अवसर पर पंचायत भवन में मुखिया सविता हेंब्रम के द्वारा भारत सरकार के स्वतंत्र एजेंसी एकेडमिक ऑफ मैनेजमेंट स्टडी के प्रतिनिधि सविता कुमारी, श्वेता कुमारी को मुखिया के द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया। सर्वेक्षण दल के द्वारा मुख्य से आवश्यक जानकारी प्राप्त की गई एवं स्वच्छता के क्षेत्र में किए गए उपलब्धियां एवं व्यवहार परिवर्तन तथा अवयवों के उपयोग से सबंधित आंकड़े लिए गए एवं प्रत्यक्ष रूप से अवलोकन किया गया जिसमें पंचायत, आंगनबाड़ी केंद्र, विद्यालय, स्वास्थ्य केंद्र, धार्मिक स्थल में अंतर्गत सूखा कचरा अलग गीला कचरा अलग जैविक कचरा महावारी स्वच्छता प्रबंधन हेतु भस्मक का निर्माण सोख्ता गड्ढा, जैविक खाद, कंपोस्ट पिट, हाथ धोने की व्यवस्था, कचरे को निष्पादन हेतु उचित व्यवस्था तथा व्यक्तिगत शौचालय के लाभों के साथ आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए निर्माण किए गए अवयवों के उपयोग से संबंधित जानकारी ली गई। स्वच्छता के क्षेत्र में किए गए कार्यो का टीम ने सराहना किया। इस अवसर पर जिला समन्वयक इमरान आलम, पंचायत सचिव सुकुमार सिंह, आंगनबाड़ी सेविका प्रिया बेसरा, एएनएम दीदी हर्ष लता मुर्मू, जलसहिया सबीना मुर्मू, नाजमेरा बीवी स्वास्थ्य सहिया लिली सहित पंचायत के कर्मी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### जहरीले दवा का सेवन करने से इलाज के दौरान किशोरी का हुआ मौत



**साहिबगंज:** बोरियो थाना क्षेत्र अंतर्गत एक किशोरी बीते संध्या सोमवार को जहरीले दवा का सेवन करने से इलाज के दौरान मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार लदोनी पहाड़ निवासी कजरा पहाड़िया का 16 वर्ष पुत्री बुधनी पहाड़ीन किसी बात को लेकर गुस्से में आकर चिड़िया मारने वाला दवा का सेवन कर लेने से घर में मूर्छित होकर जमीन पर पड़ी हुई थी। किशोरी के चाचा ने बताया कि घर में रखें चिड़िया मारने वाला दवा पीकर मूर्छित हो गई। जहां किशोरी के परिजन खेत में काम करने के लिए गए हुए थे। जब संध्या 6:00 बजे घर आया तो देखा किशोरी जमीन पर मूर्छित पड़ी हुई है। परिजनों ने आनन फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज बीते रात्रि सोमवार को 10 बजे लाया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने किशोरी का इलाज किया और भर्ती कर लिया गया। सदर अस्पताल में डॉक्टर की देखरेख में इलाज चल रहा था। वही इलाज के दौरान मंगलवार की दोपहर किशोरी का मौत हो गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### डीटीओ की मौजूदगी में गांधी चौक के पास चलाया सघन वाहन जांच अभियान



**साहिबगंज:** नगर थाना क्षेत्र के गांधी चौक के पास जिला परिवहन पदाधिकारी मिथलेश कुमार चौधरी के नेतृत्व में मंगलवार को सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जहां इस सघन वाहन जांच अभियान के दौरान 30 बाईक व 20 ई रिक्शा को बिना आवश्यक दस्तावेज के साथ पकड़ते हुए नगर थाना के हवाले कर दिया गया। उधर मामले को लेकर डीटीओ ने बताया कि अक्सर देखा जा रहा है कि वाहन चालक सुरक्षा नियमों की अनदेखी करके वाहनों को तेज गति से चला रहे हैं जिसके कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं और लोगों की जान जा रही हैं। जहां ऐसे ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जिला प्रशासन के निर्देश पर जिला परिवहन विभाग के कर्मी अलग अलग स्थानों पर सघन वाहन जांच अभियान चलाते हुए आमजनों को जागरूक कर रहे हैं। इस वाहन जांच अभियान के मौके पर नगर थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अमित कुमार गुप्ता समेत कई पुलिस पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

### आम जनों की समस्या से रूबरू हुए जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान



**बरहरवा:** प्रत्येक मंगलवार की भांति आज भी बरहरवा प्रखंड स्थित विधायक कक्ष में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रखंड के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को विधायक प्रतिनिधि के समक्ष रखा। इस दौरान बरकत खान ने उपस्थित सभी आगंतुकों से एक-एक कर सभी की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों से वातार्लाप कर लोगों को आश्वासन दिया कि आप लोगों की शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इस दौरान जमीन से संबंधित, अबुआ आवास एवं प्रधानमंत्री आवास से संबंधित, मईया सम्मान योजना से संबंधित, वृद्धा पेंशन से संबंधित, बिजली ट्रांसफार्मर के जल जाने से संबंधित आदि शिकायत आए। लोगों की समस्याओं का जल्द समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। मौके पर छोटेलाल रमानी, अनारुल खान, दौरान चौधरी, शमशेर अली, गणेश साह सहित दर्जनों शहरी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### पुलिस ने छोटी कोदरजन्ना निवासी आरोपी युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**साहिबगंज:** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र की पुलिस ने मंगलवार को मुफ्फसिल थाना कांड संख्या 71/25 छोटी कोदरजन्ना निवासी आरोपी युवक मो. फारूक उम्र 29 वर्ष पिता मो. आजाद को गिरफ्तार करने के बाद मेडिकल जांच करवाने के लिए सदर अस्पताल लेकर आई। जहां सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. ऋतुराज ने आरोपी युवक का मेडिकल जांच किया जिसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। वही मामले को लेकर एसआई अखिलेश्वर प्रसाद सिंह ने बताया कि आरोपी युवक के खिलाफ उसकी पहली पत्नी ने बीते दिनों 17 जुलाई को केस दर्ज कराई थी। वही उन्होंने बताया कि आरोपी युवक ने सबसे पहले महादेवगंज में शादी रचाई थी जिससे उसे चार छोटे छोटे बच्चे हैं। वही पहली पत्नी के रहते हुए फिर से आरोपी युवक ने बिहार राज्य के भागलपुर में दूसरी शादी कर ली जिससे उसे एक छोटा बच्चा है। जहां इसी बात को लेकर पहली पत्नी ने अपने पति मो. फारुक के खिलाफ केस दर्ज कराया था जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### मैदान कुमार शर्मा को मिला अमड़ापाड़ा थाना का कमान



**पाकुड़/अमड़ापाड़ा :** जिले की पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने अमड़ापाड़ा थाना इंचार्ज अनुप रौशन भेंगरा को अमड़ापाड़ा इंचार्ज से सीपीयू इंचार्ज बनाया है। वहीं अमड़ापाड़ा थाना इंचार्ज पुलिस इंस्पेक्टर मदन कुमार शर्मा को बनाया गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी सोमवार के आदेश के आलोक पर शर्मा ने मंगलवार को अमड़ापाड़ा थाना इंचार्ज की कमान संभाल ली। ज्ञात हो कि पुलिस मुख्यालय द्वारा विगत 24 जून के जारी स्थानांतरण आदेश में मदन कुमार शर्मा आईटीएस रांची से स्थानांतरित होकर पाकुड़ आए है।

# बक्सर-पटना समेत 8 जिलों में गंगा खतरे के निशान पर

## छपरा में श्मशान डूबा, नालंदा में बही सड़क; 27 जिलों में आज आंधी-बारिश का अलर्ट

**पटना।** बिहार में मानसून एक्टिव है। किशनगंज में मंगलवार सुबह हल्की बारिश हुई। यहां बीती रात से ही बारिश हो रही है। वहीं, पटना, नालंदा समेत कई जिलों में सुबह से ही तेज धूप निकली है। मौसम विभाग ने मंगलवार यानी आज पटना, दरभंगा सहित राज्य के 27 जिलों के लिए बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में 40डट प्रति घंटे की रफ्तार से हवा भी चल सकती है। आकाशीय बिजली गिरने का भी अलर्ट है। इसके अलावा राज्य के 11 जिलों में मौसम सामान्य रहेगा। उमस भरी गर्मी से परेशानी बढ़ सकती है। अधिकतम तापमान 34 से 38 डिग्री के बीच रह सकता है। इस इधर, पटना, बक्सर समेत 8 जिलों में गंगा खतरे के निशान के पास पहुंच गई है। मुंगेर में भी गंगा वॉर्निंग लेवल से ऊपर है। वैशाली में गंगा का पानी निचले इलाके में पहुंच गया है। वहीं,



नालंदा में तटबंध टूटने से 6 गांव में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। दर्जनभर घरों में 3 से 4 फीट तक बाढ़ का पानी भरा हुआ है। सड़क भी बह गई है। छपरा के सेमरिया घाट पर सरयू नदी का जलस्तर बढ़ने से श्मशान का निचला हिस्सा डूब गया है। ऊपरी हिस्से में शव जलाए जा रहे हैं।
मुंगेर में गंगा का जलस्तर बढ़ने से निचले इलाकों में बाढ़ की स्थिति बन गई है। मुंगेर में नगर निगम समेत कई सामुदायिक भवन चारों ओर से पानी से घिरे हैं।17 जुलाई को नालंदा में लोकाइन नदी में उफान से तटबंध टूट गया। इस कारण छह गांव टापू बन गए हैं। चार दिन बीत जाने के बाद भी इस तटबंध की मरम्मत का काम अधूरा है। इस घटना के कारण हथीला, चौरासी, गुलरिया बिगहा, रसलपुर, सतराजबाग और जोल बिगहा जैसे छह गांव पूरी तरह से पानी में घिर गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन ने बाढ़ पीड़ितों को उनके हाल पर छोड़



दिया है। दर्जनभर घरों में तीन से चार फीट तक बाढ़ का पानी भरा हुआ है, जिससे ग्रामीणों को अपने ही घरों की छतों पर शरण लेनी पड़ रही है। गंगा के जलस्तर में बढ़ोतरी को देखते हुए जिला प्रशासन ने सभी अंचलाधिकारियों और बीडीओ को सतर्क कर दिया है। नदी के किनारे बसे गांवों में निगरानी बढ़ा दी गई है। लोगों से अपील की गई है कि वे नदियों के किनारे जाने से बचें और बाढ़ की स्थिति बनने पर ऊंचे स्थानों पर चले जाएं। राज्य सरकार और आपदा प्रबंधन विभाग ने भी जिला प्रशासन को राहत और बचाव कार्यों की तैयारी पूरी रखने के निर्देश दिए हैं। बारिश और नदियों के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रशासन किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहने का दावा कर रहा है। मुंगेर में गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। गंगा का जलस्तर बढ़ने से निचले इलाकों में बाढ़ की स्थिति बन गई है। मुंगेर में नगर निगम समेत कई सामुदायिक भवन चारों ओर से पानी से घिरे हैं। किशनगंज में कई हिस्सों पर बीते देर रात से ही झमाझम बारिश हो रही है। नदियों का जलस्तर भी बढ़ चुका है। नदी के तट से सटे हुए इलाके में लोग भय के माहौल में जी रहे हैं। लोगों को बाढ़ का सता रही है। किशनगंज में मंगलवार सुबह हल्की बारिश हुई। यहां बीती रात से ही झमाझम बारिश हो रही है। पटना की बात करें, तो यहां भी आज मौसम आमतौर पर गर्म और उमस भरा रहेगा। आसमान में हल्के से मध्यम बादल छाए रहेंगे और दिन के दूसरे हिस्से में बारिश होने की संभावना है। अधिकतम तापमान 36 से 37 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। वहीं, न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस के करीब बने रहने की संभावना है।
हवा में नमी का स्तर 80 प्रतिशत के आसपास रहेगा, जिससे गर्मी का असर ज्यादा महसूस होगा।

## खड़े ट्रक से बाइक की टक्कर;200 मीटर दूर गिरे युवक

**छपरा।** के मांझी थाना क्षेत्र के मझनपुरा गांव के पास सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल है। बाइक सवार दोनों युवकों की टक्कर सड़क पर खड़े ट्रक से हुई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों युवक करीब 200 मीटर दूर जा गिरे। स्थानीय ग्रामीणों ने घायलों को मांझी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।



जहां डॉक्टर ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। घायल युवक दीपक कुमार को छपरा सदर अस्पताल रेफर किया गया। दीपक कुमार जनता बाजार निवासी अनिल साह के बेटा हैं। मृतक की पहचान अभी नहीं हो पाई है। मृतक की पहचान में जुटी पुलिस मांझी थाना अध्यक्ष अविनाश कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ट्रक चालक और वाहन की पहचान में जुटी है। हादसे के बाद से गांव में शोक का माहौल है।

## जाले-अतरबेल मार्ग पर सड़क हादसा

**मुजफ्फरपुर।** जाले-अतरबेल मार्ग पर रविवार रात 8:30 बजे एक सड़क दुर्घटना हुई। मुजफ्फरपुर जिले के तेजऊल थाना बेनीबाद निवासी संजय कुमार दास (22) अपनी बाइक से जाले से तेजऊल जा रहे थे। पानीशाला चौक के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल युवक को



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंहवाड़ा पहुंचाया। डॉक्टर संजय कुमार पासवान ने उनका प्राथमिक उपचार किया। संजय के सिर में चोट आई है और उन्हें 7 टांके लगे हैं।

## हालचाल पूछा, फिर पत्नी के सामने पति की हत्या

**बेगूसराय।** में सोमवार रात अपराधियों ने पत्नी के सामने उसके पति की गोली मारकर हत्या कर दी। हरेराम पासवान उर्फ हरिया (42) के सिर में 3 गोलियां लगी हैं। घटना रात 8 बजे डंडारी थाना क्षेत्र की है। परिजनों के मुताबिक, हरेराम पासवान अपनी पत्नी के साथ मछली खरीद कर घर लौट रहा था। इस दौरान पहले से घात लगाए अपराधियों ने राजोपुर गांव में बूढ़ी गंडक के पास हाल-चाल पूछने के बहाने रोका। फिर सिर में गोली मारकर फरार हो गए। वारदात के बाद परिजन और ग्रामीणों ने हंगामा किया। लोगों ने मौके पर पहुंची



डंडारी थाने की पुलिस पर हमला कर दिया। पत्थरबाजी में थानाध्यक्ष विवेक कुमार को चोट लगी है। बताया जा रहा है मछली मारने के धंधे में विवाद के बाद हत्या को अंजाम दिया गया।मृतक के बेटे चांद ने बताया, 'मम्मी-पापा बाइक से हाट पर मछली लाने गए थे। वहां से लौटने के दौरान पापा को गोली मार दी। मम्मी लगातार बेहोश हो रही है, उसने गोली मारने वाले का नाम बताया है। पहले से ही मछली के कारोबार को लेकर बिरजू यादव, मंजेश यादव, कारी यादव और इंदल यादव से विवाद चल रहा है। इन लोगों ने घात लगाकर हमला किया है।' फायरिंग के बाद दुकानदार भाग गए मृतक की पत्नी लालो देवी ने कहा, 'घर से करीब 1 किलोमीटर दूर राजोपुर कटरमाला नाव घाट के समीप बदमाशों ने बात करने के लिए रोका। हाल-चाल पूछा और फिर गोली चला दी। कनपटी में गोली लगते ही मेरे सामने पति की तड़प-तड़पकर मौत हो गई। फायरिंग होते ही वहां मौजूद दुकानदार दुकान बंद करके भाग गए।'प्रारंभिक जांच में जलकर विवाद(मछली कारोबार) बताया जा रहा है। हालांकि स्थानीय लोगों के बीच राजोपुर गांव में लंबे समय से दो जाति के बीच वर्चस्व की लड़ाई चल रही है।

## देवर से एकतरफा इश्क में भाभी ने की खुदकुशी

**समस्तीपुर।** में फंदे से लटकी मां और बेटी की लाश मिली है। जिस कमरे में लाशें मिली हैं, उस कमरे में तीन फंदे लटके थे, जो 4 फीट की हाइट पर थे। तीसरा फंदा बेटे के लिए लगाया था, लेकिन वो बच गया। पति रौशन चौधरी कहते हैं, 'मेरी शादी 7 साल पहले हुई थी। मेरी पत्नी मेरे भाई गुलशन से एकतरफा प्यार करती थी। भाई ओडिशा में रहता है। मैंने उसे काफी समझाया था कि ऐसा नहीं हो सकता है, लेकिन वो 3 साल से शादी के लिए जिद कर रही थी।'
'वो बदमाश थी। मेरी बात नहीं सुनती थी। अपनी जिद मनवाने के



लिए उसने पहले भी सुसाइड करने की कोशिश की थी। भाई से शादी की बात को लेकर ही कल से घर में विवाद हो रहा था।' 'आज जब घर में कोई नहीं था तो उसने बेटी के साथ आत्महत्या कर ली। मैं तो उसकी शादी अपने भाई से करवाने के लिए राजी भी हो गया था।' घटना कल्याणपुर थाना क्षेत्र मनियारपुर पंचायत के वासुदेवपुरम गांव की है।सुमन के बेटे आदर्श (5) ने कहा, 'मम्मी ने पहले बहन आराध्या (6) को फंदे से लटकाया था। फिर मुझे लटका दिया और अंत में वो खुद लटक गई। मेरा फंदा बड़ा बन गया था, इसलिए मैं फंदे से निकल गया।' 'मैंने भागकर कमरे का दरवाजा खोला। बाहर दीदी (पड़ोसी) मिली, मैंने उन्हें बताया कि आराध्या और मम्मी मर गईं।' आदर्श के इतना कहने के बाद आसपास के लोग जुटे। मृतका की सास इंदू भी घर के पास पहुंची। सभी कमरे में गए तो मां-बेटी की लाश रस्सी से लटकी हुई थी। जिसके बाद पुलिस को मामले की जानकारी दी गई। मृतका की सास इंदू ने बताया, 'घर में काफी विवाद चल रहा था। मैंने मायके वालों से कहा था कि अपनी बेटी को यहां से ले जाएं, लेकिन मायके वालों ने उसे ले जाने से इनकार कर दिया।' 'बहू घर के पास अकेले बैठी हुई थी। मैंने उसे खाना खाने के लिए बोला था। वो बोली कि मैं कुछ नहीं खाऊंगी। वो फूल तोड़ने के लिए चली गई।' ग्रामीण रीना देवी ने कहा, 'सुमन को देवर से लगाव था। अपने पति की नहीं सुनती थी।

# बिहार विधानसभा में मार्शल-विपक्ष के विधायकों में धक्का-मुक्की

## टेबल पलटने की कोशिश की; नीतीश कुमार खड़े होकर ताली बजाने लगे

**पटना।** बिहार विधानसभा में मानसून सत्र के दूसरे दिन जोरदार हंगामा हुआ। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष के विधायक हंगामा करने लगे। विपक्षी विधायक वेल में आकर प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान 'नीतीश कुमार मुदार्बाद', नीतीश कुमार हाय-हाय', 'नीतीश कुमार चुप्पी तोड़ो' के नारे लगे। सदन में विधायकों और मार्शल में धक्का-मुक्की हुई। टेबल पलटने की कोशिश की गई। विपक्षी विधायकों के ताली बजाने पर सीएम नीतीश ने उठकर हंसते हुए ताली बजाने लगे। ये सब कुछ सदन के अंदर चलता रहा, लेकिन इसके फुटेज उपलब्ध नहीं हैं।स्पीकर बार-बार विपक्ष को अपनी जगह पर बैठने के लिए बोलते रहे। विपक्ष के विधायक नहीं माने और हंगामा जारी रहा।
हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही महज 21 मिनट ही चली। सदन को दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। विपक्ष लॉ एंड ऑर्डर और वोटर वेरिफिकेशन के खिलाफ प्रदर्शन कर रहा है। स्पीकर ने कहा, 'मैं विपक्ष के नेता को बोलने की अनुमति देता हूं, लेकिन आप लोग पहले बैठिए।'
इसके बाद भी हंगामा कर रहे विधायक नहीं माने और नारेबाजी जारी रही। इसके बाद स्पीकर ने कहा, 'आपके पास कोई मुद्दा नहीं है।'विपक्ष के विधायक काले कपड़ों में सदन पहुंचे। कार्यवाही शुरू होने से पहले विधानसभा के पोर्टिको के बाहर जमकर नारेबाजी की।मेन गेट को जाम कर दिया। स्पीकर नंदकिशोर यादव समेत सत्ता पक्ष के विधायकों को अंदर जाने से रोका गया। इसके बाद बैक गेट का ताला तोड़ा, जहां से CM नीतीश, डिप्टी CM सम्राट चौधरी समेत सत्ता पक्ष के विधायक सदन के अंदर गए। विपक्ष SIR पर विधानसभा में चर्चा चाहता है, लेकिन सरकार फिलहाल इससे बच रही है। भाई वीरेंद्र बोले- जाति देखकर एनकाउंटर हो रहा वहीं राजद विधायक भाई वीरेंद्र ने कहा कि 'हमलोग वोटर वेरिफिकेशन के खिलाफ नहीं हैं। गरीब-दलितों का नाम काटा जा रहा है। उसके खिलाफ हैं। हम लोकतंत्र की हत्या होने नहीं देंगे।' वहीं आरा में हुई मुठभेड़ पर कहा कि 'सरकार और पुलिस जाति देखकर गोलियां मरवा रही है।'कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि 'सरकार को समझ में नहीं आ रहा है कि क्या करें।' उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे पर कहा कि 'सदन में JP नड्डा के



व्यवहार से आहत होकर उन्होंने ऐसा कदम उठाया है।' मंगलवार को सरकार 8-10 विधेयक सदन में पेश कर सकती है। वहीं प्रश्नकाल में भवन निर्माण, शिक्षा, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, एससी-एसटी, समाज कल्याण, परिवहन विभाग से संबंधित सवालों का जवाब देगी। पहले दिन मात्र 15 मिनट तक सदन चला था। इसमें विधायी कार्य के तौर वित्तीय वर्ष 2025-26 का पहला सप्लीमेंट्री बजट 57 हजार 946 करोड़ रुपए का पेश किया गया। इस दौरान भी विपक्ष सदन में हंगामा करते रहा था। सोमवार को कांग्रेस गुंडा राज और नकली दवा के मामले पर मंत्री जीवेश मिश्रा के इस्तीफा की मांग कर रही थी। बिहार विधानसभा में मानसून सत्र के दूसरे दिन जोरदार हंगामा हुआ। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष के विधायकों ने लॉ एंड ऑर्डर और वोटर वेरिफिकेशन के खिलाफ हंगामा किया। विपक्ष के विधायक वेल में आकर प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान 'नीतीश कुमार मुदार्बाद', नीतीश कुमार हाय-हाय', 'नीतीश कुमार चुप्पी तोड़ो' के नारे लगे। सदन में विधायकों और मार्शल में धक्का-मुक्की हुई। रिपोर्टिंग टेबल पलटने की कोशिश की गई। स्पीकर के बार-बार कहने पर भी विपक्षी विधायक शांत नहीं हुए। हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही 21 मिनट ही चली। दोपहर 2 बजे तक के लिए विधानसभा को स्थगित कर दिया गया। पोर्टिको में विपक्ष की नारेबाजी और प्रदर्शन जारी है। 'गुंडाराज नहीं चलेगा' जैसे नारे लगाए जा रहे हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि 'सरकार को समझ में नहीं आ रहा है कि क्या करें।' उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे पर कहा कि 'सदन में खढ नड्डा के व्यवहार से आहत होकर उन्होंने ऐसा कदम उठाया है।' आरा में हुई मुठभेड़ के सवाल पर भाई वीरेंद्र ने कहा कि सरकार और पुलिस जाति देखकर गोलियां चला रही है। वोटर वेरिफिकेशन पर कहा कि, राजद इसके खिलाफ नहीं है। हम वोटर्स के नाम काटे जाने के खिलाफ है। हमलोग काले कपड़ा पहनकर विरोध जता रहे हैं। हम लोकतंत्र की हत्या नहीं होने देंगे। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि बिहार में विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। अगर विपक्ष किसी मुद्दे पर सरकार से जवाब चाहता है, तो सरकार इसके लिए तैयार है।
पुलिस मुठभेड़ के सवाल पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि पुलिस अपने बचाव में फायरिंग करती है।विपक्ष के विधायक काले कपड़ों में सदन पहुंचे हैं। विधानसभा की पोर्टिको के बाहर जमकर नारेबाजी कर रहे हैं। लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे और हसनपुर विधायक तेज प्रताप यादव सोमवार को पहले दिन विधानसभा की कार्यवाही समाप्त होने के बाद पहुंचे। सबसे आखिर में आए अटेंडेंस बनाए और निकल गए। सदन में एक बार फिर से सभी की निगाहें नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और उनके बड़े भाई तेजप्रताप यादव पर रहेंगी। विधानसभा सचिवालय के सिटिंग अरेजमेंट के मुताबिक, विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव और पूर्व मंत्री सह विधायक तेज प्रताप की सीटिंग में कोई बदलाव नहीं किया गया है। तेजस्वी यादव 283 नंबर सीट पर बैठेंगे तो तेजप्रताप 284 नंबर पर। 282 नंबर खाली है। वहीं, 281 नंबर सीट पर भूदेव चौधरी को बैठने की जगह दी गई है। बिहार विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन सेंट्रल हॉल में NDA की बैठक हुई। इसमें विधायकों के लिए लंच में मटन का इंतजाम किया गया था। सावन की दूसरी सोमवारी पर विधायकों के लिए ये व्यवस्था की गई थी। सावन महीने में मटन को विधायक देखते रहें। सबसे पहले मंत्री जमा खान ने मटन खाने की शुरूआत की। इस पार्टी में पत्रकार भी मौजूद थे। कहीं कोई फोटो ना ले ले इस डर से JDU के मंत्री अलग बैठकर मटन खाते दिखाई दिए। डिप्टी CM सम्राट चौधरी और संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी ने लंच में फलाहार लिया। वहीं CM नीतीश कुमार सदन की कार्यवाही के पहले विधानसभा में 5 मिनट भी नहीं रुके थे।

## संक्षिप्त डायरी

### आरा में उफनाती गंगा पार कर स्कूल जा रहे शिक्षक



**आरा।** जपुर के खवासपुर पंचायत में उफनाती गंगा को नाव से पार कर शिक्षक पढ़ाने जा रहे हैं। बिना लाइफ जैकेट के टीचर्स रोज इसी तरह से पढ़ाने निकलते हैं। इसी नाव पर गांव वालों के सामान और गाड़ियों को भी लादकर पार कराया जाता है। , सिंह की दहाड़ हो इस दौरान हमें गांव के कुछ लोग भी मिले। उन्होंने बताया कि बात सिर्फ शिक्षकों की नहीं है, आम आदमी भी आरा मुख्यालय से खवासपुर पंचायत आना जाना करते हैं। आजादी के बाद से अब तक गंगा पर पुल नहीं बन पाया है, जिसकी वजह से हमें अब तक नाव से ही गंगा के उस पार आना-जाना करना पड़ता हैसबसे पहले हम खवासपुर पंचायत पहुंचे। भोजपुर जिले के बड़हरा विधानसभा क्षेत्र में 22 पंचायत हैं, जिसमें से खवासपुर पंचायत गंगा नदी के उस पार है। अगर किसी को आरा मुख्यालय से खवासपुर जाना हो तो, उसे नाव से गंगा नदी पार करके जाना होता है। खवासपुर से तीन किलोमीटर आगे उत्तर प्रदेश का बॉर्डर लग जाता है। दरअसल, जिस इलाके की बात हो रही है, उसे महुली-खवासपुर गंगा घाट के नाम से जाना जाता है। घाट पर बारिश के सीजन के अलावा लोग पीपा पुल के जरिए आना-जाना करते हैं, लेकिन बारिश में गंगा का जलस्तर बढ़ने की वजह से पीपा पुल हटा दिया जाता है।
मतलब अब गंगा नदी के दूसरी तरफ खवासपुर पंचायत के लोगों को आरा मुख्यालय आने के लिए नाव ही एक मात्र जरिया है। लेकिन जैसे-जैसे गंगा का जलस्तर बढ़ोतरी हो रही है वैसे-वैसे खतरा और भी मंडरा रहा है। गंगा खतरे के निशान से 40 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। नाविक (नाव चलाने वाले) अपनी नाव के दोनों ओर बाइक रख देते हैं, इसके बाद करीब 18 से 20 लोगों को बैठा लेते हैं। न कोई लाइफ जैकेट, न ही कोई सुरक्षा के ऊपाय। इसी दौरान खवासपुर पंचायत के सरकारी स्कूल में पढ़ाने वाली एक टीचर मिली। उन्होंने कहा- 'नाव जब तक पूरी भर नहीं जाती तब तक खुलती नहीं है। कभी कभी समय पर नहीं पहुंच पाते हैं। अगर मैं स्कूल जाने के लिए समय से पहले भी घाट पर पहुंच जाती हूं, तो घंटों नाव भरने का इंतजार करना पड़ता है। ऐसे में हम लोग अपनी जान जोखिम में डालकर हर दिन नाव से स्कूल पढ़ाने जाते हैं।' सरकारी स्कूल में पढ़ाने वाली प्रतिभा सिंह ने कहा कि 'पीपा पुल खुलने की वजह से काफी परेशानी होती है। नाव के भरने का घंटों इंतजार करना पड़ता है। हम लोग खवासपुर पंचायत में रह भी नहीं सकते हैं, क्योंकि वहां रहने की सुविधा नहीं है। इसके लिए हमें उत्तर प्रदेश में बसा होगा, जो पॉसिबल नहीं है। घर आरा मुख्यालय में हैं, तो यूपी में क्यों रहें।'

### सुल्तानगंज में श्रावणी मेला के दौरान भीड़भाड़



**सुल्तानगंज।** के अपर रोड पर श्रावणी मेले में भारी भीड़ के कारण एक कांवड़िया अधूरे नाले में गिर गया। पुरानी दुर्गा स्थान के पास हुई इस घटना में स्थानीय लोगों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए कांवड़िये को नाले से बाहर निकाला। घटना के दौरान कांवड़िये ने नाले का गंदा पानी भी पी लिया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासन की गाड़ी की वजह से रोड पर जाम लगा हुआ था। इस भीड़ से बचने के लिए कांवड़िये गली नंबर 5 के रास्ते ओवर ब्रिज का इस्तेमाल कर रहे हैं। अपर रोड पर नो-एंट्री का नियम लागू होने के बावजूद ई-रिक्शा और छोटे वाहन वहां से गुजर रहे हैं। कृष्णगढ़ चौक और मुख्य बाजार चौक पर बैरियर लगे होने के बावजूद वाहनों का प्रवेश जारी है। यह स्थिति प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है।

### सीतामढ़ी में 9 थानाध्यक्षों समेत 32 पुलिस अधिकारियों का तबादला



**सीतामढ़ी।** में पुलिस अधीक्षक अमित रंजन ने कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए बड़ा फेरबदल किया है। आदेश संख्या 1023/2025 के तहत 32 पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। नए तबादलों में रूपेश कुमार को नानपुर थाना का थानाध्यक्ष बनाया गया है। अभिषेक त्रिपाठी को रीगा थाने की जिम्मेदारी मिली है। संध्या रानी को अनुसूचित जाति/जनजाति थाना की कमान सौंपी गई है। सुमित कुमार को परसौनी से परिहार भेजा गया है। जितेन्द्र कुमार सीतामढ़ी थाना से सहियारा के थानाध्यक्ष बने हैं। चन्द्रगुप्त कुमार को भुतही थाना की जिम्मेदारी दी गई है। ओम पुकार प्रिय सुप्पी के नए थानाध्यक्ष बने हैं। आत्मानंद कुमार को गाढ़ा का थानाध्यक्ष बनाया गया है। मुकेश कुमार-1 को सोनबरसा से परसौनी थाना की कमान मिली है। पुलिसिंग में पारदर्शिता लाना उद्देश्य अन्य तबादलों में राकेश कुमार को साइबर थाना, सोहित यादव और संवेदना स्नेही को सीतामढ़ी थाना भेजा गया है। ओमप्रकाश गुप्ता को रीगा थाना, विमलेश कुमार सिंह को डुमरा थाना, मुकेश कुमार को रुन्नीसैदपुर और संजीव कुमार को महिन्दवारा थाना की जिम्मेदारी दी गई है। पुलिस प्रशासन के अनुसार यह नियमित प्रक्रिया है। इसका उद्देश्य जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत करना और पुलिसिंग में पारदर्शिता लाना है।



# ये हैं जेईई मेन परीक्षा क्रैक करने के लिए जरूरी टिप्स

**जेईई मेन एग्जाम की डेट नजदीक आ रही है। इस परीक्षा का पहला सेशन फरवरी के अंतिम सप्ताह में आयोजित किया जाएगा, जिसमें लाखों उम्मीदवार अपनी काबिलियत को आजमाएंगे। देश के टॉप इंजीनियरिंग संस्थानों में दाखिले के लिए होने वाली इस परीक्षा को देश की सबसे कठिन प्रवेश परीक्षाओं में से एक माना जाता है। अगर आप भी इस परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं तो आपको यहां पर हम जेईई मेंस की प्रिपरेशन प्लानिंग के बारे में पूरी जानकारी और टिप्स देंगे।**

## सिलेबस को समझ कर बनाएं प्लान

जेईई मेन की तैयारी के लिए छात्रों को प्रभावी प्लान बनाने की जरूरत पड़ेगी और इसमें मदद करेंगा परीक्षा का सिलेबस। सबसे पहले सिलेबस को समझे और इसके आसान और कठिन विषयों को ध्यान में रखकर अपनी प्रिपरेशन प्लानिंग बनाएं। अपनी क्षमता और स्पीड के आधार पर, तीनों विषयों को शामिल करते हुए एक डेली प्रिपरेशन प्लान बनाएं। इसका नियमित रूप से पालन भी करें।

## बेहतर टाइम टेबल बनाएं

इस परीक्षा की तैयारी के लिए सही टाइम टेबल होना बहुत जरूरी है। टाइम टेबल को अपने परीक्षा पैटर्न को ध्यान में रखकर बनाएं। इस परीक्षा में उम्मीदवारों को 90 प्रश्नों में से 75 प्रश्नों का उत्तर देना होगा। प्रत्येक पेपर की अवधि 3 घंटे है। प्रत्येक विषय में 20 एमसीक्यू और 10 न्यूमेरिकल प्रश्न होंगे, जिनमें से 5 प्रश्नों का उत्तर देना होगा। एमसीक्यू के लिए, प्रत्येक सही उत्तर के लिए 4 अंक दिए जाएंगे और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1 अंक काटा जाएगा। वहीं, न्यूमेरिकल प्रश्नों में सही उत्तर के लिए 4 अंक दिए जाएंगे और इस खंड में कोई निगेटिव मार्किंग नहीं है।

## मौजूदा टॉपिक को पूरा करें

इस परीक्षा के पहले अटेम्ट के लिए अब दो माह से कम समय बचा है। इसलिए तैयारी में आपको पूरा जोर लगाना पड़ेगा। अब समय आ गया है कि इस परीक्षा के प्रमुख टॉपिक को आप पूरा कर लें। उसके बाद दूसरे टॉपिक को शुरू करें। यह तरीका आगे चलकर आपके लिए महत्वपूर्ण पहलू साबित होगा, क्योंकि जेईई मेन की तैयारी के अंतिम चरण के दौरान, उम्मीदवारों को अधिक जोर नहीं लगाना पड़ेगा।

## फ्लैश कार्ड तैयार करें

इस परीक्षा की तैयारी के लिए शॉर्ट नोट्स बनाना बेहद महत्वपूर्ण है। फ्लैशकार्ड और शॉर्ट नोट्स तैयार करने का उद्देश्य मुख्य परीक्षा के आयोजन में जब एक सप्ताह का समय बचा हो, उस समय अधिक से अधिक समय को बचाकर इनसे तैयारी कर सकें। इनसे उम्मीदवार जल्दी से इन शॉर्ट नोट्स और फ्लैश नोट्स के माध्यम से पढ़ाई कर सकेंगे और अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं को दोहरा सकेंगे।

## सैंपल पेपर्स की प्रैक्टिस करें

जेईई मेंस परीक्षा की तैयारी के लिए लगातार सैंपल पेपर और प्रश्न पत्रों को हल करें। जेईई मेन प्रश्न पत्र को हल करने का उद्देश्य उम्मीदवारों को उनकी तैयारी के स्तर को जानने में सक्षम बनाना है। इससे, उम्मीदवार यह पता लगाने में सक्षम होंगे कि वे हर विषय में प्रत्येक प्रश्न को हल करने में कितना समय ले रहे हैं। साथ ही क्या वे अपने समय का उचित प्रबंधन कर पा रहे हैं या नहीं, यह समझ भी उनमें आएगी। जितना अधिक वे प्रश्नों को हल करेंगे, उन्हें पता चल जाएगा कि वे कौन से क्षेत्र हैं जिनमें उन्हें अधिक काम करना होगा ताकि परीक्षा के दिन कोई कठिनाई न आए। वे अपनी कमियों को दूर कर अपनी प्रदर्शन में सुधार कर सकते हैं।

## लगातार मॉक टेस्ट दें

अब सभी परीक्षा के लिए मॉक टेस्ट बेहद जरूरी हो गया है। यह हमें परीक्षा से पहले असपल परीक्षा का एहसास कराता है। अगर आप जेईई मेन की तैयारी कर रहे हैं, तो प्रतिदिन एक मॉक टेस्ट जरूर देने की कोशिश करें। इससे जेईई मेन प्रवेश परीक्षा के दिन उम्मीदवारों को किसी तरह के प्रेशर का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## रिवीजन जरूर करें

सभी परीक्षा के लिए रिवीजन बहुत ही जरूरी है। इसके बिना परीक्षा को क्रैक नहीं कर सकते। इसलिए, उम्मीदवारों को समय रहते जो कुछ पढ़ा है उसे अच्छी तरह से दोहरा लेना चाहिए। इससे टॉपिक को याद करने में काफी मदद मिलेगी। आप जो भी टॉपिक पढ़े उसका हर सप्ताह रिवीजन भी करें। इससे आपको याद करते में मदद मिलेगी।





# डेंटल हाइजीनिस्ट बनकर संवारें अपना कॅरियर

डेंटल हाइजीनिस्ट एक दंत पेशेवर है जो मौखिक स्वास्थ्य में माहिर है। इनका मुख्य काम आमतौर पर मौखिक स्वच्छता और देखभाल में तकनीकों पर ध्यान केंद्रित करना होता है। दंत चिकित्सक और डेंटल हाइजिनिस्ट मरीजों की मौखिक स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा करने के लिए एक साथ काम करते हैं। शरीर के अन्य भागों की तरह ही दांत भी मनुष्य के शरीर का एक अहम हिस्सा है। आमतौर पर ओरल हेल्थ का ख्याल रखना बेहद ही जरूरी माना जाता है और लोग इसका ख्याल रखते भी हैं। हालांकि दांतों व ओरल हेल्थ से संबंधित कई बार लोगों को कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ता है और ऐसे में एक पेशेवर की जरूरत पड़ती है। वैसे जब ओरल हेल्थ को लेकर डॉक्टर का ख्याल आता है तो हम सभी डेंटिस्ट के पास जाना पसंद करते हैं। लेकिन अब, दंत चिकित्सा तेजी से बदल रही है, कई अवसरों और चुनौतियों का निर्माण कर रही है। दंत चिकित्सकों के रूप में मुख्य कॅरियर के अलावा, दंत चिकित्सा सहायक, डेंटल हाइजीन के क्षेत्र में भी आप कॅरियर के अवसर तलाश सकते हैं। तो चलिए आज हम जानते हैं कि डेंटल हाईजीनिस्ट बनकर आप अपना कॅरियर कैसे संवार सकते हैं-

## क्या होता है काम

कॅरियर एक्सपर्ट बताते हैं कि डेंटल हाइजीनिस्ट एक दंत पेशेवर है जो मौखिक स्वास्थ्य में माहिर है। इनका मुख्य काम आमतौर पर मौखिक स्वच्छता और देखभाल में तकनीकों पर ध्यान केंद्रित करना होता है। दंत चिकित्सक और डेंटल हाइजिनिस्ट मरीजों की मौखिक स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा करने के लिए एक साथ काम करते हैं। डेंटल हाइजिनिस्ट अमूमन डेंटिस्ट को मरीजों के दांतों की देखभाल करने और अच्छे मौखिक स्वास्थ्य को मेंटेन रखने में रोगियों को शिक्षित करने में सहायता करते हैं। डेंटल हाइजीनिस्ट के कुछ अधिक विशिष्ट कर्तव्यों में दांतों से टार्टर और प्लाक को हटाना, दांतों की सुरक्षा के लिए फ्लोराइड या सीलेंट लगाना, एक्स-रे लेना और उचित मौखिक स्वच्छता पर मरीजों को शिक्षित करना शामिल है। हाइजीनिस्ट मरीजों को अपने दांतों की देखभाल के बारे में बात करने में समय बिताते हैं। वे लोगों को उन प्रभावों के बारे में शिक्षित करते हैं जो उनके आहार और जीवन शैली का उनके दांतों पर प्रभाव डालते हैं। साथ ही वे दांतों को स्वस्थ रखने के लिए तकनीकों और आदतों के बारे में बताते हैं।

## शैक्षिक योग्यता

डेंटल हाइजीनिस्ट कोर्स को कई डेंटल कॉलेजों में डिप्लोमा या सर्टिफकिट कोर्स के रूप में पेश किया जाता है। जो छात्र डेंटल हाइजीनिस्ट का कोर्स करना चाहते हैं, उन्हें 12वीं की परीक्षा भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान विषय में पास करना अनिवार्य है।

## व्यक्तिगत योग्यता

कॅरियर एक्सपर्ट के अनुसार, डेंटल हाइजीनिस्ट की आंखों की रोशनी, सुनने और संचार कौशल अच्छा होना चाहिए। किसी भी अन्य चिकित्सा क्षेत्र के साथ, उन्हें दूसरों की मदद करने की तीव्र इच्छा होनी चाहिए, और दंत चिकित्सकों के निर्देशों का बारीकी से पालन करने में सक्षम होना चाहिए। इसके अलावा, अच्छा पारस्परिक कौशल, धैर्य, परिश्रम और उच्च स्तर की सटीकता एक अच्छा हाइजीनिस्ट होने के लिए आवश्यक कौशल हैं। एक टीम के रूप में काम करने की क्षमता भी इस क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक है।

## संभावनाएं ही संभावनाएं

दंत चिकित्सा के क्षेत्र में बतौर डेंटल हाइजीनिस्ट बनकर भी आप एक अच्छा कॅरियर देख सकते हैं। एक डेंटल हाईजीनिस्ट अस्पताल से लेकर कम्युनिटी डेंटल सर्विस के रूप में काम कर सकते हैं। इसके अलावा वे पीरियोडोंटिक्स या बाल चिकित्सा दंत चिकित्सा में भी काम कर सकते हैं। डेंटल हाईजीनिस्ट डेंटल हॉस्पिटल, आर्म्ड फोर्स, पब्लिक हेल्थ सेक्टर व प्राइवेट रूप से भी प्रैक्टिस कर सकते हैं।

## आमदनी

डेंटल हाईजीनिस्ट की आमदनी उनकी शिक्षा, अनुभव व स्थान के आधार पर भिन्न होती है। एक डेंटल हाईजीनिस्ट की आमदनी घंटे, दिन, सैलरी या कमिशन बेस पर हो सकती है। हालांकि इस क्षेत्र में एक फ्रेशर प्रति माह आठ से दस हजार रूपए वेतन प्राप्त कर सकता है।

## प्रमुख संस्थान

- भारत इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल एंड मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी, नई दिल्ली
- भारत यूनिवर्सिटी, चेन्नई
- जया पैरामेडिकल कॉलेज एंड एजुकेशनल इंस्टीट्यूट, हरियाणा
- लक्ष्मी बाई इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल, पटियाला



# कृषि का अध्ययन करने के बाद एक सफल उद्यमी कैसे बनें

**उद्यमिता और कृषि बिलकुल एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। कृषि एक उद्योग है, जो दुनिया भर में है और धरती की पूरी आबादी को प्रभावित करता है। और यह सही है कि कृषि उद्यमी की हमेशा जरूरत रहेगी। उद्यमिता आजकल हर जगह पाई जा सकती है। हर पेशे में एक उद्यमी क्षेत्र होता है। उस विशेष क्षेत्र में कृषि निश्चित रूप से बहुत अहम भूमिका निभाता है। उद्यमिता और कृषि बिलकुल एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। कृषि एक उद्योग है, जो दुनिया भर में है और धरती की पूरी आबादी को प्रभावित करता है। और यह सही है कि कृषि उद्यमी की हमेशा जरूरत रहेगी।**

उद्यमिता क्षेत्र के किसान आजकल अपने खेतों को व्यवसाय मानते हैं और वे उन्हें ऐसा ही मानेंगे। वे जोखिम लेने के लिए तैयार हैं, वे नई और इनोवेटिव तकनीकों का इस्तेमाल करेंगे और सामान्य तौर पर वे अपनी सामर्थ्य के हिसाब से सब कुछ करेंगे जो उन विचारों के साथ आएंगे जो उनके लाभ को अधिकतम करेंगे, उनके प्रयास को कम करेंगे और उनके व्यवसाय को बढ़ाएंगे। आर्थिक वृद्धि और विकास के लिए उद्यमियों की भूमिका को मान्यता देते हुए विश्वविद्यालय और कॉलेज स्तर में कई पाठ्य कार्यक्रमों ने छात्रों के उद्यमिता कौशल को विकसित करने के लिए एक विषय के रूप में उद्यमिता को शामिल किया है। हालांकि, मौजूदा समय में नौकरियों को भरने के लिए कॉलेज में इस विषय का अध्ययन करने वाले पर्याप्त छात्र नहीं हैं। और इसके परिणामस्वरूप सफल कृषि व्यवसाय चलाने के अनुभव वाले कम लोग ही होंगे।

## कृषि-उद्यमी बनने के लिए जरूरी कदम

**प्रक्रिया का पहला चरण**- यदि उद्यमिता की अवधारणा के साथ खुद को परिचित करना है तो आपको यह समझने की आवश्यकता है कि उद्यमशीलता क्या है और यह आपके खेत को कैसे लाभ पहुंचा सकती है।

**दूसरा कदम**- कृषि की दुनिया के सभी नए नए विचारों के बारे में सीखना है। नई सामग्रियों और उर्वरकों से लेकर नई मशीनों और प्रौद्योगिकियों तक। इससे आपको अपने खेत को एक वास्तविक बड़े व्यवसाय के रूप में कल्पना करने में और उन सभी छोटी छोटी चीजों को व्यवस्थित करने में, जो आपको याद आ रही हैं, काफी मदद मिलेगी।

**तीसरा कदम**- एक साझेदारी बनाना है। एक उद्यमी के रूप में सफल होने के लिए ऐसी बहुत सी चीजें हैं जिनकी आपको आवश्यकता होगी और आपको उन चीजों को प्रदान करने के लिए किसी की आवश्यकता भी संभवत: हो सकती है। उन लोगों के साथ सही साझेदारी बनाएं, जो आपके सपने और सफलता की महत्वाकांक्षा को साझा करते हैं।

**चौथा कदम**- कृषि के क्षेत्र में 'धमाकेदार' के साथ अपना नया 'स्टार्ट-अप' व्यवसाय शुरू करना है। आपको एक बहुत मजबूत और ठोस व्यवसाय योजना की आवश्यकता है। आपको कुछ जोखिम भी उठाने पड़ सकते हैं। यह जानना कि आप किस उद्देश्य से काम कर रहे हैं, सही व्यवसाय योजना बनाना बहुत कठिन काम नहीं है।

आपके लिए यह याद रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है कि साझेदारी आपके कृषि व्यवसाय के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यदि आप वास्तव में सफल उद्यमी बनना चाहते हैं तो आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आप जो भी सहायता प्राप्त कर सकते हैं, उसका ठीक से उपयोग करेंगे।



# कैसे बनाएं अभिलेखीय विज्ञान में कॅरियर

प्रत्येक स्थान का इतिहास हजारों पांडुलिपियों, अभिलेखों, शिलालेखों, दस्तावेजों आदि में अंतर्निहित है, इन अद्वितीय अभिलेखों को वैज्ञानिक रूप से संरक्षित और अभिलेखीय अभिलेख या आर्काइवल रिकॉर्ड्स कहा जाता है, जो किसी विशेष क्षेत्र और समाज के इतिहास को समझने में मदद करते हैं। आमतौर पर लोग म्यूजियम, आर्काइव्स और लाइब्रेरी को लेकर भ्रमित हो जाते हैं, क्योंकि ये सभी सांस्कृतिक संस्थाएं हैं, जो सांस्कृतिक विरासत के संग्रह और संरक्षण से संबंधित हैं। यह तीनों ही इतिहास को संरक्षित रखने में मदद करते हैं, लेकिन फिर भी इनमें अंतर है। जहां, संग्रहालय ऐतिहासिक कलाकृतियों और वस्तुओं पर ध्यान केंद्रित करते हैं, वहीं पुस्तकालय में प्रकाशित पुस्तकों, पत्रिकाओं आदि को रखा जाता है, जबकि आर्काइव्स अभिलेखों पर ध्यान केंद्रित करने में माहिर हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बताते हैं कि अभिलेखीय विज्ञान में कॅरियर कैसे बनाएं-

## क्या होता है काम

कॅरियर एक्सपर्ट कहते हैं कि एक व्यक्ति जो अभिलेखागार में काम करता है, उसे पेशेवर रूप से एक अभिलेखागार या आर्काइवल के रूप में जाना जाता है। अभिलेखागार ऐतिहासिक रिकॉर्ड संग्रह का प्रबंधन करने के लिए मानकों का पालन करते हैं। वे उन अभिलेखों का मूल्यांकन, संग्रह, आयोजन, संरक्षण और रखरखाव करते हैं, जिनके पास अतीत की विश्वसनीय यादों के रूप में स्थायी मूल्य होते हैं। वे ऐसे लोग हैं जो राष्ट्रीय और स्थानीय अभिलेखागार, विश्वविद्यालयों, अस्पतालों, व्यवसायों, आदि में दस्तावेजीकरण के लिए जिम्मेदार हैं, वे कानूनी, वित्तीय और प्रशासनिक उद्देश्यों के लिए रिकॉर्ड को संरक्षित और सुलभ बनाते हैं।

## शैक्षणिक योग्यता

कॅरियर एक्सपर्ट के अनुसार, अधिकांश कॉलेज और विश्वविद्यालय सूचना विज्ञान के साथ एक सहायक विषय के रूप में अभिलेखीय विज्ञान पढ़ाते हैं। वहीं, भारत में कुछ संस्थान ऐसे भी हैं, जो अभिलेखीय विज्ञान में सर्टिफकिट और डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं जैसे कि अभिलेखागार में पीजी प्रमाणपत्र, अभिलेखागार अध्ययन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा, अभिलेखागार में स्नातकोत्तर डिप्लोमा, अभिलेखागार में स्नातकोत्तर डिप्लोमा और अभिलेखागार और प्रबंधन और प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा आदि।

## व्यक्तिगत गुण

कॅरियर एक्सपर्ट कहते हैं कि एक आर्काइविस्ट में बेहतर कम्युनिकेशन स्किन के अलावा एनालिटकल एंड रिसर्च स्किल्स, प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल्स और आर्गेनाइजेशनल एबिलिटी होना बेहद जरूरी है। उन्हें धैर्य रखने के अलावा सटीक, पूरी तरह से समझने और क्या जानकारी रखने के बारे में अच्छे निर्णय लेने में सक्षम होने की आवश्यकता है। उन्हें एक सुव्यवस्थित और व्यवस्थित तरीके से काम करना चाहिए, जानकारी को निजी रखने और दबाव में अच्छी तरह से काम करने में सक्षम होना चाहिए। इसके अलावा, एक आर्काइविस्ट को कंप्यूटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का भी सही तरह से इस्तेमाल करना आना चाहिए।

**कॅरियर एक्सपर्ट कहते हैं कि एक व्यक्ति जो अभिलेखागार में काम करता है, उसे पेशेवर रूप से एक अभिलेखागार या आर्काइवल के रूप में जाना जाता है। अभिलेखागार ऐतिहासिक रिकॉर्ड संग्रह का प्रबंधन करने के लिए मानकों का पालन करते हैं।**

## संभावनाएं

आर्काइविस्ट विभिन्न संगठनों जैसे संग्रहालयों, सरकारी एजेंसियों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों, औद्योगिक और वाणिज्यिक फर्मों, ऐतिहासिक सोसाइटी, निगमों और अन्य कई संस्था में काम कर सकते हैं। वहीं, सरकारी क्षेत्रों में रोजगार की तलाश करने वालों को संघ लोक सेवा आयोग या कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं को पास करना होगा। भारत के राष्ट्रीय अभिलेखागार, संस्कृति मंत्रालय का एक संबद्ध कार्यालय, जो राष्ट्र के सभी महत्वपूर्ण दस्तावेजों और अभिलेखागार का प्रबंधन करता है, अपनी विभिन्न इकाइयों में योग्य उम्मीदवारों को नौकरी के विभिन्न अवसर प्रदान करता है।

इस क्षेत्र में एक फ्रेशर शुरुआती वेतन 10000 रुपये से लेकर 15000 रुपये प्रति माह तक कमा सकता है। अनुभवी और योग्य पेशेवर प्रति माह लगभग 20,000 रुपये का वेतन प्राप्त कर सकते हैं। वहीं अनुभव बढ़ने के साथ-साथ आपकी आमदनी भी बढ़ती है।

## प्रमुख संस्थान

- नेशनल आर्काइव्स ऑफ इंडिया, नई दिल्ली
- पटना यूनिवर्सिटी, पटना
- महर्षि दयानंद सरस्वती यूनिवर्सिटी, अजमेर
- द गांधीग्राम रूरल इंस्टीट्यूट, तमिलनाडु



# भारतीय टीम ओल्ड ट्रेफर्ड में जीत दर्ज कर सीरीज में वापसी के इरादे से उतरेगी

**मैनचेस्टर (एजेंसी)।** भारतीय टीम यहां के ओल्ड ट्रेफर्ड मैदान पर बुधवार से इंग्लैंड के खिलाफ शुरु हो रहे चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच में जीत हासिल कर सीरीज में वापसी करने के इरादे से उतरेगी। अभी भारतीय टीम इस सीरीज में 1-2 से पीछे है। आंकड़ों पर नजर डाले तो इस मैच में भारतीय टीम की राह आसान नहीं रहेगी क्योंकि उसे यहां आज तक एक भी जीत नहीं मिली है। इस मैदान पर भारतीय टीम ने अभी तक नौ मैच खेले हैं जिनमें से चार में उसे हार का सामना करना पड़ा जबकि बाकी पांच मैच ड्रॉ रहे। भारतीय टीम के कई खिलाड़ी चोटिल होने के कारण इस मैच से बाहर है जिसका नुकसान भी उसे उठाना पड़ेगा हालांकि इसके बाद भी टीम जीत दर्ज करने के लिए कोई कसर नहीं रखेगी। युवा कप्तान शुभमन गिल और उनकी टीम का लक्ष्य इस मैदान पर पहली जीत दर्ज कर इससे जुड़े हार के मिथक को तोड़ना रहेगा। इसके लिए टीम को अपनी रणनीति में भी थोड़ा बदलाव करना होगा। लीड्स में पहले टेस्ट के बाद भारत ने अंतिम एकादश में तीन ऑलराउंडरों को शामिल किया था। इनमें नीतीश रेड्डी भी शामिल थे, जो घुटने की चोट के कारण अब इस मैच और सीरीज से ही बाहर हो गए हैं। ऐसे में टीम को उनकी कमी पूरी करनी होगी। वहीं रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर जैसे दो स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर के रहने से भारतीय टीम के पास आठवें नंबर तक बल्लेबाज़ी रहेगी। इंग्लैंड वर्तमान श्रृंखला में अभी 2-1 से आगे चल रहा है और अगर भारत को पांच मैच की इस सीरीज में अपनी उम्मीदें बनाये रखनी हैं तो उसे यहां जीत हासिल करनी होगी।

सीरीज का पहला टेस्ट मैच खेलने वाले अनुभवी ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर को इस मैच में रेड्डी की जगह अंतिम एकादश में शामिल किया जा सकता है हालांकि इस बार उनकी बल्लेबाजी लय में नजर नहीं आ रही। अगर उन्हें टीम में लिया जाता है तो उन्हें गेंदबाज़ी में भी अपना प्रदर्शन बेहतर करना होगा क्योंकि रेड्डी ने लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट में दबाव के बीच में विकेट लिए थे। भारतीय टीम इस मैच में लीड्स के संयोजन को एक बार फिर आजमा सकती है, जिसमें उसके पास जडेजा के रूप में केवल एक स्पिनर था और छठे नंबर तक विशेषज्ञ बल्लेबाज थे, जिसमें बल्लेबाज करुण नायर और साई सुदर्शन को भी अंतिम ग्यारह में जगह मिली थी। इसके अलावा प्रसिद्ध कृष्णा और कवर के तौर पर शामिल नए तेज़ गेंदबाज़ अंशुल कंबोज को भी अंतिम एकादश में शामिल किया जा सकता है। अगर आकाश दीप कमर की चोट से पूरी तरह उबर नहीं पाते हैं, तो इनमें से कोई भी उनकी जगह ले सकता है।

आकाश की तरह ही कंबोज भी तेज



गेंदबाजी करते हैं। वह भारत ए के इंग्लैंड दौरे का भी हिस्सा थे और इस तरह से यहां के हालातों को जानते हैं। वहीं तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज का अंतिम एकादश में जगह बनाना तय है। लॉड्र्स में भारतीय बल्लेबाज असफल रहे थे, इसलिए अगर टीम को वापसी करनी है तो कप्तान शुभमन और अन्य बल्लेबाजों को बड़ी पारियां खेलनी होंगी। इस मैच में बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर से सावधान रहना होगा। आर्चर ने चार साल बाद वापसी करते हुए यशस्वी को दो बार आउट किया। इसके अलावा इस सीरीज में अच्छी बल्लेबाजी कर रहे केएल राहुल को ये सिलसिला बनाये रखना होगा। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत भी अपनी उंगली की चोट से पूरी तरह उबर चुके हैं जो टीम के लिए राहत की बात है।

इस मैच में अगर करुण नायर को एक और मौका मिलता है, तो वह बड़ी पारी खेलने के लिए पूरी ताकत लगा देंगे। वहीं इस सीरीज में जबरदस्त प्रदर्शन कर लगातार चार अर्धशतक लगाने वाले जडेजा के ऊपर इस मैच में भी बड़ी जिम्मेदारी रहेगी। उन्हें इस मैच में गेंदबाजी में भी विकेट लेने होंगे। भारतीय टीम ने इस मैदान पर अंतिम बार साल 2014 में खेला था। वहीं दूसरी ओर मेजबान टीम इंग्लैंड इस मैच में अपनी बढ़त बनाये रखना चाहेगा। मेजबान टीम ने अपनी टीम में केवल एक बदलाव के तौर पर स्पिनर शोएब बशीर की जगह लियाम डॉसन को शामिल करना है। बाएं हाथ के इस स्पिनर ने इंग्लैंड के लिए अपना आखिरी मैच जुलाई 2017 में खेला था। यहां पिछले दिनों से हो रही बारिश के कारण पिच से तेज गेंदबाजों को सहायता मिल सकती है। मेजबान टीम की बल्लेबाज जो रुट , हैरी ब्रुक और बेन डेकेट पर आधारित रहेगी जबकि गेंदबाजी की कमान आर्चर के अलावा ब्रायडन कार्स और क्रिस वोक्स के पास रहेगी।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**भारत:** शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, कुलदीप यादव, अंशुल कंबोज।

**इंग्लैंड :** बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप (उप-कप्तान), जो रूट, हैरी ब्रुक, जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), लियाम डॉसन, क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोफ्रा आर्चर।

# बीसीसीआई के एसीसी बैठक के बहिष्कार से एशिया कप पर खतरा मंडराया

## –पीसीबी को होगा भारी नुकसान




**मुम्बई (एजेंसी)।** इस साल होने वाले एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर संशय बना हुआ है। इस कारण ये है कि 24-25 जुलाई को ढाका में होने वाली एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) की सालाना आम बैठक (एजीएम) होनी है पर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इसमें भाग लेने से इंकार कर दिया है। श्रीलंका और अफगानिस्तान बोर्ड भी इस बैठक से दूर रहेंगे। बीसीआई ने इस बैठक को बांग्लादेश में कराने का विरोध किया था क्योंकि बांग्लादेश में पिछले साल शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद से हालात ठीक नहीं है। वहीं पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की धड़कने बढ़ी हुई हैं। इसका कारण है कि एशिया कप के रद्द होने या स्थगित होने प उसे मोट नुकसान होगा।

पीसीबी के चेयरमैन मोहसिन नकवी इस समय एसीसी के चेयरमैन हैं। ऐसे में इस टूर्नामेंट से होने वाली आय से उसे काफी फायदा होता है। इस टूर्नामेंट की अनुमानित आय लगभग 1.16 अरब पाकिस्तानी रुपये है, जो वित्तीय वर्ष के लिए उसकी कुल अनुमानित आय 8.8 अरब पाकिस्तानी रुपये का हिस्सा है। एक रिपोर्ट के अनुसार इसका एक बड़ा हिस्सा पाकिस्तान को आईसीसी वितरण से मिलता है, कई सालों से एशिया कप उनकी वित्तीय योजनाओं का एक प्रमुख आधार बना हुआ है।

पीसीबी के सीईओ सुमैर अहमद ने सिंगापुर में आईसीसी की सालाना बैठक में पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व किया और उन्होंने ढाका की इस बैठक के लिए अन्य देशों से सहयोग मांगा था पर बीसीसीआई ने बैठक में शामिल होने से मना कर दिया था। बीसीसीआई के इस रुख का समर्थन श्रीलंका और अफगानिस्तान ने भी कर दिया है। ऐसे में अगर यह बैठक नहीं हो पाती है या इसे अमान्य घोषित कर दिया जाता है, तो इससे 10 से 28 सितंबर तक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाले एशिया कप शायद ही हो पाये। जिसका सीधा नुकसान पीसीबी को होगा।

# करुण नायर 2025-26 के घरेलू सत्र के लिए कर्नाटक लौटने को तैयार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के साथ इंग्लैंड दौरे पर मौजूद करुण नायर, कर्नाटक लौटने के लिए तैयार हैं। रिपोर्ट के अनुसार पिछले तीन सीजन खेलने के बाद से वे कर्नाटक से बाहर हैं। पिछले दो सीजन से नायर विदर्भ के साथ थे। उन्हें सोमवार शाम विदर्भ क्रिकेट संघ से अनापत्ति प्रमाण पत्र (हह्रष्ट) मिल गया, जिससे उन्हें अपनी मूल राज्य टीम का प्रतिनिधित्व करने की अनुमति मिल गई।

नायर की वापसी ऐसे समय में हो रही है जब घरेलू क्रिकेट में उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन की बदौलत उनकी लोकप्रियता में काफी वृद्धि हुई है। पिछले सीजन में विदर्भ के रणजी ट्रॉफी खिताब जीतने में उनकी अहम भूमिका रही थी, जिसकी बदौलत आठ साल के अंतराल के बाद उन्हें भारतीय टेस्ट टीम में वापसी मिली। उन्होंने 16 पारियों में 53.93 की औसत से 863 रन बनाए जिसमें चार शतक शामिल थे, जिसमें केरल के खिलाफ फाइनल में मैच जिताऊ शतक भी शामिल था। नायर ने विजय हजारे ट्रॉफी में भी रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन किया। 50 ओवर के टूर्नामेंट के दौरान उन्होंने विदर्भ की कप्तानी की और टीम को उपविजेता बनाया।

उन्होंने आठ पारियों में 779 रन बनाकर स्कोरिंग चार्ट में शीर्ष स्थान हासिल किया जिसमें लगातार 5 शतक शामिल थे और 124.01 की शानदार बल्लेबाजी औसत के साथ बल्लेबाजी की। अपने शानदार प्रदर्शन के दौरान उन्होंने बिना आउट हुए सर्वाधिक रन (542) बनाने का नया लिस्ट ए रिकॉर्ड बनाकर अपनी उपलब्धि में एक और उपलब्धि जोड़ ली।

# आईसीसी रैंकिंग : स्मृति मंधाना शीर्ष पर बरकरार, दीप्ति 10 स्थान के सुधार के साथ 23वें पायदान पर

**दुबई (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा एकदिवसीय श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत की दीप्ति शर्मा बल्लेबाजों में 10 स्थानों की छलांग लगाकर 23वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने मंगलवार को जारी नवीनतम आईसीसी रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। श्रृंखला के शुरुआती दो मैचों में शानदार प्रदर्शन से इंग्लैंड और भारत के खिलाड़ियों को इस रैंकिंग में फायदा हुआ है।

दीप्ति ने शुरुआती एकदिवसीय में नाबाद 62 रन की पारी के साथ टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा की थी। उन्होंने इसके बाद दूसरे एकदिवसीय में भी नाबाद 30 रन का योगदान दिया। सोफिया डंकले ने पहले वनडे में 92 गेंदों पर 83 रन बनाकर इंग्लैंड को एक मजबूत स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई, जिससे उन्हें 24 स्थानों का फायदा हुआ। वह बल्लेबाजों की सूची में 52वें पायदान पहुंच गईं।

मंधाना पहले दो मैचों में 28 और 42 के स्कोर के साथ रैंकिंग में शीर्ष पर बनी हुई हैं और उन्होंने अपनी 727 की रेटिंग भी बरकरार रखी है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर 17 और सात के स्कोर के बाद पांच स्थान फिसलकर 21वें स्थान पर आ गई हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज सोफी एक्लेस्टोन अपनी स्थिति और मजबूत करने में सफल रही। मौजूदा श्रृंखला में चार विकेट चटकाने वाली इस अनुभवी खिलाड़ी की रेटिंग 747 से बढ़कर 776 हो गयी है। वह दूसरे वनडे में तीन विकेट चटकाकर प्लेयर ऑफ द मैच भी बनी थी।

गेंदबाजों की रैंकिंग में उनके बाद ऑस्ट्रेलिया की एशले गार्डनर (724) और मेगन शुट्ट (696) दूसरे और तीसरे पायदान पर है।। दीप्ति चौथे स्थान पर बनी हुई हैं। इंग्लैंड की चार्ली डीन और भारत की स्नेह राणा जैसी स्पिनरों भी श्रृंखला में अच्छी गेंदबाजी कर तीन-तीन विकेट लिए हैं। डीन करियर की सर्वश्रेष्ठ 625 रेटिंग के साथ दो स्थान चढ़कर नौवें नंबर पर पहुंच गई हैं, जबकि राणा 12 स्थान ऊपर चढ़कर 21वें नंबर पर आ गई हैं। राणा ने भी व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 515 रेटिंग हासिल की है। डीन हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में भी सुधार कर संयुक्त रूप से 14वें स्थान पर पहुंच गई हैं तो वहीं एक्लेस्टोन तीन स्थान के



सुधार के साथ 18वें पायदान पर पहुंच गयी है।

# इंजीनियर और लॉयड के सम्मान में ओल्ड ट्रैफर्ड में बने स्टैंड

मैनचेस्टर। यहां भारत और इंग्लैंड के बीच यहां बुधवार से शुरु हो रहे चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच में पूर्व भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज फारुख इंजीनियर और वेस्टइंडीज के दिग्गज खिलाड़ी रहे क्लाइव लॉयड के सम्मान में इनके नाम से स्टैंड रहेंगे। इंजीनियर और लॉयर्ड की पूर्व काउंटी टीम लंकाशर ने इन दोनों के नाम पर स्टैंड रखने का फैसला किया है। इंजीनियर ने लगभग एक दशक तक लंकाशर की ओर से जबकि लॉयर्ड ने लगभग दो दशक तक क्लब से खेलते हुए अपनी ओर से अहम योगदान दिया। गौरतलब है कि साल 1968 से 1976 के बीच 87 वर्षीय इंजीनियर ने 175 मैचों में लंकाशर की ओर से 5942 रन बनाए, 429 कैच लिए और 35 स्टंपिंग की। वहीं दूसरी ओर दो बार विश्व कप जीतने वाली वेस्टइंडीज की टीम के कप्तान लॉयड ने 1970 के दशक की एक क्लब की ओर से खेलते हुए उसे आगे बढ़ाया। मुंबई में जन्मे इंजीनियर ने लंकाशर के लिए जब पदार्पण किया तो क्लब ने 15 साल से अधिक समय तक कोई बड़ा खिताब नहीं जीता था पर उनके शामिल होने के बाद उसने 1970 से 1975 के बीच चार बार जिलेट कप जीता था। गौरतलब है कि इंजीनियर ने अपना अधिकतर क्रिकेट ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला पर वहां उनके नाम पर कोई स्टैंड नहीं है। इंजीनियर ने कुछ साल पहले कहा था, 'वह अविश्वसनीय समय था और ओल्ड ट्रैफर्ड एक शानदार जगह थी। लोग हमें खेलते देखने के लिए मीलों दूर से आते थे। इंजीनियर को अपने सुनहरे दिनों में प्रशंसकों से मिले पत्र भी याद हैं।

# अनुभवी खिलाड़ी होने की अपनी जिम्मेदारी निभा रहे जडेजा



मुम्बई। ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने अपने करियर में अब तक शानदार प्रदर्शन किया है और उनके नाम कई उपलब्धियां भी हैं पर इसके बाद भी उन्हें वह दर्जा नहीं मिला जिसके वे अधिकारी रहे हैं। इंग्लैंड दौर पर वह सबसे अधिक अनुभवी खिलाड़ी है। ऐसे में उन्होंने अपनी भूमिका काफी अच्छे से निभाई है। विराट कोहली, रोहित शर्मा और आर अश्विन जैसे खिलाड़ियों के दौर में खेलने के बाद भी उन्होंने अपनी एक अलग जगह बनायी थी। वहीं इनके संन्यास लेने के बाद वह टीम के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। इंग्लैंड के इस दौरे में हालांकि उनकी गेंदबाजी सफल नहीं रही पर बल्लेबाजी से उन्होंने वह कमी पूरी कर दी। पिछले दिनों जब कप्तानी को लेकर सवाल किये गये तो उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि अब कप्तानी का समय अब चला गया। उन्होंने बर्मिंघम में 89 और 69 रन की अर्धशतकीय पारियों से टीम की जीत अहम योगदान दिया तो वहीं अगले टेस्ट में दो और अर्धशतक जड़े। लॉड्र्स में वह अकेले ही टीम को लक्ष्य तक ले जाने के प्रयास में लगे रहे। उनका 61 रन का नाबाद स्कोर भारत को जीत के करीब ले गया। वह अभी भी सर्वश्रेष्ठ फील्डर हैं और गेंदबाजी भी उनकी अच्छी रही है हालांकि उन्हें विकेट नहीं मिला। जडेजा टीम के युवा खिलाड़ियों को सलाह देते दिखे हैं। इसी कारण कप्तान शुभमन गिल ने जडेजा को टीम का सबसे समर्पित खिलाड़ी करार दिया। शुभमन ने कहा, ''वह भारत के सबसे मूल्यवान खिलाड़ियों में से एक हैं। गेंदबाजी, बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण में उनके पास जो अनुभव और कौशल हैं, वह बहुत दुर्लभ है। उन्होंने जिस तरह की एकाग्रता दिखाई वह भी आसाधारण रही है।''

# सरफराज खान के वजन कम करने पर केविन पीटरसन ने पृथ्वी शॉ को दी नसीहत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सरफराज खान इन दिनों काफी चर्चा में है, वजह है उनका वजन। दरअसल, टीम इंडिया के युवा बल्लेबाज सरफराज खान ने दो महीने के अंदर 17 किलो वजन कम किया है। जिसकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। वहीं केविन पीटरसन ने सरफराज खान की फोटो पृथ्वी शॉ को दिखाने की बात कही है।

दरअसल, सरफराज खान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 के बाद से भारतीय टेस्ट टीम से बाहर हो गए हैं। सरफराज को ऑस्ट्रेलिया में खेलने का मौका नहीं मिला था। इसके बाद उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ भी



सीरीज में मौका नहीं मिला। जिसके बाद उन्होंने टीम से बाहर रहकर जमकर पसीना बहाया है। सरफराज ने स्टोरी शेयर करते हुए बताया कि उन्होंने 17 किलो वजन कम किया है। इसके बाद उनकी फिटनेस की चर्चा हर तरफ हो रही है।

इसी दौरान इंग्लैंड के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी केविन पीटरसन ने सरफराज की इस फोटो को पृथ्वी शॉ को दिखाने के लिए कहा है। बता दें कि, पृथ्वी को खराब फिटनेस के कारण मुंबई की टीम ने ड्रॉप किया था। शॉ का वजन काफी बढ़ गया है।

पीटरसन ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि, शानदार एफर्ट, यंग मैन ! बहुत-बहुत बधाई और मुझे भरोसा है कि ये मैदान पर बेहतर और ज्यादा लगातार प्रदर्शन की ओर से जाएगा। मुझे बहुत अच्छा लगा कि आपने अपनी प्राथमिकताएं फिर से तय कीं। कोई प्लीज ये पृथ्वी शॉ को भी दिखा दे। ये मुमकिन है, मजबूत शरीर, मजबूत दिमाग।

# बुमराह ओल्ड ट्रैफर्ड में तोड़ सकते हैं अकरम के दो विश्व रिकार्ड

मैनचेस्टर। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमाराह बुधवार से यहां इंग्लैंड के खिलाफ शुरु हो रहे चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच में भारतीय टीम को जीत दिलाने का प्रयास करेंगे। अब तक उन्होंने इस सीरीज में अच्छी गेंदबाजी की है। उन्होंने पहले और तीसरे टेस्ट में पांच-पांच विकेट लिए थे जबकि दूसरे टेस्ट में वह नहीं खेले थे। वहीं अब मैनचेस्टर में बुमराह के पास इतिहास रचने का अवसर होगा। वह इस मैच में पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वसीम अकरम के दो बड़े रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं। इंग्लैंड में टेस्ट मैचों में एशियाई गेंदबाज द्वारा सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड अकरम के नाम है। अकरम ने इंग्लैंड में 14 टेस्ट मैचों में 53 विकेट लिए हैं जबकि बुमराह ने 49 विकेट लिए हैं। ऐसे में उन्हें अकरम के इस रिकॉर्ड को तोड़ने के लिए केवल 5 विकेट ही चाहिये। इंग्लैंड में टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट लेने के साथ-साथ बुमराह इस मैच में पूर्व पाक तेज गेंदबाज का एक और रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं। बुमराह अगर मैनचेस्टर में 5 विकेट हॉल ले लेते हैं तो वह दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में सबसे ज्यादा 5 विकेट लेने वाले एशियाई गेंदबाज बन जाएंगे। अभी बुमराह और अकरम के नाम 11-11 बार पांच विकेट लेने का रिकार्ड है। अकरम ने 32 मैचों में ये उपलब्धि हासिल की थी जबकि बुमराह ने अब तक 33 मैचों में 11 बार पांच विकेट लिए हैं। अब वह एक बार और पांच विकेट लेते ही अकरम को पीछे छोड़ देंगे। भारतीय टीम इस समय सीरीज में अभी 1-2 से पीछे चल रही है। ऐस में बुमराह इस मैच में जीत दिलाकर टीम को बराबरी पर लाना चाहेंगे।

# दिल्ली सरकार का तोहफा, ओलंपिक और पैरालंपिक विजेताओं के नकद पुरस्कार राशि में भारी बढ़ोतरी



नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी के ओलंपिक और पैरालंपिक पदक विजेताओं के लिए नकद पुरस्कार राशि में बढ़ोतरी की है। यह जानकारी मंगलवार को मंत्री आशीष सूद ने दी। सूद ने मेधावी छात्रों को मुफ्त लैपटॉप प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री डिजिटल योजना को मंजूरी देने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में दिल्ली सचिवालय में हुई कैबिनेट बैठक में यह फैसले लिए गए। सूद ने कहा, 'आज, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें दिल्ली के विकास के साथ छात्रों और युवाओं के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।' उन्होंने कहा, 'मुख्यमंत्री खेल प्रोत्साहन योजना के तहत ऐतिहासिक फैसले लिए गए। ओलंपिक और पैरालंपिक पदक विजेताओं को पहले तीन करोड़ रुपए, दो करोड़ रुपए और एक करोड़ रुपए दिए जाते थे लेकिन खेल पारिस्थितिकी तंत्र को प्रोत्साहित करने के लिए अब ओलंपिक तथा पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेताओं को 7 करोड़ रुपए, रजत पदक विजेताओं को 5 करोड़ रुपए और कांस्य पदक विजेताओं को 3 करोड़ रुपए दिए जाएंगे।' सूद ने घोषणा की कि दिल्ली सरकार में स्वर्ण और रजत पदक विजेताओं को ग्रुप ए की नौकरियां दी जाएंगी, जबकि कांस्य पदक विजेताओं को ग्रुप बी की नौकरियां दी जाएंगी। सूद ने यह भी घोषणा की कि मुख्यमंत्री डिजिटल योजना के तहत युवाओं के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए छात्रों को मुफ्त लैपटॉप प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा, 'अच्छे अंकों के साथ दसवीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाले 1,200 मेधावी छात्रों को लैपटॉप दिए जाएंगे। इससे वंचित पृष्ठभूमि के छात्रों को लाभ होगा।'

# पठान की चौथे टेस्ट से पहले बुमराह को सलाह, अपना सब कुछ झोंक दो या ठीक से आराम करो

**मैनचेस्टर (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर इरफान पठान का तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को संदेश स्पष्ट है कि या तो टीम के लिए अपना सब कुछ झोंक दो या फिर कार्यभार प्रबंधन के तहत चुनिंदा मुकाबलों में खेलने की जगह ठीक से आराम करो। इंग्लैंड के खिलाफ ओल्ड ट्रैफर्ड में चौथे टेस्ट की पूर्व संध्या पर पठान ने बुमराह के असाधारण गेंदबाजी कौशल की प्रशंसा की लेकिन साथ ही उनसे जरूरत पड़ने पर 'अतिरिक्त प्रयास' करने का भी आग्रह किया।

पठान ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'मैं जसप्रीत बुमराह का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। मुझे उनका कौशल बेहद पसंद है। वह बेहतरीन हैं। हालांकि मेरा मानना है कि जब आप भारत के लिए खेलते हैं तो आपको अपना सब कुछ देना होता है।' उन्होंने कहा, 'जब आप पांच ओवर के स्पैल की बात करते हैं तो जब रूट आते हैं तो आप छठा ओवर नहीं फेंक रहे होते। आपको अपना सब कुछ झोंकना होता है। या तो आप अपना सब कुछ झोंक देते हैं या फिर पूरी तरह आराम करते हैं।'

बाएं हाथ के इस पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा, 'जब बात किसी देश या टीम की आती है, जब आप किसी टीम के लिए खेलते हैं, तो आप उनके लिए खेलते हैं। टीम हमेशा पहले आती है।' पूर्व निर्धारित योजना के तहत बुमराह को दौरे पर पांच में से तीन टेस्ट मैच खेलने हैं लेकिन भारत श्रृंखला में 1-2 से पीछे है और दो मैच और खेलने बाकी हैं।

पठान ने स्पष्ट किया कि वह बुमराह की टीम के प्रति प्रतिबद्धता पर किसी भी तरह से सवाल नहीं उठा रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मैं यह सवाल नहीं उठा रहा कि उन्होंने प्रयास नहीं किए हैं। उन्होंने ओवर फेंके हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है। हालांकि जब टीम के लिए अतिरिक्त प्रयास करने की बात आती है तो आपको ऐसा करना ही पड़ता है।' पठान ने कहा, 'अगर बुमराह भारत के लिए नियमित रूप से मैच जीतते रहे तो वह लंबे समय तक शीर्ष पर बने रहेंगे। जब टीम को आपकी जरूरत हो तो आपको अतिरिक्त प्रयास करने होते हैं। बेन स्टोक्स ने ऐसा किया और जोफ्रा आर्चर ने चार साल बाद ऐसा किया।'

बुमराह ने श्रृंखला के पहले और तीसरे टेस्ट में हिस्सा लिया और लीड्स तथा लॉर्ड्स दोनों ही मैचों में प्रभावी गेंदबाजी की। पहले मैच की पहली पारी में बुमराह ने 5 विकेट चटकाए लेकिन इंग्लैंड के 371 रन के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा करने के दौरान उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट में बुमराह ने एक बार फिर पहली पारी में पांच विकेट चटकाए और फिर दूसरी पारी में दो विकेट लेकर मैच का अंत 112 रन पर सात



विकेट के साथ किया। कुछ दिन पहले पूर्व भारतीय बल्लेबाज दिलीप वेंगसरकर ने भी बुमराह के इस बड़े दौरे के सभी मैचों में नहीं खेलने पर नाराजगी जाहिर की थी।

# पूर्व पाक क्रिकेटर बट ने कहा, तो विश्वकप और ओलंपिक में भी हमसे न खेले भारतीय टीम

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व सलामी बल्लेबाज सलमान बट ने पूर्व भारतीय क्रिकेटरों के वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स मुकाबले में नहीं खेलने की आलोचना करते हुए कहा है कि अब उन्हें विश्वकप और ओलंपिक में भी ऐसा ही करना चाहिये। बट ने कहा कि इस प्रकार से वे क्या संदेश देना चाहते हैं। अगर ऐसा ही करना है तो उन्हें हमारे से किसी भी आईसीसी टूर्नामेंट में नहीं खेलना चाहिये। यहां तक की ओलंपिक में भी नहीं। साथ ही कहा कि भारतीय खिलाड़ियों ने ये फैसला चार से पांच खिलाड़ियों के दबाव में किया है। इससे अन्य लोगों पर भी दबाव पड़ा और वे मैच से हट गये। इससे पहले पाक के ही पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी सहित कई खिलाड़ियों ने भी ऐसी ही बातें कहीं थीं। इससे पता चलता है कि भारतीय खिलाड़ियों के नहीं खेलने के कारण लीग रद्द होने से पाक खिलाड़ी कितने बैचेन हैं। सलमान ने जिस प्रकार किसी रिटायर्ड प्लेयर्स की लीग में खेलने की तुलना आईसीसी इवेंट से की है। उससे उनकी और भी फजीयत होना तय है। क्योंकि आईसीसी इवेंट या ओलंपिक से किसी लीग की तुलना नहीं हो सकती है। लीग में खेलना देश का प्रतिनिधित्व करना है पर उस लीग में किया गया प्रदर्शन न तो आईसीसी के आंकड़ों में आता है और न ही उसका कहीं कोई महत्व है। जहां तक मैच रद्द होने की बात है। आयोजकों ने इसके लिए भारतीय खिलाड़ियों को दोषी नहीं मानते हुए कहा है कि खिलाड़ियों के बहिष्कार के बाद उन्हें ये रद्द करना पड़ा था।



## मुंबई की हवा हुई साफ, प्रदूषण का स्तर 44 फीसदी घटा

मुंबई (एजेंसी)। मुंबई की वायु गुणवत्ता बढ़ती आबादी, वाहनों की भीड़ और दिन-प्रतिदिन बदलते मौसम के कारण प्रदूषित होती जा रही है। इसके कारण मुंबईवासियों को कई स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, अब एक नए सर्वेक्षण के अनुसार, यह बात सामने आई है कि मुंबई की वायु गुणवत्ता के स्तर में सुधार हुआ है। दरअसल सरकारी आंकड़ों से पता चला है कि मुंबई की वायु गुणवत्ता के स्तर में सुधार हुआ है। इस संबंध में जो जानकारी सामने आई है, उसके अनुसार, मुंबई की वायु गुणवत्ता के स्तर में सुधार हुआ है। देश में राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत 130 शहरों में से 103 शहरों ने 2017-18 की तुलना में 2024 और 25 में अपने पीएम 10 के स्तर में सुधार किया है। इसमें मुंबई के प्रदूषण स्तर में 44 फीसदी की कमी दर्ज की गई है। मुंबई के बाद इस सूची में कोलकाता शहर शामिल है। जबकि दिल्ली में 15 फीसदी और चेन्नई में 12 फीसदी प्रदूषण के स्तर में कमी देखी गई है। सांसद अनिल देसाई और बाबूसिंह कुशवाहा ने बढ़ते प्रदूषण और स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को लेकर मानसून संसदीय सत्र में यह मुद्दा उठाया था। उठाए गए एक सवाल का जवाब देते हुए केंद्रीय पर्यावरण राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने ये आंकड़े पेश किए। आंकड़ों के अनुसार, देश के 64 शहरों में पीएम 10 के स्तर में 20 प्रतिशत से ज्यादा और 25 शहरों में 40 प्रतिशत से ज्यादा की कमी आई है।

## 19 दिनों में 3.21 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन

नई दिल्ली (एजेंसी)। 3 जुलाई को शुरू हुई वार्षिक अमरनाथ यात्रा के 19 दिनों में 3.21 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने पवित्र गुफा के दर्शन किए हैं। मंगलवार को 3,536 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था जम्मू से पवित्र गुफा के लिए रवाना हुआ, इसमें 1,250 यात्री बालटाल आधार शिविर के लिए और 2,286 यात्री पहलगाम आधार शिविर के लिए निकले। प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि यात्रा सुचारु और शांतिपूर्ण तरीके से चल रही है। इस वर्ष यात्रा के लिए व्यापक और बहु-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है, खासकर 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सेना, बीएसएफ, सीआरपीएफ, एसएसबी और स्थानीय पुलिस के अतिरिक्त, सीएपीएफ की 180 अतिरिक्त कंपनियां तैनात की गई हैं। तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए 8,000 से अधिक विशेष कमांडो भी तैनात किए गए हैं। छड़ी मुबारक (भगवान शिव की पवित्र छड़ी) का 10 जुलाई को पहलगाम में पूजन हुआ था। यह 4 अगस्त को श्रीनगर स्थित दशनामी अखाड़ा मंदिर से गुफा मंदिर की ओर अपनी अंतिम यात्रा शुरू करेगी और 9 अगस्त को पवित्र गुफा मंदिर पहुंचेगी, जो यात्रा का आधिकारिक समापन होगा। तीर्थयात्री कश्मीर हिमालय में समुद्र तल से 3888 मीटर ऊपर स्थित पवित्र गुफा मंदिर तक या तो पारंपरिक 46 किलोमीटर लंबे पहलगाम मार्ग से या 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग से पहुंचते हैं। इस वर्ष सुरक्षा कारणों से हेलीकॉप्टर सेवा उपलब्ध नहीं है।

## मुंबई में पति की हत्या कर लाश को घर में दफनाया और लगवा दिए चमचमाते टाइल्स

मुंबई (एजेंसी)। मुंबई के नाला सोपारा में एक महिला सोनम और मुस्कान से खतरनाक निकली। उसने प्रेमी संग मिलकर अपने पति की हत्या करवा दी। इस दौरान महिला के सास ससुर और अन्य सदस्य घर से बाहर गए हुए थे। महिला ने पकड़े जाने की डर से लाश को ठिकाने लगाने के लिए घर में ही खुदाई करके अंदर दफना दिया। ऊपर से नए चमचमाते टाइल्स बिछवा दिए। हालांकि, 15 दिन बाद जब पीड़ित के परिजन घर पहुंचे, तो उन्हें बदले हुए टाइल्स देखकर शक हुआ। शक के आधार पर उन्होंने आरोपियों की मौजूदगी में खुदाई करवाई, जहां से मृतक की लाश बरामद हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। विजय और चमन की शादी को 10 साल हो गए थे। विजय घर की मरम्मत का काम करता था, जबकि चमन हाउस वाइफ है। दोनों का एक सात साल का बेटा भी है। पुलिस ने बताया कि जांच से पता चला कि चमन ने अपने पति के मोबाइल फोन का इस्तेमाल करके उनके बैंक खाते तक पहुंचने के लिए कई ओटीपी जनरेट किए थे। साथ ही उसने एटीएम से पैसे भी निकाले। पुलिस ने बताया कि, करीब एक महीने पहले विजय चव्हाण को बीमा पॉलिसी मैच्योर होने की एवज में 6 लाख रुपये मिले थे। उसके खाते में पहले से 2-3 लाख रुपये थे। वह इलाके में एक नया घर खरीदने की योजना बना रहा था। उसने अपना घर चमन के नाम कर दिया था। पिछले 15 दिनों से, विजय ने अपने भाइयों और चाचा या रिश्तेदारों के फोन कॉल का जवाब देना बंद कर दिया था। जब घरवाले पूछने के लिए आते थे तो पत्नि चमन लगातार उनके डाइवर्ट करती रही। उनको बताती रही कि विजय बोरीवली, कांदिवली और मलाड जैसे इलाकों में काम के सिलसिले में बाहर गए हैं।

## भारतीय वायुसेना आज से राजस्थान में करेगी बड़ा सैन्य अभ्यास

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय वायुसेना 23 से 25 जुलाई के बीच राजस्थान में बाड़मेर से जोधपुर तक एक बड़ा सैन्य अभ्यास करने वाली है। इस अभ्यास में राफेल, सुखोई-30 और जगुआर जैसे अग्रिम पंक्ति के लड़ाकू विमानों के साथ-साथ भारतीय वायुसेना के बेड़े के अन्य विमान भी शामिल होंगे। भारतीय वायुसेना द्वारा राफेल और मिराज 2000 लड़ाकू विमानों का उपयोग करते हुए सीमा पर गहन अभ्यास किए जाने की उम्मीद है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, राजस्थान सीमा से लगे क्षेत्र में एक नोटम (वायुसैनिकों को सूचना) जारी किया गया है। गौरतलब है कि नोटम एक आधिकारिक अधिसूचना है जो पायलटों और हवाई यातायात नियंत्रकों को हवाई क्षेत्र के उपयोग में अस्थायी परिवर्तनों या खतरों के बारे में सूचित करने के लिए जारी की जाती है। ये सूचनाएँ उड़ान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि ये कर्मियों को बंद रनवे, हवाई क्षेत्र प्रतिबंधों या नेविगेशनल सहायता में खराबी जैसे संभावित जोखिमों के प्रति सचेत करती हैं। अधिकारियों ने इसे एक पूर्व-नियोजित और नियमित प्रशिक्षण अभियान बताया है जिसका उद्देश्य हवाई और ज़मीनी दोनों तरह के लक्ष्यों सहित विभिन्न युद्ध परिदृश्यों का अनुकरण करना है। इस अभ्यास में जटिल रात्रिकालीन ऑपरेशन भी शामिल होंगे।

# बांग्ला भाषा और बंगाली अस्मिता को मुद्दा बनाएगी ममता बनर्जी

**- लोकसभा और राज्यसभा में बांग्ला में स्पीच देंगे सांसद**

**- पश्चिम बंगाल के साथ-साथ अन्य राज्यों में चुनौती**



**कोलकाता/नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल के साथ पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ एक नया चुनावी मुद्दा तैयार कर लिया है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव अगले वर्ष अप्रैल और मई माह में हो सकते हैं। जिस तरीके से भारतीय जनता पार्टी पश्चिम बंगाल से ममता बनर्जी को सत्ता से हटाने के लिए भारतीय जनता पार्टी अभियान चला रही है। उसका विरुद्ध अब ममता बनर्जी ने शहीद दिवस की रैली के माध्यम से चुनावी अभियान का शंखनाद पश्चिम बंगाल के धर्मतल्ला से कर दिया है।

देशभर में जिस तरह बांग्ला भाषियों को बांग्लादेश का नागरिक और रोहिंग्या बताया जा रहा है। देश के अन्य राज्यों में जिस तरह से बंगालियों की एक नई पहचान भाषा के आधार पर बनाई जा रही है। उसको देखते हुए अब ममता बनर्जी ने बांग्ला अस्मिता को एक बड़ा मुद्दा बना दिया है। प्रवासी बांग्ला भाषी के नाम पर जिस तरह से बंगालियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। वह पश्चिम बंगाल के साथ-साथ असम मिजोरम एवं अन्य राज्यों के साथ-साथ बिहार, दिल्ली इत्यादि राज्यों में बांग्ला भाषियों को अपमानित करने का जो काम किया जा रहा है। उसको लेकर ममता बनर्जी ने मां- माटी- मानुष का नारा उन्होंने 2011 में दिया था। 2021 में इसी नारे के आधार पर उन्होंने भाजपा को शिकस्त दी थी। एक बार फिर बांग्ला भाषियों को आधार बनाकर ममता बनर्जी ने विधानसभा युद्ध का शंखनाद कर दिया है। इस अभियान में ममता बनर्जी को पश्चिम बंगाल के साथ-साथ अन्य सीमावर्ती राज्यों और हिंदी भाषी राज्यों में भी बांग्ला भाषी लोगों के बीच में समर्थन मिलने लगा है। उससे ममता बनर्जी उत्साहित हैं। संसद के दोनों सदनों में सांसद बंगाल में अपना भाषण देकर इस अभियान को और उग्र करेंगे। दिल्ली में उन्होंने एक आंदोलन खड़ा कर दिया है। दिल्ली में बड़ी संख्या में बांग्ला भाषी हैं। भाषा के रूप में जो अभियान भाजपा ने दिल्ली में चलाया है। उसके कारण बांग्ला बोलने वाले भारतीय नागरिकों को बांग्लादेशी कहकर अपमानित किया जा रहा है। इसके शिकार हिंदू और मुस्लिम दोनों ही हो रहे हैं। असम के मुख्यमंत्री जिस तरह से बांग्ला भाषियों को बांग्लादेश भेजने पर आमादा हैं। उसके बाद ममता बनर्जी का यह अभियान बांग्ला भाषाओं के बीच बड़ा प्रभाव डाल रहा है। पश्चिम बंगाल के साथ-साथ अन्य राज्यों में भाजपा को इसका नुकसान हो सकता है।

## सांसद राघव चड्ढा की अपील, सभी नागरिकों को हर साल मुफ्त स्वास्थ्य जांच का कानूनी अधिकार मिले

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने भारत के सभी नागरिकों को हर साल मुफ्त स्वास्थ्य जांच का कानूनी अधिकार देने की मांग की है। आप सांसद कहना है कि कोविड-19 महामारी के बाद हार्ट अटैक और अन्य गंभीर बीमारियों के मामले बढ़े हैं, इसके बाद अब यदि समय पर बीमारियों का पता लगने से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। सांसद चड्ढा ने अपील की कि प्रत्येक नागरिक को सालाना स्वास्थ्य जांच का कानूनी अधिकार मिलना चाहिए। सांसद का तर्क है कि कोविड के बाद दिल की बीमारियां और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ी हैं, और समय पर निदान से लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि कई विकसित देश अपने नागरिकों को मुफ्त सालाना स्वास्थ्य जांच की सुविधा देते हैं, जिसका खर्च सरकार वहन करती है। आप सांसद चड्ढा ने जोर दिया कि स्वास्थ्य सेवाएं केवल अमीरों के लिए नहीं होनी चाहिए; सभी को नियमित जांच की सुविधा मिलनी चाहिए, चाहे वे गरीब हों या अमीर। बात दें कि चड्ढा की यह टिप्पणी तब आई है जब हाल ही में कई युवा और स्वस्थ दिखने वाले लोगों में भी अचानक दिल का दौरा, स्ट्रोक और अन्य गंभीर बीमारियां देखी गई हैं। भारत में हर साल होने वाली 70 प्रतिशत से अधिक मौतें दिल से जुड़ी बीमारी, कैंसर, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर और फेफड़ों की बीमारी जैसी गैर-संचारी बीमारियों के कारण होती हैं। लेकिन नियमित जांच से इन बीमारियों को काफी हद तक रोका जा सकता है। मोदी सरकार ने इस साल की शुरुआत में एक राष्ट्रव्यापी एनसीडी जांच अभियान शुरू किया था। इसका उद्देश्य 30 साल और उससे अधिक उम्र के सभी लोगों की डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, ओरल, ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर जैसे गैर-संचारी रोगों के लिए जांच करना था। यह अभियान आयुष्मान आरोग्य मंदिर और अन्य स्वास्थ्य केंद्रों पर चलाया गया और इसने अपने 89.7 प्रतिशत लक्ष्य को पूरा किया है।

## हज यात्रा को लेकर नई गाइडलाइन... कैंसर, टीबी, लीवर सिरोसिस, हृदय और किडनी रोगी ना करें आवेदन

**-सामाजिक व धार्मिक संगठनों ने केंद्र और हज समिति से अपील**

**जमशेदपुर (एजेंसी)।** हज यात्रा 2026 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू होते ही शहर के जायरीनों में उत्साह दिख रहा है, लेकिन स्वास्थ्य से जुड़ी नई शर्तों ने कई परिवारों की चिंता बढ़ा दी है। खासकर वे लोग जो लंबे समय से कैंसर, टीबी या गुर्दे की गंभीर बीमारी से परेशान हैं और उम्र के अंतिम पड़ाव पर हज जाना चाहते हैं। अब वे इस बार हजयात्रा से वंचित रह सकते हैं। केंद्रीय हज समिति की ओर से जारी दिशा-निर्देश के अनुसार, इस बार हज पर जाने वाले यात्रियों के लिए कुछ नई स्वास्थ्य शर्तें लागू की गई हैं। जिन लोगों को कैंसर, टीबी, लीवर सिरोसिस, हृदय रोग, किडनी (डायलिसिस पर रहने वाले) अथवा अन्य गंभीर बीमारियां हैं, वे हज यात्रा के लिए पात्र नहीं है।

इन शर्तों के मुताबिक, केवल वे जायरीन ही आवेदन करे, जो पूरी तरह स्वस्थ हों और लंबी यात्रा और मौसम की प्रतिकूलता झेल सकें। शहर के कई वरिष्ठ नागरिक जो वर्षों से हज की तैयारी में लगे थे, अब इस पाबंदी से भावुक हो उठे हैं। 68 वर्षीय मो. इमरान ने बताया कि वे कैंसर के इलाज से उबर चुके हैं और अब अपने जीवन के अंतिम वर्षों में हज जाना चाहते हैं। लेकिन नए नियमों के कारण उनका सपना अधूरा रह सकता है। इसी तरह जाकिरनगर की महिला ने कहा कि उनके पति को डायलिसिस पर है, इसके बाद अब हज जाने का सपना टूटता दिख रहा है। बात दें कि इस बार हज आवेदन के साथ मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र भी अनिवार्य किया गया है। सभी आवेदकों को प्रमाणित डॉक्टर से अपनी शारीरिक स्थिति की जांच करानी होगी। साथ ही यह सुनिश्चित करना होगा कि आवेदक किसी गंभीर रोग से ग्रसित न हो। इसके बिना पासपोर्ट सत्यापन और आगे की प्रक्रिया पूरी नहीं की जाएगी।

# अमेरिका ने भारत को सौंपे खतरनाक अपाचे हेलीकॉप्टर, पाक सीमा के पास होगी तैनाती

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय सेना की रक्षा क्षमताओं को और मजबूती मिली है। दरअसल अमेरिका से बोइंग एएच-64ई अपाचे अटैक हेलीकॉप्टरों का पहला जत्था बुधवार को भारत को सौंप दिया है। इन अत्याधुनिक युद्धक हेलीकॉप्टरों को जोधपुर में तैनात किया जाएगा, जो भारतीय सेना की सामरिक शक्ति को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। इस उपलब्धि को रक्षा क्षेत्र में एक 'मील का पत्थर' माना जा रहा है, क्योंकि ये हेलीकॉप्टर सेना को युद्धक्षेत्र में अभूतपूर्व ताकत और सटीकता प्रदान करते है।



रक्षा अधिकारियों ने बताया कि 'बोइंग' ने भारतीय सेना को तीन अपाचे लड़ाकू हेलीकॉप्टर सौंपे। कंपनी ने भारतीय सेना को छह हेलीकॉप्टर की सप्लाई के कॉन्ट्रैक्ट के तहत एएच-64ई अपाचे हेलीकॉप्टर सौंपे। एएच-64 अपाचे दुनिया के सबसे एडवांस बहुउद्देशीय लड़ाकू हेलीकॉप्टरों में से एक है और इन्हें अमेरिकी सेना उड़ाती है। सेना ने पोस्ट में कहा, ''ये अत्याधुनिक हेलीकॉप्टर भारतीय सेना की परिचालन क्षमताओं को काफी मजबूत करेगा। बोइंग ने 2020 में वायुसेना को 22 ई-मॉडल अपाचे की आपूर्ति पूरी की थी और भारतीय सेना के लिए छह एएच-64ई की आपूर्ति के लिए एक कॉन्ट्रैक्ट पर हस्ताक्षर किए थे। भारतीय सेना के अपाचे की आपूर्ति 2024 में शुरू होने वाली थी

बात दें कि बोइंग एएच-64ई अपाचे को दुनिया के सबसे उन्नत हमलावर हेलीकॉप्टर माना जाता है। ये हेलीकॉप्टर अत्याधुनिक तकनीक से लैस हैं। हेलीकॉप्टर में हेलफायर मिसाइलें, रॉकेट और 30 मिमी ऑटोमैटिक तोप शामिल हैं, जो दुश्मन के ठिकानों को सटीकता से नष्ट करने में सक्षम हैं। इतना ही नहीं रात में और प्रतिकूल मौसम में भी ऑपरेशन की क्षमता, जिससे यह हर स्थिति में प्रभावी है। अपाचे की डिजाइन तेज और फुर्तीला बनाती है, जो युद्धक्षेत्र में त्वरित प्रतिक्रिया के लिए आदर्श है।

इन हेलीकॉप्टरों को जोधपुर में तैनात करने का निर्णय सामरिक दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण है। जोधपुर, पश्चिमी सीमा के करीब होने के कारण, एक रणनीतिक स्थान है। यह क्षेत्र भारत-पाकिस्तान सीमा के निकट है, जहां सेना को तेज और प्रभावी प्रतिक्रिया की आवश्यकता होती है। अपाचे हेलीकॉप्टरों की तैनाती से इस क्षेत्र में सेना की ऑपरेशनल क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इन अत्याधुनिक हेलीकॉप्टरों को यूक्रेन की एंटोनोव एयरलाइंस के विशाल एंटोनोव एन-124 रुसलान द्वारा एरिजोना से सीधे भारत के हिंडन एयर बेस पर लाया गया। इस विमान पर बी ब्रेव लाइक बुचा लिखा हुआ था, जो यूक्रेन के बुचा शहर के साहस और प्रतिरोध का प्रतीक है। एंटोनोव एन-124 दुनिया का सबसे बड़ा सैन्य परिवहन विमान है, जो भारी और विशाल कार्गो को लंबी दूरी तक ले जाने में सक्षम है।

## कावंड यात्रा मार्ग पर ढाबा-रेस्तरां पर क्यूआर कोड की अनिवार्यता जारी रहेगी, योगी सरकार को राहत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कावंड यात्रा मार्ग पर ढाबा-रेस्तरां पर क्यूआर कोड की अनिवार्यता जारी रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश पर रोक लगाने से इंकार किया है। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और एनके सिंह की बेंच ने मंगलवार को मामले पर सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट में योगी सरकार के आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि क्यूआर कोड का नियम धार्मिक आधार पर भेदभाव और मुस्लिम समुदाय के आर्थिक बहिष्कार की कोशिश है। इस पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा कि फिलहाल क्यूआर कोड की अनिवार्यता वाले आदेश पर रोक नहीं लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि सभी संबंधित होटल मालिक अपने लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट को वैधानिक आवश्यकताओं के अनुसार प्रदर्शित करें। मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस सुंदरेश ने टिप्पणी की कि यह व्यक्तिगत पसंद का मामला है कि लोग कहां खाना पसंद करते हैं। उन्होंने कहा कि बहुत से लोग हैं जो मांसाहारी भोजन परोसने वाली जगहों पर नहीं खाते हैं, इसलिए यह जानने के लिए कोई संकेत होना चाहिए कि



क्या परोसा जा रहा है। कोर्ट ने कहा कि धार्मिक भावनाएं आहत न हों, लेकिन साथ ही किसी की आजीविका भी प्रभावित न हो और बीच का रास्ता निकालना होगा। वहीं याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए अभिषेक मनु सिंघवी ने पिछले साल के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला दिया, जिसमें राज्य सरकार के इस तरह के फैसले पर रोक लगाई गई थी। उन्होंने तर्क दिया कि इस नए आदेश से पहले सरकार को अदालत से अनुमति लेनी चाहिए थी। फिलहाल, सुप्रीम कोर्ट ने क्यूआर कोड के अन्य विवादित मुद्दों पर विचार नहीं किया है और केवल लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट प्रदर्शित करने के आदेश को ही पारित किया है।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले की जानकारी देकर अधिवक्ता बरुण सिन्हा ने कहा, क्यूआर कोड के मामले में न्यायालय ने मंगलवार को कोई आदेश पारित करने से इंकार किया है। कोर्ट ने सिर्फ मुस्लिम पक्ष द्वारा दायर अंतरिम आवेदन पर अपना फैसला सुनाया। आदेश है कि उन्हें लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट दिखाना होगा।

## एसबीआई कार्ड और फोनपे की रणनीतिक साझेदारी लॉन्च किया गया को-ब्रांडेड 'फोनपे एसबीआई कार्ड'

एजेंसी

**रांची :** भारत के सबसे बड़ी प्योर-प्ले क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता एसबीआई कार्ड ने आज फोनपे के साथ मिलकर फोनपे एसबीआई कार्ड लॉन्च करने की घोषणा की। इस नए को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड का लक्ष्य रोजमर्रा के खर्चों पर एक फायदेमंद अनुभव प्रदान करना है, जिसे पूरे भारत में ग्राहकों की बढ़ती वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है। यह क्रेडिट कार्ड दो वेरिएंट में आता है: फोनपे एसबीआई कार्ड पर्पल और फोनपे एसबीआई कार्ड सेलेक्ट ब्लैक, जो ग्राहकों की विभिन्न प्राथमिकताओं और लाइफस्टाइल खर्चों की जरूरतों को पूरा करते हैं। इसके अतिरिक्त, इस कॉन्टैक्टलेस क्रेडिट कार्ड के दोनों वेरिएंट रूपे और वीजा पेमेंट नेटवर्क पर उपलब्ध हैं, जिससे उपभोक्ताओं





को उनकी जरूरतों के हिसाब से सबसे अच्छा नेटवर्क चुनने का विकल्प मिलता है। रूपे कार्ड को यूपीआई से भी जोड़ा जा सकता है और देश भर में लाखों यूपीआई मर्चेंट्स के साथ लेनदेन के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। वीजा वेरिएंट को फोनपे पर टोकनाइज किया जा सकता है और कई ऑनलाइन मर्चेंट्स के साथ सुरक्षित रूप से इस्तेमाल किया जा सकता है। नए फोनपे रइक कार्ड के साथ, ग्राहक विभिन्न रोजमर्रा के लेनदेन पर रिवॉर्ड पॉइंट अर्जित कर सकते हैं, जिसमें किराना, बिल भुगतान, यात्रा बुकिंग, यूटिलिटी भुगतान, बीमा प्रीमियम भुगतान, और ऑनलाइन व ऑफलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म पर बहुत कुछ शामिल है। फोनपे एसबीआई कार्ड सेलेक्ट ब्लैक कार्डधारक आवश्यक और बार-बार होने वाले फोनपे इन-ऐप लेनदेन पर रिवॉर्ड पॉइंट्स के रूप में 10% तक वैल्यू बैक अर्जित कर सकते हैं। ग्राहक अन्य प्लेटफॉर्म पर अपने सभी ऑनलाइन खर्चों पर रिवॉर्ड पॉइंट्स के रूप में 5% तक वैल्यू बैक भी प्राप्त कर सकते हैं।

# सरकार की तैयारी: वाहन में बच्चे हैं और नियम तोड़ा तो दो गुना लगेगा जुर्माना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यातायात के नियमों को ठेंगा दिखाने वालों पर सरकार शिकंजा कसने जा रही है। इसके लिए सड़क परिवहन मंत्रालय एक नया नियम लाने जा रहा है, जिसके लिए प्रस्ताव रखा गया है। यह नियम उन लोगों के लिए है जो बच्चों के साथ गाड़ी चलाते हैं। अगर ऐसे लोग ट्रैफिक नियम तोड़ते हैं, तो उन पर औरों से ज्यादा जुर्माना लगेगा। सरकार ड्राइवरों के लिए एक मेरिट और डिमेरिट (पॉजिटिव और नेगेटिव) पॉइंट सिस्टम भी शुरू करेगी। मतलब ट्रैफिक नियमों का पालन करने वालों को इनाम और अनदेखी करने वालों को सजा मिलेगी।

इस प्रस्ताव पर एक रोड सेफ्टी एक्सपर्ट का कहना है कि आज भी ट्रैफिक पुलिस सिर्फ कुछ ही अपराधों के लिए चालान काटती है, जैसे कि तेज गति, शराब पीकर गाड़ी चलाना, लाल बत्ती जंप करना, फोन का इस्तेमाल करना और सीट बेल्ट या हेलमेट न पहनना। जबकि मोटर व्हीकल एक्टमें 100 से ज्यादा अपराध शामिल हैं। नए नियम के तहत मेरिट और डिमेरिट पॉइंट सिस्टम में सरकार एक सीमा तय करेगी। अगर किसी ड्राइवर के नेगेटिव पॉइंट उस सीमा से ज्यादा हो जाते हैं, तो उसका ड्राइविंग लाइसेंस रद्द भी हो सकता है। इसका मतलब है कि अगर आप बार-बार ट्रैफिक नियम तोड़ते हैं, तो आपका लाइसेंस रद्द हो सकता है। यह एक गंभीर सजा है। प्रस्तावित बदलावों में यह भी शामिल है कि अगर किसी ड्राइवर लाइसेंस शख्स ने ट्रैफिक नियम तोड़े हैं, तो उसे लाइसेंस रिन्यू कराने से पहले ड्राइविंग टेस्ट देना होगा। यह नियम उन लोगों पर लागू होगा जिनके लाइसेंस की अवधि खत्म होने वाली है। इसका मतलब है कि अगर आपने पहले गलती की है, तो आपको दोबारा साबित करना होगा कि आप सुरक्षित गाड़ी चला सकते हैं।

मंत्रालय, मोटर वाहन अधिनियम में बदलाव करने की सोच रहा है, इसका मकसद सड़कों को सुरक्षित बनाना है। सरकार ने यह फैसला इसलिए लिया है क्योंकि लोग बच्चों के साथ गाड़ी चलाते समय नियमों का ध्यान नहीं रखते। स्कूल बसें भी अक्सर नियम तोड़ती हैं। जुर्माना बढ़ने से लोग डरेंगे और नियमों का पालन करेंगे। इससे सड़क दुर्घटनाएं कम होंगी। हालांकि, कुछ लोगों का मानना है कि सिर्फ नियम बनाने से कुछ नहीं होगा। अगर नियमों को ठीक से लागू नहीं किया गया, तो यह भ्रष्टाचार का एक और तरीका बन सकता है। मंत्रालय ने इंश्योरेंस प्रीमियम को भी ड्राइवरों के व्यवहार से जोड़ने का प्रस्ताव रखा है। इसका मतलब है, जो ड्राइवर अच्छे से गाड़ी चलाएंगे, उन्हें इंश्योरेंस प्रीमियम में छूट मिल सकती है। यह एक अच्छा प्रोत्साहन है, जो लोग सुरक्षित गाड़ी चलाते हैं, उन्हें इसका फायदा मिलेगा। इन सभी बदलावों का मकसद यही है कि लोग ट्रैफिक नियमों का पालन करें और सड़कें सुरक्षित रहें। सरकार चाहती है कि लोग अपनी जिम्मेदारी समझें और दूसरों की जान की परवाह करें। सड़क सुरक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है। हालांकि कुछ एक्सपर्ट ने सवाल खड़ा किया है कि नए प्रस्ताव के तहत कैमरे कैसे पहचानेंगे कि कार की पिछली सीट पर कोई नाबालिग बैठा है या नहीं? और क्या पुलिस वाले गाड़ियों को



रोककर अंदर बैठे लोगों की उम्र चेक करेंगे? कानून बनाते समय हम पूरे भारत के बारे में नहीं सोचते, बल्कि सिर्फ दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और बड़े शहरों के बारे में सोचते हैं। इसका मतलब है कि नियम बनाना आसान है, लेकिन उन्हें लागू करना मुश्किल है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** ( *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**